3 राजधानी
एम्स मरीजों के लिए बनाया आश्रय स्थल

6 अभिमत
मेनका बिन वरुण पर कयास एकाकी व अपूर्ण

11 राष्ट्रीय
मनप्रीत बादल हुए भाजपा में शामिल

12 स्पोर्ट्स
महिला हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 7-0 से हराया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 76
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 19 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



भारत व मालदीव पर क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा की साझा जिम्मेदारी

विदेश-10

# खिलाड़ियों के कुश्ती फेडरेशन अध्यक्ष पर गंभीर आरोप



ब्रजभूषण सिंह की फाइल फोटो



नई दिल्ली में भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष के विरुद्ध धरने पर बैठे कुश्ती खिलाड़ी

## ● खेल मंत्रालय ने आरोपों पर संज्ञान लेते हुए डब्ल्यूएफआई से स्पष्टीकरण मांगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विनेश** फोगाट ने एक चौंकाने वाले खुलासे में बुधवार को रोते हुए आरोप लगाया कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह कई वर्षों से महिला पहलवानों का यौन शोषण कर रहे हैं लेकिन इस खेल के प्रशासक और भारतीय जनता पार्टी के सांसद ने इन आरोपों को खारिज किया।

विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता और ओलंपियन विनेश ने यह भी दावा किया कि लखनऊमें राष्ट्रीय शिविर में कई कोच ने भी महिला पहलवानों का शोषण किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिविर में कुछ महिलाएं हैं जो डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के कहने पर पहलवानों से संपर्क करती हैं। इस 28 साल की पहलवान ने हालांकि स्पष्ट किया कि उन्होंने खुद इस तरह के शोषण का सामना नहीं किया है।

विनेश इतनी परेशान थी कि उसने तीन महीने पहले तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। देश के शीर्ष पहलवानों में शामिल बजरंग पूनिया ने कहा, हम गृह मंत्री से मिले थे और उन्होंने हमें आश्वासन दिया था कि आपको न्याय मिलेगा। विनेश ने दावा किया कि उन्हें डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के इशारे पर उनके करीबी अधिकारियों से जान से मारने की धमकी मिली थी, क्योंकि उन्होंने तोक्यो ओलंपिक खेलों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान उनका ध्यान इन मुद्दों पर आकर्षित करने का हिम्मत दिखाई थी।

यहां के जंतर मंतर पर चार घंटे से अधिक समय तक धरने पर बैठने के बाद विनेश ने कहा, मैं कम से कम 10-20 महिला पहलवानों को जानती हूं जिन्होंने मुझे डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष से हुए यौन शोषण के बारे में बताया है। उन्होंने मुझे अपनी आपबीती सुनाई। मैं अभी उनका नाम नहीं ले सकती लेकिन अगर हम देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से मिलें तो मैं नामों का खुलासा जरूर कर सकती हूं। उन्होंने कहा, मुझे उन लोगों से जान से मारने की धमकी मिली है जो डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के करीबी हैं। अगर यहां बैठे हममें से किसी को कुछ होता है, तो केवल डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ही जिम्मेदार होंगे। विनेश के साथ बैठे तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग ने सिंह को तानाशाह करार (शेष पेज 8)

## ब्रजभूषण सिंह ने सभी आरोपों को खारिज किया

**डब्ल्यूएफआई** प्रमुख और उप्र के कैसरगंज से बीजेपी सांसद ब्रजभूषण सिंह ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को खारिज करते हुए अपना पद छोड़ने से इनकार कर दिया। इस 66 साल के खेल प्रशासक ने कहा, किसी भी आरोप में कोई सच्चाई नहीं है। मैं अपना पद क्यों छोड़ूं? अगर एक भी महिला पहलवान के यौन उत्पीड़न का आरोप सही साबित होता है तो मैं फांसी पर चढ़ने को तैयार हूं। इसके (साजिश) पीछे एक उद्योगपति है। उन्होंने कहा, इस मामले में सीबीआई या पुलिस की जांच हो सकती है। कोई तानाशाही नहीं है। ये वही पहलवान है जो एक हफ्ते पहले मुझसे मिले थे और तब कुछ भी ऐसा नहीं कहा था। विनेश को उनके किसी करीबी से जाने से मारने की धमकी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, विनेश ने उस समय मुझसे बात क्यों नहीं की या पुलिस से संपर्क क्यों नहीं किया? वह प्रधानमंत्री या खेल मंत्री से क्यों नहीं मिलीं? अब ऐसा क्यों कह रही है। डब्ल्यूएफआई प्रमुख ने संकेत दिया कि (शेष पेज 8)

## धाविका दुती चंद प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन की दोषी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** की नंबर एक फर्राटा धाविका दुती चंद टूर्नामेंट से बाहर हुए टेस्ट में प्रतिबंधित अनाबॉलिक स्टेरॉयड के सेवन की दोषी पाई गई हैं और उन पर अस्थाई निलंबन लगा दिया गया है। दुती की जांच रिपोर्ट की एक प्रति पीटीआई के पास है, इसके मुताबिक इस धाविका के नमूने में एसएआरएमएस (सेंलेक्टिव एंड्रोजन रिसेप्टर मॉड्यूलेटर) के अंश मिले हैं। इसका इस्तेमाल आमतौर पर मांसपेशियों के द्रव्यमान और ताकत बढ़ाने के लिए किया जाता है। यह शरीर में वसा को कम करता है और सहनशक्ति बढ़ता है। एशियाई खेल 2018 में सौ और दो सौ मीटर दौड़ में दूसरे स्थान पर रही दुती सौ मीटर में मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन है। राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया, दुती चंद को एंडराइन, ओस्ट्राइन (शेष पेज 8)

# त्रिपुरा में 16, मेघालय-नगालैंड में 27 फरवरी को होगा मतदान



## ● लोकसभा चुनाव से पूर्व इस साल 9 राज्यों में होने वाले चुनावों के पहले चरण का ऐलान, तीनों राज्यों में 2 मार्च को होगी वोटों की गिनती

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अगले** साल होने वाले लोकसभा चुनाव के सेमीफाइनल के तौर पर देखे जा रहे नौ राज्यों में विधानसभा चुनावों का पहला चरण पूर्वोत्तर से शुरू हो रहा है। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा कर दी। इसके तहत त्रिपुरा में 16 फरवरी, जबकि मेघालय और नगालैंड में एक ही दिन 27 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि तीनों राज्यों में मतगणना दो मार्च को होगी। पूर्वोत्तर की तीनों विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 12, 15 और 22 मार्च को समाप्त हो रहा है। तीनों राज्यों की विधानसभाओं में 60-60 (शेष पेज 8)

## त्रिपुरा में कांग्रेस और भाजपा समर्थकों में झड़प

**गुवाहाटी।** त्रिपुरा में चुनाव की घोषणा के बीच बुधवार को कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प में कई लोग घायल हो गए। त्रिपुरा के मजलिसपुर निर्वाचन सीट के रानिरबाजार मोहनपुर क्षेत्र में यह झड़प निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के महज आधे घंटे बाद हुई। घायलों में कांग्रेस नेता डॉ. अजय कुमार भी हैं। कांग्रेस विधायक सुदीप राय बर्मन ने दावा किया कि घायल कई पार्टी कार्यकर्ता अभी भी रानिरबाजार पुलिस स्टेशन में है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी के चलते इन्हें अस्पताल नहीं भेजा जा सका है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एक मंत्री, विपक्ष पर हमले का नेतृत्व कर रहे थे. राय बर्मन ने मांग की कि निर्वाचन आयोग, मजलिसपुर सहित पांच विधानसभा सीटों पर अलग से चुनाव कराए. गौरतलब है कि त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव 16 फरवरी को होंगे जबकि वोटों की गिनती दो मार्च को होगी।

## लक्षद्वीप लोकसभा व छह विस सीटों पर 27 को उपचुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**निर्वाचन** आयोग ने बुधवार को लक्षद्वीप लोकसभा और पांच राज्यों की छह विधानसभा सीटों पर 27 फरवरी को उपचुनाव कराए जाने की घोषणा की। उपचुनाव की मतगणना भी पूर्वोत्तर के तीनों राज्यों के साथ दो मार्च को होगी। केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप लोकसभा सीट हत्या के प्रयास के एक मामले में हाल में दोषी ठहराए गए वहां के सांसद मोहम्मद फैजल को अयोग्य करार दिए जाने से खाली हुई है। हत्या के प्रयास के मामल में फैजल को सजा हो चुकी है। इसके बाद उन्हें भारत के संविधान के अनुच्छेद 102 (1) (ई) के प्रावधानों तथा जनप्रतिनिधि कानून, 1951 की धारा आठ के तहत लोकसभा की (शेष पेज 8)

# आप विधायक ने सदन में लहराईं नोटों की गड्डियां

## ● रिठाला से विधायक मोहिंदर गोयल ने कहा- अंबेडकर अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ की नियुक्ति में चल रहा भ्रष्टाचार, उन्हें की गई रिश्वत की पेशकश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** विधानसभा में आम आदमी पार्टी के विधायक महेंद्र गोयल ने बुधवार को रिश्वत में मिली नोटों की गड्डी दिखाई और बताया कि दिल्ली सरकार के रोहिणी स्थित अंबेडकर अस्पताल में ठेके पर कर्मचारियों को नौकरी देने के मामले में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है और यह कर्मचारी लोगों का इलाज करने के दौरान रिश्वत मांगते हैं।

उन्होंने इस संबंध में जब कई जगह शिकायत की तो संबंधित कंपनी ने उनको चुप रहने के लिए रिश्वत देने की पेशकश की। उन्होंने बताया कि इस मामले का खुलासा करने के लिए उन्होंने कंपनी के साथ बातचीत की और उसने उन्हें कुछ रुपए रिश्वत के तौर पर दिए। इस बारे में उन्होंने उपराज्यपाल, पुलिस आयुक्त और भ्रष्टाचार निरोधक शाखा समेत अन्य जगह शिकायत की मगर उनकी शिकायत पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, इसलिए वह ये मुद्दा सदन में उठा रहे हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने उनके इस मामले की गंभीरता को देखते हुए विधानसभा की कमेटी के पास जांच के लिए भेजा दिया है। महेंद्र गोयल ने विधानसभा में कहा, उनके विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली सरकार का बाबा साहब अंबेडकर अस्पताल है, जिसमें नर्सिंग अर्दली के लिए नया टेंडर निकला है। सरकार की तरफ से नियम है कि 80 प्रतिशत पुराने कर्मचारी रखने हैं। लेकिन जो भी टेंडर लेते हैं वो कर्मचारी रखने के नाम पर 30-40 हजार रुपये लेते हैं। ये जनता के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ है। यह कर्मचारी दवा, पर्ची, टेस्ट के नाम पर पैसे उगाही का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में भर्ती घोटाले की (शेष पेज 8)

# केसीआर के नेतृत्व में बन रहा गैर-कांग्रेसी मोर्चा

## ● लोकसभा चुनाव में भाजपा से लड़ने को तेलंगाना के खम्माम में केसीआर के साथ मंच पर आए केजरीवाल, अखिलेश, डी राजा और विजयन

## ● झामुमो नेता सोरेन, ममता बनर्जी और नीतीश की अनुपस्थिति ने खड़े किए कई सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**अगले** साल होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लिए गैर-कांग्रेसी मोर्चा अब आकार लेता दिख रहा है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने खम्माम में बुधवार को आयोजित रैली में कांग्रेस के साथ चलने में असहज दिख रहे विपक्षी दलों को जुटाकर तस्वीर काफी हद तक साफ कर दी।

राव ने मोदी सरकार के विकल्प के तौर पर अपनी पुनर्गठित पार्टी बीआरएस को सामने रख संकेत दे दिया कि वह केंद्र में अलग तेवर वाली गैर-भाजपा, गैर-कांग्रेस सरकार की योजना पर आगे बढ़ रहे हैं। खम्माम में राव के साथ मंच पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, आम आदमी पाटी के संयोजक और दिली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, सीपीआईएम नेता और केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन एवं सीपीआई नेता डी राजा जैसे दिग्गज मौजूद थे।

ये वे नेता हैं, जो राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा से भरसक दूरी बनाते दिखे और जिनकी कांग्रेस से दूरी बनाने की अपनी-अपनी रणनीति और राजनीतिक मजबूरी है। सपा मुखिया अखिलेश (शेष पेज 8)

## सांस्कृतिक संदर्भ में तमिलनाडु के लिए तमिझगम का हवाला दिया: आरएन रवि

**भाषा।** चेन्नई

**तमिलनाडु** के राज्यपाल आर. एन. रवि ने बुधवार को कहा कि उन्होंने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संदर्भ में राज्य को तमिझगम कहा और इसे तमिलनाडु का नाम बदलने के सुझाव के रूप में लेना गलत है। रवि ने कहा कि चार जनवरी, 2023 को राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में काशी तमिल संगमम के कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने के लिए दोनों स्थानों के बीच ऐतिहासिक सांस्कृतिक जुड़ाव पर चर्चा करते हुए उन्होंने तमिझगम शब्द का उल्लेख किया था। रवि ने राजभवन द्वारा जारी एक प्रेस नोट में कहा, उन दिनों, कोई तमिलनाडु नहीं था। इसलिए ऐतिहासिक, सांस्कृतिक संदर्भ में मैंने तमिझगम शब्द को अधिक उपयुक्त अभिव्यक्ति के रूप में संदर्भित किया। रवि ने कहा, यह धारणा या अनुमान कि यह तमिलनाडु का नाम बदलने का सुझाव था, गलत और संदर्भ से परे है। मेरे भाषण के आधार को समझे बिना, यह तर्क दिया गया कि राज्यपाल तमिलनाडु (शेष पेज 8)

# सांसद सूर्या ने खोला था विमान का आपात द्वार, मांग ली माफी

## ● केंद्रीय उड्डयन मंत्री सिंधिया ने किया स्वीकार, भाजपा सांसद ने स्वयं इस घटना की दी थी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**नागरिक** उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को स्वीकार किया कि पिछले महीने इंडिगो के एक विमान का आपात दरवाजा भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने ही खोला था। सिंधिया ने कहा कि सूर्या ने इस संबंध में स्वयं उन्हें जानकारी दी थी और गलती से हुई घटना के लिए माफी भी मांगी।

पिछले साल 10 दिसंबर को चेन्नई हवाई अड्डे पर हुई इस घटना को लेकर बेंगलुरु दक्षिण से भाजपा सांसद सूर्या को कांग्रेस की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। विमानन कंपनी इंडिगो ने मंगलवार को कहा था कि एक यात्री ने पिछले महीने चेन्नई में विमान पर सवार होने के बाद उसका आपात दरवाजा गलती से खोल दिया था। उस समय विमान हवाई अड्डे पर था और तिरुचिरापल्ली के लिए उड़ान भरने से पहले अनिवार्य इंजीनियरिंग जांच की प्रक्रिया अपनाई गई थी।

इंडिगो ने मंगलवार को यहां जारी बयान में कहा था कि एक यात्री 10 दिसंबर 2022 को फ्लाइट संख्या 6ई-7339 में चेन्नई से तिरुचिरापल्ली की यात्रा कर रहा था और विमान में सवार होने के दौरान उसने गलती से आपात दरवाजा खोल दिया था। कंपनी ने बयान में यह भी कहा था कि यात्री ने तत्काल अपने कृत्य के लिए माफी मांगी। मानक (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,045 | ↑ 390 |
| निफ्टी | 18,165 | ↑ 112 |
| सोना | 56,526 | ↓ 105 /10g |
| चांदी | 69,694 | ↑ 52 /kg |

## क्विक न्यूज

### हेलीकॉप्टर दुर्घटना में यूक्रेन के गृह मंत्री समेत शीर्ष अधिकारियों की मौत

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव के पास एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से देश के गृह मंत्री, अधिकारियों और तीन बच्चों सहित कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन के प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन 11 महीने से अधिक समय से रूस के आक्रमण का सामना कर रहा है। यूक्रेनी पुलिस एवं अन्य आपात सेवाओं के प्रभारी मोनास्टिर्स्की इस दौरान जान गंवाने वाले सबसे वरिष्ठ मंत्री हैं। इस घटना से मात्र चार दिन पहले रूस ने दक्षिण पूर्वी यूक्रेन मे एक रिहायशी इमारत पर मिसाइल हमला किया था, जिसमें छह बच्चों समेत 45 लोगों की मौत हो गई थी। अभी तक यह स्पष्ट नही है कि यह घटना हादसा है या रूस की तरफ से किए गए किसी हमले का परिणाम। (विस्तृत पेज 10 पर)

# सिमी के मंसूबे सफल नहीं होने दे सकते:केंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि भारत में इस्लामिक शासन स्थापित करने के सिमी के मंसूबों को कामयाब नहीं होने दे सकते। साथ ही केंद्र ने कहा कि प्रतिबंधित संगठन के कार्यकर्ता अब भी विघटनकारी गतिविधियों में संलिप्त हैं जो देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को खतरे में डालने में सक्षम हैं। स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर लगाए गए प्रतिबंध के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही शीर्ष अदालत में दाखिल जवाबी हलफनामे में केंद्र ने कहा है कि संगठन के कार्यकर्ता अपने सहयोगियों के साथ नियमित संपर्क में हैं और अन्य देशों में स्थित आका तथा उनके कार्य भारत में शांति व सांप्रदायिक सद्भाव को बाधित कर सकते हैं। गृह मंत्रालय के अवर सचिव द्वारा दायर हलफनामे में कहा गया है, उनके (सिमी) घोषित उद्देश्य हमारे देश के कानूनों के विपरीत हैं। विशेष रूप से भारत में इस्लामिक शासन स्थापित करने के उनके मंसूबों को किसी भी परिस्थिति में सफल नहीं होने दिया जा सकता।

न्यायमूर्ति एस के कौल, न्यायमूर्ति ए एस ओका और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ के समक्ष बुधवार को मामले पर सुनवाई हुई। केंद्र की ओर से पेश अधिवक्ता रजत नायर ने पीठ को बताया कि उन्होंने मामले में दायर याचिकाओं में से एक पर जवाबी हलफनामा दाखिल किया है। उन्होंने कहा कि सिमी पर प्रतिबंध जारी है और याचिकाओं में प्रतिबंध लगाए जाने और बाद में बढ़ाए जाने को चुनौती दी गई है। कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने कहा कि वे केंद्र द्वारा दायर जवाबी हलफनामे (शेष पेज 8)

# शुभमन गिल के शानदार दोहरे शतक से न्यूजीलैंड हारा

**पायनियर समाचार सेवा।** हैदराबाद

## ● भारत ने श्रृंखला में विरोधी टीम पर 1-0 से बढ़त बनाई

**शुभमन** गिल (208 रन) ने दोहरा शतक जड़ने के साथ ही सलामी बल्लेबाज के स्थान के लिए चल रही बहस को शांत कर दिया जिसके बाद भारत ने बुधवार को यहां माइकल ब्रेसवेल की तेज तर्रार पारी से उबरते हुए वनडे श्रृंखला के आरंभिक मैच में न्यूजीलैंड पर 12 रन से जीत दर्ज की। गिल की 19 चौके और नौ छक्के जड़ित 149 गेंद की पारी की बदौलत भारत ने आठ विकेट पर 349 रन बनाए। गिल पूरी पारी के दौरान क्रीज पर डटे रहे लेकिन उन्हें दूसरे छोर पर समर्थन नहीं मिला।

कप्तान रोहित शर्मा ने 38 गेंद में 34 रन बनाए जो पारी के दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रहे। इस बड़े लक्ष्य का पीछा कर रही न्यूजीलैंड की टीम ने 131 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे लेकिन ब्रेसवेल (78 गेंद में 140 रन) ने शानदार शतक जड़कर अपनी टीम को मैच में वापसी कराई। ब्रेसवेल ने मिचेल सैंटनर (45 गेंद में 57 रन) के साथ 102 गेंद में 162 रन की भागीदारी निभाई जो न्यूजीलैंड के लिए वनडे में सातवें विकेट की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है जिसने भारतीय खिलाड़ियों के साथ दर्शकों की धड़कनें भी बढ़ा दी थीं। घरेलू दर्शकों के सामने खेल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (46 रन देकर चार विकेट) ने मैच विजई प्रदर्शन किया और न्यूजीलैंड की टीम 337 रन ही बना सकी। भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और 23 साल के गिल वनडे इतिहास में दोहरा शतक जड़ने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए। इस तरह उन्होंने ईशान किशन के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया जिन्हें पिछले महीने बांग्लादेश में दोहरा शतक लगाने के बावजूद विवादास्पद तरीके से श्रीलंका वनडे श्रृंखला से बाहर कर



हैदराबाद में न्यूजीलैंड के विरुद्ध दोहरा शतक लगाने के बाद उत्साहित शुभमन गिल

दिया गया था। अंडर-19 विश्व कप 2018 में अपनी प्रतिभा दिखाने के बाद गिल को भारतीय क्रिकेट में अगला स्टार माना जा रहा है।

उन्होंने अपनी पारी के छह छक्के 150 रन पूरे करने के बाद जड़े। यह उनकी लगातार दूसरी तीन अंक वाली पारी रही। भारत के सलामी बल्लेबाजों और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों के बीच अच्छा मुकाबला देखने को मिला जिसमें मेजबान टीम ने पहले 10 ओवर में बिना विकेट गंवाए 52 रन बना लिए थे। लॉकी फर्ग्यूसन एक छोर से काफी तेज रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे थे और उनके और पारी के चौथे ओवर में भाग्यशाली रहे जब वह पुल शॉट को टाइम नहीं कर सके। लेकिन इसके बाद गिल ने उनके अगले ओवर में शानदार कवर ड्राइव शॉट लगाया। रोहित ने हेनरी शिपले (74 रन देकर दो विकेट) पर दो छक्के जमाए, वह अच्छी लय में थे और बड़ी पारी खेलने की ओर बढ़ रहे थे लेकिन 13वें ओवर में ब्लेयर टिकनर की गेंद को उठाकर मिड ऑन पर कैच आउट हुए। उनका कैच मिचेल सैंटनर ने लपका।

आमतौर पर जब विकेट गिरता है तो भारतीय दर्शक शांत हो जाते हैं लेकिन रोहित के आउट होने के बाद खेल प्रशंसकों ने सुपरस्टार विराट कोहली का स्वागत तालियों की तेज गड़गड़ाहट से किया। पिछली चार पारियों में तीन शतक जड़ने वाले कोहली (08 रन) ने एक शानदार कवर ड्राइव शॉट लगाया, पर बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सैंटनर की खूबसूरत गेंद पर बोल्ड हो गए। गेंद ऑफ स्टंप की ओर पिच होकर उनकी गिल्लियां उड़ा गई जिससे कोहली चकमा खा गए। श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में टीम में शामिल नहीं किए गए ईशान किशन को (शेष पेज 8)

# ऑटो एक्सपो में पेश हुए 82 वाहन बाइक से लेकर एसयूवी तक क्रेज

**● मेले का समापन, पांच दिन में 6 लाख 36 हजार 743 लोगों ने शिरकत की**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ऑटो एक्सपो 2023 का बुधवार को आखिरी दिन समापन हो गया 5 दिन चले इस मेले मैं 6 लाख 36 हजार 743 लोगों ने शिरकत की। 2020 के बाद हुए इस एक्सपो में कई तरह के वाहनों को पेश और लॉन्च किया गया। 11 से 18 जनवरी के बीच कुल 82 वाहनों को पेश किया गया।

ऑटो एक्सपो 2023 में पहले दो दिन में ही वाहन निर्माताओं की ओर से अपने वाहनों को पेश और लॉन्च किया था। इस दौरान कुल 82 वाहनों को लॉन्च और पेश किया गया। पहले दिन 59 वाहन और दूसरे दिन 23 वाहनों को लॉन्च और पेश किया गया। इसके अलावा कंपनियों की ओर से भारतीय बाजार में मिल रहे अन्य उत्पादों को भी ऑटो एक्सपो 2023 में प्रदर्शित किया।

मारुति सुजुकी की ओर से ऑटो एक्सपो 2023 में तीन एसयूवी को शोकेस किया गया। इनमें से दो एसयूवी को कंपनी ने भारतीय बाजार में लॉन्च भी किया। मारुति की ओर से इलेक्ट्रिक कॉन्सेप्ट एसयूवी ईवीएक्स को शोकेस किया गया जबकि जिम्नी और फ्रॉन्क्स एसयूवी को लॉन्च किया गया। ऑटो एक्सपो में टाटा मोटर्स की ओर से हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक, आईसीई और सीएनजी की कारों को शोकेस किया गया। कंपनी ने इलेक्ट्रिक कॉन्सेप्ट कार अविन्या को पेश किया। 90 के दौर में मिलने वाली एसयूवी सिएरा का इलेक्ट्रिक अवतार भी कंपनी ने ऑटो एक्सपो में दिखाया। इसके साथ ही हैरियर का इलेक्ट्रिक अवतार भी एक्सपो में देखने को मिला।

टाटा की ओर से मिड साइज एसयूवी सेगमेंट में कर्व को भी शोकेस किया गया। पंच और अल्ट्रोज को ड्यूल सीएनजी सिलेंडर तकनीक के साथ पेश किया गया। ब्रिटिश कार कंपनी एमजी की ओर से भी ऑटो एक्सपो 2023 में कई वाहनों को पेश किया गया। कंपनी ने अपडेट के साथ नई हैक्टर को लॉन्च किया। इसके अलावा कंपनी ने एमजी4 इलेक्ट्रिक को पेश किया। कंपनी की ओर से हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक वाली एमपीवी ईयूनिक7 को भी ऑटो एक्सपो के दौरान शोकेस किया गया। जापानी लग्जरी कार बनाने वाली कंपनी लेक्सस की ओर से भी ऑटो एक्सपो में कई वाहनों को प्रदर्शित किया गया। इन वाहनों में से कई इलेक्ट्रिक वाहन रहे। वहीं कंपनी ने एक्सपो में मिड साइज लग्जरी एसयूवी आरएक्स को पेश किया। कंपनी इस एसयूवी को कुछ समय बाद लॉन्च कर सकती है। फिलहाल इसके लिए बुकिंग्स को शुरु कर दिया गया है। साउथ कोरियाई कार कंपनी ह्यूंदै की ओर से भी ऑटो एक्सपो 2023 में इलेक्ट्रिक आयोनिक-5 को लॉन्च किया गया।

कंपनी की ओर से इसे 44.95 लाख की कीमत पर पेश किया गया। लॉन्चिंग के दौरान बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान भी मौजूद रहे। कंपनी की ओर से एक्सपो में अन्य कारों को भी शोकेस किया गया है।

ह्यूंदै की तरह ही किआ की ओर से भी ऑटो एक्सपो में कई कारों की झलक दिखाई गई। कंपनी ने एक्सपो के दौरान इलेक्ट्रिक कॉन्सेप्ट एसयूवी ईवी9 और केए4 को दिखाया। इन उत्पादों में कई बेहतरीन फीचर्स के साथ ही सुरक्षा के भी खास इंतजाम किए गए हैं।



## सेना के लिए बनाई 'वीर' का आकर्षण

*भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी प्रावेग ने ऑटो एक्सपो को सेना के नाम किया। कंपनी की ओर से ऑटो एक्सपो 2023 में सेना के लिए खासतौर पर बनाई जा रही वीर को शोकेस किया। कंपनी के मुताबिक यह सेना की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ही डिजाइन की गई है। इस इलेक्ट्रिक कॉन्सेप्ट एसयूवी को 900 मिलीमीटर गहरे पानी से भी निकाला जा सकता है और इसे जरूरत पड़ने पर एयरड्रॉप भी किया जा सकता है। इलेक्ट्रिक बाइक बनाने वाले स्टार्टअप अल्ट्रावॉयलेट की ओर से एक्सपो में कॉन्सेप्ट एफ99 को शोकेस किया गया। कंपनी ने यह बाइक मुख्य तौर पर रेसिंग के लिए बनाई है लेकिन आने वाले समय में इसका प्रोडक्शन वर्जन भी लाया जा सकता है।*

# 150 की गति से दौड़ी देश की पहली रैपिड रेल

## दुहाई डिपो से गाजियाबाद के बीच हुआ हाईस्पीड ट्रायल रन, इस साल मार्च से होगी शुरू

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

देश की पहली रीजनल रैपिड रेल पहली बार 150 उची की रफ्तार से दौड़ी। गाजियाबाद से दुहाई स्टेशन के बीच इतनी तेज स्पीड पर इसका पहली बार ट्रायल हुआ। इससे पहले ये ट्रेन 25 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड पर चलाई गई थी। हालांकि एनसीआरटीसी का कहना है कि इसके फ इनल ट्रायल रन की डेट जल्द घोषित की जाएगी।

एनसीआरटीसी प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया, पहले फेज में साहिबाबाद से दुहाई डिपो के बीच 17 किलोमीटर लंबाई रैपिड ट्रेन का संचालन मार्च.2023 में होना है। ट्रायल रन की सारी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो स्टेशन ट्रायल रन के लिए बनकर तैयार हो चुके हैं और इनकी फि नशिंग हो रही है।



गुजरात के सांवली स्थित एलस्टॉम कंपनी के प्लांट में रैपिड रेल के कोच तैयार हो रहे हैं। अब तक चार ट्रेन सेट गाजियाबाद के दुहाई स्थित रैपिड रेल के डिपो में आ चुके हैं।

यहां पर इन ट्रेन सेट के सभी पाट्र्स की अलग.अलग जांच चल रही है। मसलन, सब सिस्टम, रोलिंग स्टॉक, ओएचई, ट्रैक, टेलिकॉम, सिग्नलिंग लेवल पर जांच जारी है। रैपिड रेल चलाने के लिए 25 केवी की क्षमता पर ओएचई वायर में करंट छोड़ा गया है। इसका पहला परीक्षण 3 जनवरी को हुआ था, जिसमें रैपिड रेल स्पीड पर दौड़ाई गई थी। अब 17 जनवरी को ये रेल 150 किलोमीटर प्रतिघंटे की स्पीड से दौड़ाई गई। इसे दुहाई डिपो से गाजियाबाद स्टेशन के बीच चलाया गया। इस परियोजना में लगे सभी इंजीनियरों के लिए ये पहला अनुभव था, जब रैपिड रेल इतनी तेज गति पर दौड़ाई गई। बता दें कि रैपिड रेल की अधिकतम स्पीड 180 किलोमीटर प्रतिघंटे की है। 82 किमी लंबे रूट पर 2890 पिलर बनने हैं, इसमें 41 किलोमीटर ट्रैक पर 1700 पिलर बन चुके हैं। करीब 14 हजार मजदूर और 1100 इंजीनियर दिन-रात इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं।

पहला स्टेशन दिल्ली में सराय काले खां और आखिरी स्टेशन मेरठ का मोदीपुरम डिपो होगा। इस पूरे रूट पर कुल 25 स्टेशन होंगे। वहीं काले खां से मेरठ तक 70 किमी लंबे एलिवेटिड कॉरिडोर पर हर दो स्टेशनों के बीच 16 इमरजेंसी गेट तैयार किए जाएंगे।

### भैंसाली से मेट्रो प्लाजा तक बन रही सुरंग

*दूसरी सुरंग का कार्य भैंसाली से मेट्रो प्लाजा तक चल रहा है। इसका कार्य भी जल्द ही पूरा हो जाएगा। इसकी मशीन अभी फैज ए आम इंटर कालेज तक पहुंच चुकी है। जुड़वा सुरंगें तीन हिस्सों में इसलिए बनाई जा रही हैं, क्योंकि तीन स्टेशन भूमिगत हैं। वर्तमान में तीन टनल बारिंग मशीनें सुदर्शन खोदाई व निर्माण में जुटी हैं। स्टेशन वाले हिस्से का निर्माण सुरंग खोदने वाली मशीन से नहीं बल्कि कट एवं कवर विधि से होता है। दिल्ली स्कूल ऑफइकोनॉमिक्स के अनुसार रैपिड ट्रेन से दिल्ली-मेरठ रूट पर डेली चलने वाले 1 लाख वाहनों का दबाव कम होगा।*

## प्रधानाचार्य से मारपीट के आरोप में दो गिरफ्तार

**नोएडा।** जिले में थाना सेक्टर 24 क्षेत्र के सेक्टर 22 स्थित गांधी स्मारक स्कूल के प्रधानाचार्य के साथ मारपीट के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि प्रधानाचार्य हेमेंद्र कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, कि स्कूल के लिपिक सुशील कुमार तथा सहायक रविंद्र ने उनके साथ मारपीट की तथा उन्हें अपशब्द कहे। सिंह के अनुसार, शिकायत में प्रधानाचार्य ने कहा कि मारपीट के दौरान उन्हें सिर में चोट आई।

उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

# धर्म पूछकर बुजुर्ग से मारपीट करने के मामले में अब क्राइम ब्रांच करेगी जांच

**● सुप्रीम कोर्ट का नोटिस मिलने के बाद दर्ज किया गया केस**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

धर्म पूछकर एक बुजुर्ग से मारपीट करने के मामले की जांच गौतम बुद्ध नगर पुलिस आयुक्तालय की अपराध शाखा करेगी। सुप्रीम कोर्ट से नोटिस मिलने के बाद इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है।

करीब डेढ़ वर्ष पहले हुई घटना के संबंध में मामला दर्ज नहीं करने के कारण नोएडा पुलिस आयुक्तालय की किरकिरी हो रही है और अब नोएडा पुलिस को इसकी जांच से अलग कर दिया गया है तथा पुलिस आयुक्तालय की अपराध शाखा को जांच का जिम्मा सौंपा गया है। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) हरीश चंदर ने बताया कि दिल्ली के जामिया मिल्लिया क्षेत्र के जाकिर नगर में रहने वाले कजीम अहमद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि चार जुलाई, 2021 को अपनी भांजी की शादी में शामिल होने के लिए वह दिल्ली से अलीगढ़ जा रहे थे।

वह दिल्ली से नोएडा के सेक्टर 37 बस स्टैंड पहुंचे और अलीगढ़ जाने के लिए वाहन का इंतजार करने लगे, तभी उन्हें कार में सवार कुछ लोग मिले, जिन्होंने उन्हें अलीगढ़ छोड़ने की बात कही। अहमद का आरोप है कि कार में सवार लोगों ने कुछ देर बाद उनका धर्म पूछा और उनसे मारपीट शुरू कर दी। उनकी दाढ़ी नोची तथा उन्हें निर्वस्त्र करके उन्हें अपमानित किया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने पेचकस से उनकी आंख फोड़ने का प्रयास किया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि 15 जनवरी, 2023 को पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज की।

## संक्षिप्त समाचार



एनटीपीसी केंद्रीय विद्यालय बंद होने के विरोध में कई संगठन ने खोला मोर्चा खोला है। इस संबंध में प्रशासन को ज्ञापन सौंपते लोग।

### कौशल विकास दिवस पर हस्तशिल्प प्रदर्शनी

**गाजियाबाद।** नेहरू युवा केंद्र की ओर से राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तहत कौशल विकास दिवस पर हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन विवेकानंद नगर और राजपुर लोनी में हुआ। इसका उद्घाटन विवेकानंद नगर में एनवाईसी गाजियाबाद के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक मुकंद वल्लभ शर्मा और राजपुर में प्रशिक्षिका अनीता रूहेला ने किया। हस्तशिल्प प्रदर्शनी प्रतियोगिता विवेकानंदनगर में गुलप्शा और चांदनी प्रथम, मनोज और हसीना द्वितीय एवं मोनिका व गंगा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं राजपुर में हुई हस्तशिल्प प्रदर्शनी में खुशबू ने प्रथम, प्रिया ने द्वितीय एवं रोशनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथी फाउंडेशन की अध्यक्ष काजल छिब्बर, नरेंद्र कौर, मुन्नी, नायशा, जूही, फि रोजा, मिन्नी, नीलम, राजपुर प्रधान रेनू, लक्ष्मी पंचायत सहायक, अनूप कुमार आदि उपस्थित रहे।

### रालोद ने दिया वकीलों की हड़ताल को समर्थन

**गाजियाबाद।** रालोद की महानगर अध्यक्ष डॉ रेखा चौधरी के नेतृत्व में रालोद नेताओं का प्रतिनिधिमंडल सदर तहसील पहुंचा और अपने समर्थन का पत्र तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता अशोक शर्मा और सचिव विकास त्यागी को सौंपा। इस दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष रामानंद गोयल, वीरभान सिंह, ओडी त्यागी, राहुल खानपुर, भूपेन्द्र बॉबी, लोकेश चौधरी, कमल जाटव, गुरु जी रॉकी, अशोक तेवतिया, विशाल चौधरी, टेडी, आदेश, जयकिशन, शेर सिंह मौर्य, ऊषा देवी, रमेश चंद, जोगेन्द्र चौधरी, देविन्द्री देवी, रमन चौधरी, विशाल सिरोही, राजकुमार शर्मा, इंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत सहायक भर्ती के लिए आवेदन शुरू

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश पंचायत सहायक भर्ती 2023 के लिए गाजियाबाद के पंचायती राज विभाग ने कार्यक्रम जारी कर दिया है। मेरठ मंडल के 6 जिलों के 293 गांवों में भर्ती प्रक्रिया होगी। डीपीआरओ, बीडीओ और ग्राम पंचायत कार्यालय में 17 जनवरी से 2 फरवरी तक आवेदन पत्र लिए जाएंगे। 3 फरवरी से 8 फरवरी तक ये सभी आवेदन पत्र ग्राम पंचायत कार्यालय पर इकट्ठा होंगे। 9 फरवरी से 16 फरवरी तक आवेदन पत्रों की मेरिट लिस्ट बनेगी। 17 से 24 फरवरी तक डीएम की अध्यक्षता में गठित समिति इस मेरिट लिस्ट का अध्ययन करेगी। 25 से 27 फरवरी के बीच ग्राम पंचायत चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटेगी। यानि पूरी भर्ती प्रक्रिया करीब 40 दिन में हो जाएगी।

### पूर्व मुख्यमंत्री के गांव से ट्रांसफार्मर चोरी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। चोर लगातार बिजली के ट्रांसफ ार्मरों को अपना निशाना बना रहे हैं। चोरों ने पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के गांव के ट्रांसफॉर्मर को भी चोरी कर लिया। इस दौरान चोर 200 केवी का ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए, जिसके बाद 200 घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बसपा सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के गांव बादलपुर में चोरी की घटना हुई है। बादलपुर थाना क्षेत्र के बादलपुर गांव में चोरों ने बिजली के ट्रांसफार्मर को चुरा लिया। गांव के पास ही 200 केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। उसी पर चोरों ने धावा बोल दिया। चोर मंगलवार रात में ट्रांसफार्मर लेकर फरार हो गए। ट्रांसफार्मर चोरी होने के बाद बादलपुर गांव में 200 घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

# नोएडा में हेलीपोर्ट निर्माण के लिए आई एक कंपनी

**● पीपीपी मॉडल पर होना है काम, निवेदा खोलने के लिए शासन से ली जा रही अनुमति**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-151 में हेलीपोर्ट बनाने के लिए ग्लोबल टेंडर जारी किए गए थे। इसमें एक कंपनी आई है। पीपीपी पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर इसका निर्माण होना है। इसलिए बिड खोलने से पहले शासन और प्राधिकरण से अनुमति लेनी होगी। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जा रहा है।

बता दे पीपीपी मॉडल के परियोजना के निर्माण के लिए बोर्ड में सिंगल बिडर को कंसिडर करने का प्रस्ताव पास हो चुका है। इसकी प्री बिड में करीब 4 कंपनियां आई थी। जिनसे सुझाव और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया था।



प्रतीकात्मक फोटो

कयास लगाए जा रहे थे कम से कम तीन कंपनियां बिड में शामिल होंगी। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। सिंगल कंपनी ही आई । बिड खुलने के बाद ही प्राधिकरण कंपनी के नाम का खुलासा करेगा। इससे पहले 31 मार्च को ग्लोबल टेंडर के जरिए भी एक ही कंपनी आई थी। लेकिन फि नेनसिएशनल बिड में कंपनी डिस्क्वालीफाई कर गई थी। नोएडा के सेक्टर 151ए में प्रस्तावित हेलीपोर्ट के निर्माण में 43.13 करोड़ रुपए खर्च कर किए जाएंगे। इसका डिजाइन बेल 412 12 सीटर के अनुसार तैयार किया गया है। हेलीपोर्ट में 5 बेल 412 के पार्किंग ऐप्रन की सुविधा होगी।

इस हेलीपोर्ट में वीवीआईपी या आपात काल के समय 26 सिटर एमआई 172 भी उतारा जा सकेगा। प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि हाल ही में हुई बैठक में हवाई सेवा से जुड़ी 18 कंपनियों को बुलाया गया था। जिसमें से 8 कंपनियां बैठक में शामिल हुई और पांच ने सुझाव दिए थे। इन्हीं सुझावों पर एनआईटी में बदलाव किया गया। जिसके बाद बोर्ड से अप्रूवल के बाद ग्लोबल टेंडर जारी किए गए थे।

# महिला डॉक्टर ने पांचवी मंजिल से कूदकर की आत्महत्या

**● मानसिक तनाव के चलते उठाया कदम**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जिले में थाना सेक्टर 58 क्षेत्र के सेक्टर 62 स्थित एक सोसायटी में रहने वाली एक महिला डॉक्टर ने बुधवार को सुबह पांचवी मंजिल पर अपने फ्लैट से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।

थाना सेक्टर 58 के प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इरोज अपार्टमेंट, सेक्टर 62 में रहने वाली शबा सिद्दकी, पत्नी ओबिदि सिद्दीकी ने सुबह पांचवीं मंजिल पर स्थित अपने फ्लैट से छलांग लगा दी।

त्रिवेदी ने बताया कि अत्यंत गंभीर हालत में शबा को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतका पेशे से डॉक्टर थीं।

थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका मानसिक तनाव से ग्रसित थीं और उनका उपचार चल रहा था।

## होटल में ठहरे युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत

**नोएडा।** जिले में थाना फेस-3 क्षेत्र के मामूरा गांव में स्थित एक पांच सितारा होटल में ठहरे एक व्यक्ति की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है।

थाना फेस -3 के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने बताया कि मुजफ्फरनगर जिले के निवासी विशाल मलिक रेडिसन होटल में एक हफ्ते से रुके थे। अजय किसी कंपनी में काम करते थे, तथा कंपनी के काम से ही आकर होटल में रुके थे लेकिन देर रात को वह होटल के कमरे में मृत अवस्था में पाए गए।

पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवा रही है जिसके बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा।

# निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सहित 18 को कारण बताओ नोटिस जारी

**● जोन ऑफिस की बिजली काटने पर हुआ विवाद**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

निगम कर्मचारी संघ और निगम प्रशासन के बीच एक बार फि र टकराव होने के आसार बढ़ गए हैं।

नगर निगम की ओर से नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार सहित 18 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। हालांकि, यह नोटिस अभी किसी भी कर्मचारी के पास नहीं पहुंचा है। मगर इन नोटिसों के रिसीव करने से पहले ही नगर निगम कर्मचारी संघ अब नगर निगम प्रशासन के खिलाफनई रणनीति तैयार करने में लगा है। विवाद मोहननगर जोन ऑफि स और उसके पास बने आवासीय एरिया में बिजली के कनेक्शन काटने को लेकर पैदा हुआ। दरअसल बिजली विभाग ने बकाया अदा नहीं करने के मामले में कार्रवाई करते हुए मोहननगर जोन ऑफि स और उसके पीछे बने आवासीय एरिया का बिजली का कनेक्शन काट दिया।



नोएडा यातायात पुलिस द्वारा एक निजी स्कूल के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# चार मूर्ति चौक पर अंडरपास बनाने की प्रक्रिया तेज

**● प्राधिकरण ने करीब 60 करोड़ के प्रोजेक्ट के वीकेएस इंफ्राटेक मैनेजमेंट कंपनी का चयन कर लिया**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सबसे बड़े चौराहे गौड़ चौक किसान चौक या चार मूर्ति गोलचक्कर पर अंडरपास बनाने की औपचारिक प्रक्रिया ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शुरू कर दी है।

प्राधिकरण ने करीब 60 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट के कंसलटेंट के चयन के लिए वीकेएस इंफ्र ाटेक मैनेजमेंट कंपनी का चयन कर लिया है। कंपनी बहुत जल्द डिजाइन व टेंडर डॉक्युमेंट पर काम शुरू कर देगी। इसके आधार पर टेंडर निकालकर निर्माणकर्ता कंपनी का चयन किया जाएगा। यहीं कंपनी अंडरपास का निर्माण करेगी।



ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आबादी तेजी से बढ़ रही है। यहां के सबसे व्यस्त चौराहे पर ट्रैफिक का दबाव भी बढ़ रहा है। ट्रैफिक जाम की समस्या न हो, इसके लिए अस्थायी विकल्प के तौर पर चौराहे के दोनों तरफ दो यूटर्न बने हैं। गौड़ सिटी की तरफ से सूरजपुर या नोएडा को जाने वाले वाहन 130 मीटर रोड पर बने यूटर्न से होकर गुजरते हैं। इसी तरह 130 मीटर रोड या सूरजपुर की तरफ से गौड़ सिटी और प्रताप विहार को जाने वाले वाहन नोएडा की तरफ बने यूटर्न से होकर जाते हैं। स्थायी समाधान कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सरकारी सलाहकार एजेंसी राइट्स से इस चौराहे का सर्वे कराया। एजेंसी ने यहां अंडरपास बनाने का सुझाव दिया। ये अंडरपास चौराहे पर 130 मीटर रोड को क्रॉस करते हुए 60 मीटर रोड के पैरलल बनेगा। यानी प्रताप विहार से सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा के बीच वाहन इस अंडरपास से होकर गुजरेंगे। यूटर्न तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे वाहन चालकों के समय और ईंधन दोनों की ही बचत होगी। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सबसे बड़े चौराहे गौड़ चौक किसान चौक या चार मूर्ति गोलचक्कर पर अंडरपास बनाने की औपचारिक प्रक्रिया ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शुरू कर दी है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सबसे बड़े चौराहे गौड़ चौक किसान चौक या चार मूर्ति गोलचक्कर पर अंडरपास बनाने की ׅक्रिया ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शुरू कर दी है।

# अतिक्रमण पर चला ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बुलडोजर

**● अवैध रूप से बनी दुकानों को ढहाया गया**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई कर रहा है। बुधवार को प्राधिकरण ने सूरजपुर कस्बे में अतिक्रमण के खिलाफकार्रवाई की।

इस दौरान रोड किनारे अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर की मदद से ढहाया गया। सूरजपुर कस्बे में आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। जिसको लेकर ग्रेनो प्राधिकरण से लोगों ने शिकायत की थी कि यहां पर लोगों ने अवैध रूप से रेहड़ी लगाएं हैं और दुकानों के बाहर भी अवैध रूप से अतिक्रमण किया हुआ है। जिसके बाद प्राधिकरण की टीम बुधवार को सूरजपुर कस्बे में पहुंची। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स और प्राधिकरण के अधिकारी मौजूद रहे। अतिक्रमण हटाओ दस्ता दो बुलडोजर के साथ पहुंचा और दादरी रोड पर कार्रवाई की।

इस दौरान दुकानों के बाहर अवैध रूप से लगे हुए होर्डिंग और अतिक्रमण को बुलडोजर की मदद से ढहा दिया। दादरी रोड पर करीब एक दर्जन दुकानों के सामने से अतिक्रमण को हटाया गया और अवैध रूप से लगी हुई रेहड़ी को पटरियों से हटा दिया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

**विधानसभा सत्र का तीसरा दिन**

# सत्तापक्ष का हंगामा, मुख्य सचिव को निलंबित करने की मांग

## विधानसभा अध्यक्ष ने एक दिन बढ़ाई सदन की कार्यवाही



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के नेता और विधायकों के उपराज्यपाल के सरकार के काम में बाधा डालने के आरोप के बा मुख्य सचिव, वित्त सचिव और स्वास्थ्य सचिव को निलंबित करने की मांग को लेकर सत्ता पक्ष के विधायकों के विरोध के बीच विधानसभा की कार्यवाही बुधवार को दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

कार्यवाही स्थगित करते हुए, अध्यक्ष राम निवास गोयल ने विधानसभा सत्र को एक दिन के लिए बढ़ा दिया। तीन दिवसीय सत्र का समापन बुधवार को होना था। विधानसभा में बहस के दौरान आम आदमी पार्टी के विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि विभिन्न परियोजनाओं के अटकने को लेकर याचिका समिति ने दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार को तलब किया था। मुख्य सचिव को मंगलवार शाम 6.30 बजे बुलाया गया था और वह रात 9.30 बजे तक वहां थे। बैठक के दौरान, उन्होंने कहा कि व्यवस्था ठीक नहीं है और इसमें सुधार की आवश्यकता है। भारद्वाज ने बताया कि जब उन्होंने मुख्य सचिव से दर्जनों परियोजनाओं के अटके होने के बारे में पूछा, लेकिन मुख्य सचिव ने कहा कि उन्हें जमीनी स्थिति की कोई जानकारी नहीं है। सत्ताधारी दल के विधायक ने दावा किया कि, उन्हें कई अधिकारियों ने बताया था कि उपराज्यपाल के इशारे पर मुख्य सचिव ने उनके साथ हाथापाई की थी।

उन्होंने कहा, हमने कई अधिकारियों के गोपनीय बयान लिए। कई अधिकारियों ने कहा कि उन्हें उपराज्यपाल के इशारे पर मुख्य सचिव द्वारा सरकार के कामकाज में बाधा डालने को लेकर धमकाया गया।

भारद्वाज ने आरोप लगाया कि मुख्य सचिव के साथ-साथ वित्त और स्वास्थ्य सचिव सरकार के कामकाज में बाधा डालने की साजिश में शामिल हैं। याचिका समिति ने राष्ट्रपति और गृह मंत्रालय से एलजी और मुख्य सचिव के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। सत्ता पक्ष के विधायक, मुख्य सचिव और वित्त एवं स्वास्थ्य सचिवों को निलंबित करने की मांग को लेकर सदन के बीचोबीच आ गए, जिसके बाद अध्यक्ष को सदन की कार्यवाही शाम 4.15 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। शाम 4.15 बजे जब सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तब भी प्रदर्शन कर रहे नेताओं का रूख नरम नहीं पड़ा। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। साथ बृहस्पतिवार के लिए सदन की कार्यवाही बढ़ा दी है।

## राष्ट्रपति ने एलजी को सौंपी दो नई शक्तियां

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्र और दिल्ली सरकार के टकराव के बीच केंद्र सरकार ने उपराज्यपाल को दो और नई शक्तियां दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र के लिए नियम बनाने सहित यह शक्तियां प्रदान की है। औद्योगिक संबंध कोड 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और काम करने की स्थिति संहिता, 2020 के तहत दी गई है। एलजी को यह शक्तियां इसलिए दी गई है ताकि वह आवश्यकता अनुसार उन क्षेत्रों में नियम बना सके। 16 जनवरी को गृह मंत्रालय द्वारा जारी दो अलग-अलग अधिसूचनाओं का उल्लेख करते हुए एलजी अगले आदेश तक इन नियमों के तहत शक्तियों का प्रयोग करेंगे और संबंधित सरकार या राज्य सरकार के कार्यों का निर्वहन करेंगे। अधिसूचना के मुताबिक, राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के साथ-साथ अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, दादरा एवं नगर हवेली, दमन एवं दीव, चंडीगढ़, पुड्डुचेरी और लक्षद्वीप के प्रशासकों और उपराज्यपाल को भी ये शक्तियां दी है। औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 के तहत उपराज्यपाल जनहित में किसी भी नए औद्योगिक प्रतिष्ठान या प्रतिष्ठानों के वर्ग को संहिता के प्रावधानों से छूट दे सकते हैं। संविधान के अनुच्छेद 239 के खंड (1) के अनुसार, राष्ट्रपति के निर्देशानुसार दिल्ली समेत अन्य छह केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासक या उपराज्यपाल उक्त संहिता के तहत शक्तियों का प्रयोग और उपयुक्त सरकार के कार्यों का निर्वहन करेंगे। राष्ट्रपति की ओर से उपराज्यपाल को उक्त शक्तियां ऐसे समय में प्रदान की गई हैं जब उच्चतम न्यायालय ने केंद्र बनाम दिल्ली के अधिकारों की लड़ाई के मसलेपर अपना फैसला सुरक्षित रखा है।



## भाजपा विधायकों ने उठाया प्रदूषित यमुना का मुद्दा, सदन से निकाले गए



यमुना में प्रदूषण के मुद्दे को लेकर केजरीवाल सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते भाजपा विधायक। फोटो: रंजन डिमरी

- डीपीसीसी ने अपनी रिपोर्ट में जिक्र किया है कि यमुना में प्रदूषण पिछले आठ सालों में दोगुना हो गया है : नेता प्रतिपक्ष

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विधानसभा सत्र के तीसरे दिन भी हंगामा हुआ। भाजपा विधायक जितेंद्र महाजन ने बुधवार को यमुना में प्रदूषण के मुद्दे को लेकर केजरीवाल सरकार को घेरा है। उन्होंने सदन में विशेष उल्लेख (नियम संख्या 280) के तहत यमुना में प्रदूषण का मुद्दा उठाया। महाजन ने कहा केंद्र ने दिल्ली सरकार को 2419 करोड़ रुपये दिए थे।

अब सरकार बताए कि वह पैसा कहां गया क्योंकि यमुना तो पिछले आठ सालों में और मैली हो गई है। इस पर सत्ता पक्ष के विधायकों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने महाजन से पूछा कि पैसा कब दिया गया था इस पर जब उन्हों कोई जवाब नहीं मिला तो स्पीकर ने पैसे वाली बात सदन की कार्यवाही से निकाल दिया कुछ देर की नोकझोंक के बाद विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने भाजपा विधायक अजय महावर, ओपी शर्मा, अभय वर्मा, अनिल वाजपेयी को मार्शल से बाहर निकालने का निर्देश दिया।

इस बीच नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने अपने साथ लाए यमुना का बोतल बंद पानी विस अध्यक्ष को दिया और कहा कि यह तेजाब समान है जिस पर गोयल ने कहा कि वे यमुना के दूषित पानी की जांच करवाएंगे। अगर इसमें तेजाब मिला तो सदस्यता समाप्त करेंगे।

इस दौरान विरोध में अन्य विपक्षी सदस्य भी बाहर निकल गए। बाद में परिसर में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दफ्तर के बाहर धरने पर बैठ गए। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने अभी एक रिपोर्ट तैयार की है, जिसमें जिक्र किया है कि यमुना नदी में प्रदूषण का स्तर पिछले आठ सालों में दोगुना हो गया है। रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बताया कि यमुना के गंदे पानी की आपूर्ति की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इससे कैंसर की बीमारी हो रही है। गुर्दे व यकृत को नुकसान पहुंच रहा है और साथ ही यह अन्य बीमारियां की वजह भी बन रहा है। केंद्र सरकार ने यमुना की सफाई के लिए दिल्ली सरकार को 2500 करोड़ रुपए दिए जिसका सरकार कोई हिसाब नहीं दे रही। यह मामला भाजपा विधायकों ने आज विधानसभा में उठाने का प्रयास किया और भाजपा विधायक अपने साथ यमुना की गंदे पानी को बोतलों में भरकर लाए लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें यह मामला उठाने की इजाजत नहीं दी। भाजपा विधायकों द्वारा विरोध करने पर लगातार तीसरे दिन उन्हें बाहर निकाल दिया गया।

बिधूड़ी और भाजपा विधायक अजय महावर ने नियम-54 के अंतर्गत यमुना में प्रदूषण का मामला विधानसभा में उठाने का प्रयास किया। केजरीवाल सरकार न तो दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या के प्रति गंभीर है और न ही यमुना के प्रदूषण के प्रति उसने कोई चिंता जताई है। केजरीवाल चुनावों में वादा करते हैं कि वह दिल्ली वालों के साथ यमुना में डुबकी लगाएंगे लेकिन यमुना की हालत तो यह हो गई है कि दुर्गंध के कारण उस पानी के निकट जाने की ही हिम्मत कोई नहीं जुटा सकता।

## एलजी बिग बॉस को खुश करने के लिए कर रहे काम : सिसोदिया

- संविधान ने उपराज्यपाल को पुलिस को संभालने का काम दिया है, वह सरकार को बाईपास कर रहे : उपमुख्यमंत्री



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


आम आदमी पार्टी सरकार और उपराज्यपाल कार्यलय के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत सत्ता पक्ष के कई नेता एलजी विनय कुमार सक्सेना के खिलाफ तीखे शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि एलजी एक काबिले के सरदार की तरह अपने बड़े सरदार को खुश करने के लिए असंवैधानिक रूप से काम कर रहे है। वह दिल्ली के लोगों पर अत्याचार करते हुए भूल गए है कि उनका काम अपने बड़े सरदार का हुक्म मानना नहीं बल्कि संविधान के नियमों को मानना है। विधानसभा सत्र के तीसरे दिन सदन को संबोधित करते हुए मनीष सिसोदिया ने कहा कि देश के कानून की व्याख्या करने का सर्वोच्च अधिकार उच्चतम न्यायालय के पास, उच्चतम न्यायलय ने वर्ष 1998 में कहा कि दिल्ली में उपराज्यपाल या प्रशासक निर्वाचित सरकार की सहायता और सलाह से काम करने के लिए बाध्य है। लेकिन सहायता या सलाह लेना तो दूर उपराज्यपाल सरकार से परामर्श भी नहीं कर रहे हैं। सिसोदिया ने आरोप लगाया, यह देश में पहली बार हो रहा है कि चुनी हुई सरकार को बाईपास करते हुए उपराज्यपाल संविधान और लोकतंत्र का गला घोटने का काम कर रहे है।

संविधान में एलजी को केवल लैंड, लॉ एंड आर्डर व पुलिस संबंधित मामलों में निर्णय लेने का अधिकार दिया गया है लेकिन चुनी हुई सरकार के कामों को बाईपास कर उपराज्यपाल ने संविधान का अपमान किया है, लोकतंत्र का अपमान किया है, कोर्ट के संवैधानिक पीठ की अवमानना की है। वह अधिकारीयों को निलंबित करने की धमकी देकर उनसे असंवैधानिक तरीके से काम करवा रहे एलजी, एमसीडी के पीठासीन अधिकारी व हज कमिटी के सदस्यों की नियुक्ति इसका उदाहरण है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब के संविधान ने जनता द्वारा चुनी हुई सरकार को विधानसभा को कुछ जिम्मेदारी और अधिकार दिए है और बाबा साहेब द्वारा बनाये गए देश के संविधान की दूसरी सूची में एंट्री 5 पर लोकल गवर्नेंस शब्द लिखा है और वह इसलिए लिखा गया था कि देश में नगर निगम के बारे में निर्णय लेने का अधिकार केंद्र सरकार का नहीं बल्कि राज्य सरकार का है।

## तीन और सड़कों का होगा कायाकल्प, बनेगा सेंट्रल वर्ज

- परियोजना पर 18.19 करोड़ की आएगी लागत



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 18.19 करोड़ रुपए की लागत से राजधानी की तीन सड़कों पर सेंट्रल वर्ज का निर्माण करेगी। एक आधिकारिक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गई।

बयान के अनुसार रोहतक रोड (राष्ट्रीय राजमार्ग-10), एमपी रोड नंबर-142 पर मयूर विहार फेज- 3 और कोटला रोड पर सेंट्रल वर्ज (बीच में हरित पट्टी) बनेगी। इन परियोजनाओं को मंजूरी देते हुए उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा, दिल्ली की सड़कों पर यात्रियों की सुरक्षा दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है और लोक निर्माण विभाग इसे सुनिश्चित करने के लिए शहर की सड़कों के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए लगातार काम कर रहा है। लोक निर्माण विभाग दिल्ली की सभी सड़कों की सुरक्षा और सुंदरता में सुधार के लिए नियमित रूप से नई रणनीतियों की खोज कर रहा है और इसलिए एक नया सेंट्रल वर्ज डिज़ाइन बना रहा है जो वैश्विक स्तर की सर्वोत्तम सुविधाओं से लैस है।

बयान के अनुसार सेंट्रल वर्ज बेहतर सड़क सुरक्षा प्रदान करने के अलावा सड़कों के सुंदरीकरण का काम करते हैं। साथ ही ये विशिष्ट खतरनाक क्षेत्रों में वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित करने में भूमिका निभाते हैं।

## एम्स मरीजों के लिए बनाया आश्रय स्थल

- उद्घाटन सीआरपीएफ परिवार कल्याण संघ की अध्यक्ष अजिता थाउसेन ने किया




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने चिकित्सा परामर्श और अन्य प्रक्रियाओं के लिए दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान (एम्स) में आने वाले मरीजों और उनके परिवारों के लिए एक अस्थाई शीतकालीन आश्रय स्थल बनाया है।

सीआरपीएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि दक्षिणी दिल्ली स्थित अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में स्थित आश्रय नामक आश्रयस्थल में 200 लोगों के रहने की क्षमता है।

अधिकारी के मुताबिक मंगलवार को आश्रय का उद्घाटन एम्स के निदेशक एम श्रीनिवास की उपस्थिति में सीआरपीएफ के महानिदेशक एस एल थाउसेन की पत्नी और सीआरपीएफ परिवार कल्याण संघ की अध्यक्ष अजिता थाउसेन ने किया। अधिकारियों के मुताबिक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान (एम्स) में केंद्रीय अर्धसैनिक बल द्वारा बनाए गए तंबू के इस आश्रय में दिल्ली के खराब मौसम में सहायता के तौर पर रहने के लिए बिस्तर, कंबल और अन्य बुनियादी वस्तुएं मुहैया कराई गई हैं।

प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि दिल्ली स्थित सीआरपीएफ के उत्तरी सेक्टर द्वारा आश्रय का संचालन किया जा रहा है। इससे ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए आ रहे आम आदमी को भी मदद की जा सकेगी।

## मेट्रो की मजेंटा लाइन पर ट्रेन सेवाओं में देरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की मजेंटा लाइन कॉरिडोर के एक खंड पर ट्रेन सेवा में देरी हुई है। डीएमआरसी ने यात्रियों को सतर्क करने के लिए ट्वीट किया। इसने सुबह ट्वीट किया, मजेंटा लाइन के बारे में जानकारी दी कि कालिंदी कुंज और ओखला पक्षी अभयारण्य के बीच सेवाओं में देरी। अन्य सभी लाइनों पर सेवा सामान्य है। सूत्रों ने कहा कि देरी कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण हो सकती है। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। कई यात्रियों ने देरी के कारण हुई असुविधा को साझा करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया।

### मेट्रो के आगे कूदकर युवक ने दी जान

***नई दिल्ली।*** *दिल्ली में मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन पर बुधवार को एक 26 वर्षीय युवक ने कथित तौर पर ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान बिहार के पूर्णिया निवासी रवि के रूप में हुई है। उसके पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दोपहर करीब ढाई बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन के आगे छलांग लगा दी है। उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।*

## संक्षिप्त समाचार



नई दिल्ली में बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलकर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कार्यकाल विस्तार की बधाई दी। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश प्रभारी विप्लव देव सिंह, प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़, कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल, सांसद संजय भाटिया, सांसद नायब सिंह सैनी समेत कई नेता मौजूद थे।

### गृहमंत्री शाह से मिले सीएम पुष्कर सिंह धामी



**नई दिल्ली।** जोशीमठ भू धंसाव आपदा के हालात के बीच बुधवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। सीएम धामी ने गृहमंत्री से जोशीमठ क्षेत्र में हो रहे भू-धंसाव से उत्पन्न स्थिति के हालात और आपदा राहत की विस्तार से जानकारी देने के साथ ही व्यापक केंद्रीय सहायता का अनुरोध किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जोशीमठ के भू-धंसाव क्षेत्र के प्रभावितों की आवश्यक मदद का आश्वासन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को दिया।

# गणतंत्र दिवस समारोह में वायुसेना के 50 विमान लेंगे हिस्सा

## नौसेना का आईएल-38 विमान संभवतः पहली और अंतिम बार दिखाएगा करतब

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार नौसेना के आईएल-38 समेत कुल 50 विमान हिस्सा लेंगे। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि नौसेना के आईएल-38 विमान को इस बार संभवतः पहली और अंतिम बार प्रदर्शित किया जाएगा। वायुसेना के अधिकारी ने कहा कि आईएल-38 भारतीय नौसेना का एक समुद्री टोही विमान है, जो देश में लगभग 42 वर्षों से सेवा में शामिल है।

वायुसेना के अधिकारी ने कहा कि इसे यहां गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान पहली बार और शायद आखिरी बार प्रदर्शित किया जाएगा। यह उन 50 विमानों में शामिल होगा जो इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि इन 50 विमानों में चार विमान थलसेना के भी शामिल होंगे।

भारतीय वायुसेना ने संवाददाता सम्मेलन में झांकी के एक मॉडल का भी अनावरण किया, जिसे 26 जनवरी की परेड के दौरान प्रदर्शित किया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले साल राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ किए जाने के बाद यह यहां पहला गणतंत्र दिवस समारोह होगा।



गणतंत्र दिवस की रिहर्सल के दौरान असम राइफल का मार्च दस्ता।

### 32,000 टिकट की ऑनलाइन बिक्री की जाएगी

***नई दिल्ली।*** *इस साल गणतंत्र दिवस समारोह सेंट्रल विस्टा एवेन्यू में होगा और सरकार ने जनता के लिए 32,000 टिकट ऑनलाइन बिक्री के लिए रखे हैं। उन्होंने बताया कि पहली बार ऐसा होगा कि समारोह के लिए सभी आधिकारिक आमंत्रण ऑनलाइन भेजे जाएंगे। रक्षा सचिव गिरिधर अरमने ने यहां साउथ ब्लॉक में प्रेसवार्ता के बाद गणतंत्र दिवस समारोह के हिस्से के रूप में 23-31 जनवरी तक होने वाले आयोजनों पर एक प्रस्तुति दी। गणतंत्र दिवस समारोह जनभागीदारी की भावना से आयोजित किया जाएगा और सेंट्रल विस्टा परियोजना के श्रमिक और उनके परिवार के सदस्य, कर्तव्य पथ के रखरखाव कर्मी, सब्जी विक्रेता, किराना दुकानदार और रिक्शा चालक विशेष आमंत्रित के तौर पर भाग लेंगे। इस साल 42,000 लोगों के इसमें शामिल होने की उम्मीद है और सीटों के लिए 32,000 टिकट ऑनलाइन बिक्री के लिए रखे गए।*

## पूर्वाभ्यास के चलते 20 और 21 जनवरी को यातायात रहेगा बंद

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास के मद्देनजर 18, 20 और 21 जनवरी को सुबह सवा दस बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक कर्तव्य पथ पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा।

पुलिस ने लोगों से असुविधा से बचने के लिए अपनी यात्रा की योजना बनाने को भी कहा। पुलिस की ओर से जारी यातायात परामर्श ने उत्तरी से दक्षिणी और दक्षिणी से उत्तरी दिल्ली जाने के लिए वैकल्पिक मार्गों का सुझाव भी दिया। यातायात पुलिस की ओर से जारी परामर्श के मुताबिक रिंग रोड यानी सराय काले खां- आईपी फ्लाईओवर - राजघाट, लाजपत राय मार्ग-मथुरा रोड-भैरों रोड-रिंग रोड, पृथ्वीराज रोड- राजेश पायलट मार्ग- सुब्रमण्यम भारती मार्ग- मथुरा रोड - भैरों रोड- रिंग रोड, धौला कुआं आदि मार्गों का सुझाव दिया गया है। पुलिस ने रिंग रोड - भैरों रोड - मथुरा रोड - सुब्रमण्यम भारती मार्ग - राजेश पायलट मार्ग - पृथ्वी राज रोड - सफदरजंग रोड - कमल अतातुर्क मार्ग - पंचशील मार्ग - साइमन बोलिवर मार्ग- अपर रिज रोड वंदे मातरम मार्ग का सुझाव दिया है।

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:
1. खुली ई-निविदा सं: आईआरसीटीसी/आरएन/अम्बरनाथ/लॉजिस्टिक्स/2023, रेल नीर प्लांट, अम्बरनाथ (महाराष्ट्र) के लिए रेल नीर पैकेज्ड पेयजल का परिवहन एवं सीएफए सेवाओं हेतु। निविदा-पूर्व बैठक: 30.01.2023 को 15:00 बजे। निविदा जमा करने की तिथि एवं समय: 21.02.2023 को 15:00 बजे तक।
2. खुली ई-निविदा सं: 2023/आईआरसीटीसी/एनजेड/एलसीएस/... निविदा, ... 23.01.2023 को 12:30 बजे (वीसी के माध्यम से)। निविदा जमा करने की तिथि एवं समय: 25.01.2023 को 15:00 बजे तक।
3. खुली ई-निविदा, फूड प्लाजा एवं फास्ट फूड यूनिटों की स्थापना, परिचालन एवं प्रबंधन हेतु। निविदा जमा करने की तिथि एवं समय: 10.02.2023 को 15:00 बजे।
विस्तृत विवरणों के लिए www.irctc.com, www.tenderwizard.com/IRCTC (1-3 के लिए) एवं eprocure.gov.in/cppp (3 के लिए) देखें। डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC देखें।
शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई होगा, तो उसे केवल आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctc.com एवं www.tenderwizard.com/IRCTC पर प्रकाशित किया जाएगा।
कार्यालय पता: 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी-148, बाराखम्बा रोड, कनाट प्लेस, नई दिल्ली-110001 फोन: 011-23311263-64, फैक्स: 011-23311259

# कभी दूसरों का भला करने तो कभी कर्ज उतारने में गरीब हो रहा नगर निगम

## जुर्माने के रूप में भी करोड़ों रुपये भुगतान कर चुका है निगम

## अब नगर निगम की आर्थिक हालत हो रही है खस्ता

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**गुरुग्राम** नगर निगम एक ऐसे दुधारू पशु की तरह हो गया है, जिसे दोहने का काम तो सब करते हैं, लेकिन जब उसे जरूरत पड़ती है तो सबके हाथ खड़े हो जाते हैं। दूसरों को देते-देते अब नगर निगम गुरुग्राम हालत पतली हो गई है।

जुर्माना समेत तमाम तरह के खर्चों से नगर निगम की आर्थिक हालत कमजोर हो गई है। सबसे पहले बात करें गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर बंधवाड़ी डंपिंग स्टेशन की। कूड़े का सही तरह से निपटान नहीं होने की वजह से नगर निगम पर 2 करोड़ 80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके बाद भी स्थिति में सुधार नहीं आया। वहां से कूड़े का निपटान करके पर्यावरण-वातावरण को बेहतर बनाने के आदेश राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) की ओर से निगम को दिए गए थे। नगर निगम इस बार भी आदेशों का पालन नहीं कर पाया। ऐसी स्थिति में एनजीटी ने निगम के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए सीधे 100 करोड़ रुपये का जुर्माना ठोंक दिया। यह जुर्माना कहने को तो हरियाणा सरकार पर लगाया गया था, लेकिन विषय गुरुग्राम नगर निगम से जुड़ा था तो यह जुर्माना नगर निगम को ही भरना पड़ा।

**दूसरे विभागों का 118 करोड़ बिजली का बिल भी भरा :** जुर्माने के अलावा नगर निगम पर बिजली के बिलों का बोझ भी डाला गया। भले ही ये बिल नगर निगम के ना हों, लेकिन आदेशों का पालन करते हुए नगर निगम को ही बिल भरने पड़े। प्रदेश के विभिन्न विभागों पर दक्षिण हरियाणा बिजली निगम लिमिटेड (डीएचबीवीएन) के करीब 118 करोड़ रुपये बिजली बिलों के रूप में बकाया था। सरकार के आदेशों पर यह भारी-भरकम राशि भी नगर निगम के खाते से बिजली निगम में दी गई। गुरुग्राम नगर निगम अपने खर्च के साथ फरीदाबाद के खर्चे भी उठा रहा है। सूत्रों के अनुसार फरीदाबाद का कूड़ा उठाने के लिए हर माह करीब 250 रुपये नगर निगम गुरुग्राम की ओर से दिए जा रहे हैं।

**नगर निगम फरीदाबाद भी गुरुग्राम का कर्जदार :** वर्ष 2010 में नगर निगम गुरुग्राम द्वारा नगर निगम फरीदाबाद को सालाना ब्याज पर 150 करोड़ रुपये कर्ज देने का मामला काफी उछला था। काफी विरोध भी इस फैसले का किया गया। पार्षदों ने भी इस पर खूब आवाज उठाई, लेकिन पैसा दिया ज चुका था। वर्ष 2022 तक 12 साल में 150 करोड़ रुपये में 50 करोड़ रुपये ब्याज के जुड़ गए और यह राशि 200 करोड़ हो गई। यह कर्ज देने के दो साल बाद अगस्त 2012 में नगर निगम गुरुग्राम के सभी 35 पार्षदों ने मेयर व निगमायुक्त से मांग की थी कि वे फरीदाबाद नगर निगम से यह पैसा वापस मंगवाएं, ताकि गुरुग्राम का बेहतर विकास हो सके। मेयर व निगमायुक्त ने आश्वासन दिया था कि वे इस पर प्रयास कर रहे हैं। 2012 के बाद अब 10 साल बीत चुके हैं, फिर भी बात सिरे नहीं चढ़ पाई है।

**जीएमडीए को दिए 500 करोड़ रुपये भी फंसे :** वर्ष 2017 में गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने भी नगर निगम से 500 करोड़ रुपये उधार लिए थे। क्योंकि तब जीएमडीए के पास कोई फंड नहीं था। नगर निगम का यह पैसा भी फंस गया है। जीएमडीए से जब निगम ने यह पैसा मांगा तो वहां से जवाब मिला कि सारा पैसा गुरुग्राम में विकास कार्यों पर खर्च हो चुका है।

**निगम के खातों में मात्र 650 करोड़ रुपये :** नगर निगम गुरुग्राम के सालाना बजट खर्च की बात करें तो एक साल में विभिन्न कार्यों पर यह 1200 करोड़ रुपये खर्च करता है, जबकि वर्तमान में निगम के बैंक खातों में मात्र 650 करोड़ रुपये ही बाकी बचे हैं। ऐसे में निगम की आर्थिक स्थिति काफी नाजुक हो चुकी है। यही हाल रहा तो नगर निगम के पास अपने अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन देने के लाले पड़ जाएंगे।

# समय पर प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करके छूट योजना का उठाएं लाभ : पीसी मीणा

## प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान नहीं करने की सूरत में 18 प्रतिशत की दर से लगता है वार्षिक ब्याज

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**नगर** निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा ने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम सीमा में स्थित सभी प्रॉपर्टी मालिक समय पर अपने प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करके सरकार द्वारा दी जाने वाली छूट योजनाओं का लाभ उठाएं। सरकार द्वारा 31 जनवरी तक संपूर्ण बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करने वालों को ब्याज में 50 प्रतिशत छूट दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा नगर निगम अधिनियम-1994 के तहत नगर निगम गुरुग्राम की सीमा में स्थित सभी प्रकार के भवनों, खाली प्लॉटों, कॉमर्शियल संस्थानों व औद्योगिक इकाईयों को वर्ष में एक बार प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करना अनिवार्य है। प्रतिवर्ष 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करने वालों को मौजूदा वर्ष के प्रॉपर्टी टैक्स में 10 प्रतिशत की छूट दी जाती है। निगमायुक्त ने कहा कि रिहायशी प्रॉपर्टी के मामले में प्लॉट के आकार व मकान के फ्लोर के अनुसार प्रॉपर्टी टैक्स का वार्षिक रूप से निर्धारण किया जाता है। 300 वर्ग गज के प्लॉट साईज पर भूतल के लिए 1 रुपये प्रति वर्ग गज, 301 वर्ग गज से 500 वर्ग गज प्लॉट साईज के लिए 4 रुपये प्रति वर्ग गज, 501 वर्ग गज से 1000 वर्ग गज प्लॉट साईज के लिए 6 रुपये प्रति वर्ग गज, 1001 वर्ग गज से 2 एकड़ तक के लिए 7 रुपये प्रति वर्ग गज तथा 2 एकड़ से अधिक साईज के लिए 10 रुपये प्रति वर्ग गज टैक्स वसूला जाता है। इनमें प्रथम मंजिल के लिए 40 प्रतिशत, दूसरी मंजिल व उससे ऊपर तथा तहखाने के लिए 50 प्रतिशत छूट होती है।

**फ्लैट्स के मामले में ऐसे लगता है टैक्स :** फ्लैट्स के मामले में 2000 वर्ग फीट कारपेट एरिया के लिए 50 पैसे प्रति वर्ग फीट, 2001 वर्ग फीट से 5000 वर्ग फीट तक कारपेट एरिया के लिए 1.20 रुपये प्रति वर्ग फीट, 5000 वर्ग फीट से अधिक कारपेट एरिया के लिए 1.50 रुपये प्रति वर्ग फीट टैक्स है। इसके अलावा कमर्शियल प्रतिष्ठानों व औद्योगिक इकाईयों के मामले में भी अलग-अलग स्लैब के हिसाब से प्रॉपर्टी टैक्स का निर्धारण किया जाता है।

# विधायक ने किया सेक्टर-81 में सिद्धेश्वर स्कूल की शाखा का उद्घाटन



गुरुग्राम के सेक्टर-81 में सिद्धेश्वर स्कूल का उद्घाटन करने पहुंचे विधायक सुधीर सिंगला का स्वागत करते प्रबंधक।

## सिद्धेश्वर स्कूल गुणवत्तापूरक शिक्षा देकर बच्चों का संवार रहा भविष्य

**गुरुग्राम।** शिक्षा के क्षेत्र में एक कदम और बढ़ाते हुए सिद्धेश्वर स्कूल ने अब सेक्टर-81 में भी अपनी शाखा का निर्माण किया है। बुधवार को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने इस शाखा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सिद्धेश्वर महासभा के प्रधान रामअवतार गर्ग (बिट्टू) अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे। पूर्व प्रधान सच्चिदानंद शर्मा ने भी शिरकत की।

स्कूल की शाखा के उद्घाटन के बाद विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह विद्यालय निश्चित ही समाज को सेवार्थ भाव से शिक्षित करने का काम करेगा। उन्होंने जितनी आलीशान यह इमारत बनाई गई है, शिक्षा मे गुणवत्ता भी इसी तरह की हमें देनी है। इसमें कोई दोराय नहीं कि पहले से स्थापित संस्था के स्कूल में बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ उनके सर्वांगीण विकास पर काम किया जाता है।

उन्होंने कहा कि कोई भी शिक्षण संस्थान चाहे स्कूल स्तर पर हो या कालेज स्तर पर, उन्हें शिक्षा की गुणवत्ता में किसी तरह का समझौता नहीं करना चाहिए। शिक्षण संस्थान देश का भविष्य तैयार करते हैं। उन्हें सदा यह बात याद रखनी चाहिए। देश के भविष्य की नींव अगर मजबूत होगी तभी उस पर मजबूत इमारत का निर्माण हो सकेगा। इसलिए शिक्षा का स्तर अच्छा प्रदान करें। विधायक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में चाहे कोई व्यक्ति आए या कोई संस्था, उसे इस क्षेत्र को जनसेवा, समाजसेवा का माध्यम मानना चाहिए। जब इस तरह की सोच हमारे भीतर पैदा होगी तो हम अच्छी शिक्षा भी प्रदान करेंगे और समाज में खुद को बेहतरी से स्थापित कर पाएंगे। सरकार द्वारा निर्धारित सभी नियम, कायदों का निर्वहन करके सभी निजी स्कूल कार्य करें।

विधायक सुधीर सिंगला ने स्कूल प्रबंधकों से आग्रह किया कि वे स्कूलों में उन बच्चों को भी शिक्षित करें, जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं। जरूरी नहीं कि सब काम सरकार के स्तर पर हों, निजी स्कूल प्रबंधक मानवीय पहलू से इस विषय पर निर्णय लेकर अगर काम करते हैं तो समाज उनका ऋणी रहता है। अपने स्तर पर गरीब बच्चों को स्कूलों में जरूर लें। शिक्षा का सबको अधिकार है। कोई बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। निजी स्कूल अगर कुछ अनुपात में गरीब बच्चों का गोद लेकर उनकी शिक्षा-दीक्षा करें तो यह कार्य अनुकरणीय होगा। उन्हें उम्मीद है कि गुरुग्राम का हर निजी स्कूल प्रबंधन इस विषय पर अच्छी सोच से कार्य करेगा।

# जी-20 ग्रुप की गुरुग्राम में प्रस्तावित बैठक की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने ली बैठक

## बैठक को सफल बनाने के लिए मुख्य सचिव ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम**



गुरुग्राम में जी-20 ग्रुप की प्रस्तावित बैठक को लेकर मुख्य सचिव द्वारा ली गई बैठक में मौजूद अधिकारी।

**गुरुग्राम** में प्रस्तावित जी-20 ग्रुप की बैठक तथा प्रतिभागी देशों के प्रतिनिधियों के शैक्षणिक भ्रमण को लेकर हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने गुरुग्राम जिला प्रशासन तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की।

उन्होंने जी-20 ग्रुप की बैठक की तैयारियों के बारे में इन अधिकारियों के विस्तार से विचार विमर्श किया और जिम्मेदारी सौंपी। गुरुग्राम में जी-20 शिखर सम्मेलन के तहत पहली एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक 1 से 3 मार्च तक होनी प्रस्तावित है। जिसमें जी-20 ग्रुप के 20 देशों के प्रतिनिधियों के अलावा, 10 आमंत्रित राष्ट्रों और 5 बहुपक्षीय संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। ये प्रतिनिधि 4 मार्च को शैक्षणिक दौरे पर भी जाएंगे। इस अति महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय स्तर की बैठक के लिए हरियाणा सरकार और गुरुग्राम जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल भी केंद्र व राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस बैठक को लेकर एक बार मंत्रणा कर चुके हैं। मुख्य सचिव संजीव कौशल तथा मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना जनसंपर्क भाषा तथा संस्कृति विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल गुरुग्राम में बैठक के आयोजन स्थल तथा अन्य प्रस्तावित स्थलों का दौरा कर संबंधित अधिकारियों को सचेत कर गए हैं। मुख्य सचिव श्री कौशल ने बताया कि प्रस्तावित बैठक गुरुग्राम के लीला होटल में आयोजित होगी। इस बैठक के प्रतिभागी 28 फरवरी को यहां पहुंचने की आशा है। इसलिए हमें समय रहते तैयारियां पूरी करनी हैं, ताकि विदेशी मेहमान हरियाणा और भारत के बारे में अच्छी छवि लेकर अपने राष्ट्रों को लौटे। इसके लिए स्वच्छता और सौंदर्यकरण पर ध्यान देने की जरूरत है। बताया गया कि विदेशी मेहमान अपनी बैठक के समय के बाद गुरुग्राम में कुछ स्थानों का भ्रमण भी करना चाहेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी की रूचि पर निर्भर करेगा कि वह किस स्थल का भ्रमण करने की योजना बनाएं। इन स्थलों को जाने वाले मार्गों, दूरी, समय आदि का आंकलन पहले ही कर लिया जाएगा। ब्रोशर के अलावा उन्हें इन स्थलों की डिजीटल वीडियों भी उपलब्ध करवाने के लिए कहा गया है।

# भीम आवार्ड के लिए प्रार्थी 28 फरवरी 2023 तक कर सकते हैं आवेदन : सुमन मलिक

**मेवात।** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी सुमन मलिक बताया कि खेल एवं युवा कार्यक्रम मामले भारत सरकार द्वारा वर्ष 2021-22 व 2022-23 के लिए भीम अवार्ड देने के संबंध में 28 फरवरी 2023 तक आवेदन आमंत्रित किए है।

उन्होंने बताया कि इच्छुक प्रार्थी अपना आवेदन विभाग की वेबसाईट होम/अवार्ड पर जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी के माध्यम से कर सकता है। इसके अलावा इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क कर सकता है।

# सीएचसी फरुखनगर में डॉक्टर, स्टाफ व मरीजों ने किया सूर्य नमस्कार

## 75 लाख सूर्य नमस्कार अभियान के तहत आयोजित था कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



गुरुग्राम के खंड फरूखनगर सीएचसी में सूर्य नमस्कार करते डॉक्टर, स्टाफ व मरीज।

**आजादी** के अमृत महोत्सव के उपलक्ष व 75 लाख सूर्य नमस्कार अभियान के तहत गुरुग्राम में सूर्य नमस्कार के निरन्तर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को सीएचसी फरूखनगर में डॉक्टर, पैरा-मेडिकल स्टाफऔर मरीजों द्वारा सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया गया।

आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक डॉ. भूदेव ने बताया कि जिला आयुष अधिकारी डॉ. मन्जु कुमारी के निर्देशन में समस्त गुरुग्राम में सूर्य नमस्कार की गतिविधियां चलाई जा रही हैं। हरियाणा सरकार और आयुष विभाग हरियाणा योग आयोग, खेल विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्य विभिन्न संस्थाए पंतजलि योग समिति, हार्ट फुलनेस ध्यान केन्द्र, क्रीड़ा भारती, योग भारती, नेहरू युवा केन्द्र, प्राकृतिक चिकित्सा संस्थाएं, गुरुकुल आदि संस्थाओं के सहयोग से यह 75 लाख सूर्य नमस्कार अभियान समस्त हरियाणा में पूरे उत्साह से मनाया जा रहा है। डॉ. भूदेव ने बताया कि स्वास्थ्य की दृष्टि से सूर्य नमस्कार के अभ्यास से शरीर के सभी अंगों को लाभ मिलता है। कोई भी बीमारी या किसी भी प्रकार की दवाई यदि मरीज ले रहा है तो वह यदि कुछ आसन और सूर्य नमस्कार, प्राणायाम का अभ्यास करें तो उसकी बीमारी जल्दी ठीक होगी। सूर्य नमस्कार से रक्त संचार,पाचन तंत्र और मांसपेशियां ठीक रहती है। कार्यक्रम में आयुष योग सहायक सुदेश कुमारी व नीलम देवी का भी सहयोग रहा।

# संक्षिप्त समाचार

## बस स्टैंड पर महिलाओं के लिए अलग बनेगा रैन बसेरा



गुरुग्राम में रात के समय रैन बसेरों का निरीक्षण करते डीसी निशांत कुमार यादव।

**गुरुग्राम।** शहर में निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में बनाए गए रैन बसेरों का निरीक्षण करने के लिए जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ठंडी रात में अधिकारियों के दल के साथ निकले। उन्होंने वहां सुविधाओं का आंकलन किया। कई पहलुओं पर विचार करते हुए डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि रैन बसेरों में ठहरने के लिए किसी के लिए भी अब पहचान पत्र, आधार कार्ड जरूरी नहीं है। इसके अलावा बस अड्डे पर महिलाओं के लिए अलग से रैन बसेरा बनाने के उन्होंने निर्देश दिए। उन्होंने शहर की स्वयं सेवी संस्थाओं से भी अपील की है कि वे ठिठुरती ठण्ड को देखते हुए बेघर लोगों को रेन बसेरों में ठहरने के लिए प्रेरित करें, वहां उनसे आधार कार्ड या पहचान पत्र नहीं मांगा जाएगा। उन्होंने कहा है कि कोई भी व्यक्ति जिसके पास रात को रुकने का ठिकाना ना हो, वह रैन बसेरे में रुक सकता है। चाहे कोई व्यक्ति दिन में मजदूरी करे और रात को वह रैन बसेरे में आकर रुक सकता है। वहां ठहरने वाले लोगों को मानवता के नाते बिस्तर, पानी व खाना आदि उपलब्ध करवाया जाएगा। मंगलवार रात्रि को डीसी निशांत कुमार यादव ने गुरुग्राम रेलवे स्टेशन, भीम नगर, सोहना चौक, मुख्य बस अड्डा तथा राजीव चौक स्थित रैन बसेरों का निरीक्षण कर वहां दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। वहां रात्रि विश्राम के लिए ठहरे लोगों से फीडबैक भी लिया। इस दौरान उन्होंने रेलवे स्टेशन परिसर का भी दौरा कर वहां खुले में फुटपाथ पर सो रहे लोगों को रैन बसेरे तक भी पहुंचवाया। उपायुक्त के इस निरीक्षण दौरे में एडीसी विश्राम कुमार मीणा सहित रेडक्रॉस व नगर निगम गुरुग्राम की अधिकारियों की टीम के सदस्य भी थे। हर रैन बसेरे के लिए डीसी ने एक एचसीएस या आईएएस स्तर के अधिकारी की ड्यूटी लगाई हुई है।

## बालिका दिवस मनाने को लेकर तैयारियां शुरू

**सोहना।** महिला एवं बाल विभाग जनवरी में बालिका दिवस मनाएगी। जिसके लिए आषा वर्करों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि आशा वर्कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ चलकर नागरिकों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं के प्रति जागरुक कर सकेंगी। केन्द्र सरकार के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश को पूर्ण रुप से अमलीजामा पहनाने के उद्देष्य से महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग आम नागरिकों को घर-घर जाकर जागरुक करेगा। इसके लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नुक्कड़ नाटक, जागरुकता रैली, बैनर व पोस्टर लाकर जागरुक किया जाएगा। वहीं योजना के तहत खंड स्तर पर भी यह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बालिका अभियान के दौरान महिलाओं को गर्भ में पल रहे बच्चा और गर्भवती महिलाओं की प्रस्तुति के दौरान होने वाली मृत्यु के कारणों की जानकारी दी जाएगी। केन्द्र व राज्य सरकारों के जागरुकता के बावजूद अभी भी गर्भपात पूर्ण रुप से पाबंदी नहीं लग सकी है। बार-बार गर्भपात कराने वाली महिलाओं की प्रस्तुति के दौरान मौत होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। जिसका कारण महिलाओं का गर्भपात कराने से शरीर में कमजोरी आ जाना है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में नागरिकों को पोक्सो एक्ट की जानकारी दी जाएगी। सीडीपीओ सोहना मीनाक्षी कहा कि लोगों को बताएंगे कि पोक्सो एक्ट क्या है और उसका अपराध करने वाले को कानूनी तौर पर क्या-क्या सजा मिलती है। छोटी बच्चियों से लेकर किशोरियों के साथ होने वाले दुष्कर्म करने वाले को सबक मिल सकेगा। बालिका दिवस से पूर्व आम नागरिकों को अपने घरों के द्वार पर बेटी के नाम की नेम प्लेट लगाना, इसके साथ बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओ के संदेश का श्लोगन नागरिक अपने घर द्वार पर स्टीकर पेंट कराए।

## सड़क में बने गड्ढों के विरोध में व्यापारियों ने सड़क पर किया विरोध प्रदर्शन



व्यापारियों को आश्वासन देते विरोध प्रदर्शन में पहुंचे सोहना विधायक संजय सिंह।

**सोहना।** तावडू-सोहना मार्ग पर शहरी क्षेत्र के करीब 300 मीटर की दूरी में सड़क में हो रहे गड्ढों उड़ती धूल और पत्थरों से परेशान हो व्यापारी सड़कों पर उतर आए। व्यापारियों ने बीएण्डआर विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे विधायक संजय सिंह के दिए गए मार्ग जल्द बनने के आश्वासन बाद ही व्यापारियों ने अपना विरोध प्रदर्शन को रोक दिया। तावडू जाने वाले मार्ग पर शहर के अंबेडकर बाईपास चौक से लेकर सदर थाना के बीच करीब 300 मीटर की दूरी में बनें गड्ढे और उड़ती धूल की परेशानी को झेल रहे व्यापारियों को बुधवार को सब्र का बांध टूट गया। व्यापारियों ने शहर के व्यापार मंडल संघ की मदद से सड़क पर उतरते हुए लोक निर्माण विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया। मार्ग के दोनों तरफ बैठक करीब 50 दुकानदारों ने बताया कि सड़क में बने गड्ढों से उड़ती धूल के कारण उनका व्यापार ठप हो गया है। ग्राहक उनकी दुकान पर एक मिनट रुक कर सामान खरीदने का तैयार नहीं है। जबकि व्यापारी पूरा दिन ग्राहक के इंतजार में बैठे रहते है। दुकानदार तेजपाल का कहना है कि सड़क पर बिछाई गई रोढ़ियों वाहनों के टायर नीचे दबने के बाद तेजी से उछालकर आती है। जिनकी गति बंदूक की गोली से भी तेज होती है। व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज राघव का कहना है कि धूल के कारण व्यापारी बीमारियों की चपेट में आ रहे है। संघ प्रधान ने एक सप्ताह में सड़क का निर्माण न होने पर सड़क फिर से उतर आने का ऐलान किया है। सड़क की जर्जर हालत को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों के बीच पहुंचे विधायक संजय सिंह ने बताया कि दो से तीन दिन में सड़क पर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इस मार्ग का टेंडर छोड़ दिया है। ठेकेदार अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर है। जल्द ही हड़ताल समाप्त हो जाएगी।

# उड़ान पर कैलेंडर वर्ष 2022 में भारत के 1200 शहरों में 1.7 बिलियन से अधिक उत्पाद भेजे गए

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**उड़ान,** भारत का सबसे बड़ा बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, ने आज घोषणा की कि बीते कैलेंडर वर्ष 2022 में 22 मिलियन से अधिक ऑर्डरों को पूरा करते हुए 1.7 बिलियन से अधिक उत्पादों को ग्राहकों को भेज दिया गया है। ग्राहकों के इन ऑर्डरों को 1200 कस्बों और शहरों में भेज दिया गया। भारत के सभी राज्यों में 12500 से अधिक पिन कोड्स तक सेवाएं प्रदान की गई हैं। इस दौरान ग्राहकों को जरूरी उपयोग के उत्पाद (फ्रेश, एफएमसीजी, स्टेपल्स, फार्मा) के तहत, प्लेटफॉर्म ने 17 मिलियन ऑर्डर पूरे किए और 9 लाख से अधिक उत्पादों को प्लेटफॉर्म के माध्यम से भेज दिया गया है। उड़ान के माध्यम से 131 मिलियन उत्पादों को डिसक्रशनरी (इलेक्ट्रॉनिक्स, जनरल मर्चेंडाइज और लाइफस्टाइल) श्रेणी के तहत 2.5 मिलियन ऑर्डर की पूर्ति की गई। इस अवधि के दौरान, प्लेटफॉर्म पर 586 विक्रेताओं में से प्रत्येक ने 1 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री हासिल की, जबकि 174 विक्रेताओं ने प्लेटफॉर्म पर दो करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया।

देश में किराना कॉमर्स को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी और इंटरनेट की शक्ति का लाभ उठाते हुए, उड़ान छोटे खुदरा विक्रेताओं/किराना विक्रेताओं के बीच भुगतान के डिजिटलीकरण को भी प्रोत्साहित कर रहा है। इसके साथ ही कैलेंडर वर्ष 2022 के दौरान, उड़ान प्लेटफॉर्म पर 25 प्रतिशत खुदरा विक्रेताओं ने भुगतान के डिजिटल माध्यमों को अपनाया है।

**आवश्यक व्यवसाय : कैलेंडर** वर्ष 2022 में, उड़ान ने 89 प्रतिशत से अधिक की बार-बार खरीद दर के साथ आवश्यक श्रेणी में भारी उछाल देखा, जो अपने भागीदारों के साथ मजबूत संबंधों को उजागर करता है। इस दौरान 320 मिलियन बिस्किट पैकेट, 210 मिलियन पेय पदार्थ (यूनिट), 125 मिलियन नमकीन पैकेट इसके बाद खाने के लिए तैयार उत्पाद, 85 मिलियन नूडल पैकेट और 36 मिलियन चॉकलेट पैकेट प्लेटफॉर्म के माध्यम से भेजे गए। इसके अलावा, कैलेंडर वर्ष 2022 में 430 मिलियन पर्सनल केयर और 210 मिलियन होम केयर आइटम बेचे गए। इन उत्पादों की सबसे अधिक मांग उत्तर प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना से आई है।

# लोग बोले, जगदीश नेहरा का निधन समाज की अपूर्णीय क्षति



**गुरुग्राम।** हरियाणा के कद्दावर नेता एवं पूर्व शिक्षा मंत्री व नेहरा खाप के प्रधान चौधरी जगदीश नेहरा (84) के बुधवार को हुए निधन से हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व उत्तरप्रदेश में गहरा शोक व्याप्त हो गया है। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका उपचार हिसार के एक निजी अस्पताल में चल रहा था, जहां उन्होंने बुधवार सुबह 8 बजे अंतिम सांस ली। बेहद दुखद बात यह भी है कि बीते वर्ष मई माह में उनके बड़े पुत्र सुरेंद्र नेहरा का भी निधन हो गया था। उनके निधन से समस्त नेहरा खाप और नेहरा खाप ट्रस्ट स्तब्ध है। जगदीश नेहरा का निधन केवल नेहरा खाप की नहीं, बल्कि पूरे समाज की अपूर्णीय क्षति है। किसी को भी यकीन नहीं हो रहा है कि नेहरा अब हमारे बीच नहीं रहे। उनके निधन पर नेहरा खाप के कर्नल डीवी नेहरा, बलवीर सिंह नेहरा, शिवकरण नेहरा, धर्मबीर नेहरा, कर्नल ओपी नेहरा, सुलोचना नेहरा, सतबीर नेहरा, अमित नेहरा, रामफूल नेहरा, सुरेश नेहरा, जगमाल नेहरा, एनके नेहरा, पवन नेहरा, डॉ धर्मबीर नेहरा, प्रदीप नेहरा, विजेन्द्र नेहरा, एलस्टन नेहरा, कैलाश नेहरा, दीपक नेहरा, मुकुंदाराम नेहरा, ओमप्रकाश नेहरा, रघुनाथ नेहरा, संदीप नेहरा, शमशेर नेहरा, कैलाश नेहरा, वजीर नेहरा, वेदपाल नेहरा, कुलवंत नेहरा, बलवान नेहरा, श्रीनिवास नेहरा, रघुनाथ नेहरा, लिच्छी राम राम नेहरा, जगत सिंह नेहरा आदि ने शोक व्यक्त किया।

# ली हेल्थ डोमेन ने उतारे सर्दी, खांसी और श्वसन के लिए नए हर्बल उत्पाद

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**ली हेल्थ** डोमेन, हैदराबाद की एक फार्मास्यूटिकल कंपनी ने कॉमन कोल्ड, वायरल फ्लू, गले में खराश और खांसी से तुरंत राहत पाने के लिए कॉम्बो पैक के रूप में रोल ऑन कोल्ड, स्टीम मंत्रा और वासा तुलसी ब्रांड नाम के तहत थाइमस प्लस कफ सिरप के साथ एक नए अत्यधिक शक्तिशाली हर्बल उत्पाद लॉन्च किए।



रोल ऑन कोल्ड लेमन ग्रास ऑयल, विंटर ग्रीन ऑयल, नीलगिरी का तेल, शिमला मिर्च का तेल, हल्दी का तेल, मेन्थॉल और कपूर जैसे आवश्यक तेलों के साथ तैयार किया गया है। ठंड और बंद नाक से तुरंत राहत प्रदान करने के लिए टिश्यू पेपर पर रोल ऑन कोल्ड रगड़ें और गहरी सांस लें। स्टीम मंत्रा सर्दी, खांसी, गले में खराश और आसान श्वसन के लिए एक नया हर्बल उत्पाद है। सामान्य सर्दी, खांसी और गले की खराश से पूरी तरह से राहत पाने के लिए 3 से 5 मिनट के लिए स्टीम वेपोराइजर में स्टीम मंत्रा की दो से तीन बूंदों का उपयोग किया जा सकता है।

ली हेल्थ डोमेन की डायरेक्टर लेना रानी ने बताया, थाइमस प्लस के साथ वासा तुलसी चिकित्सकीय रूप से सिद्ध जड़ी-बूटियों जैसे, थाइमस, प्रिमुला रूट और फूलों के अर्क के साथ तालीपत्र, वासा, तुलसी, सुन्थी, पुदीना, लॉंग और अन्य हर्बल सामग्री के मिश्रण में तैयार किया गया है। वासा तुलसी ब्रोन्कियल मांसपेशियों को आराम देती है और खांसी और छाती में जमाव से राहत पाने के लिए ब्रोन्ची से बलगम को बाहर निकालने में मदद करती है। वायुमार्ग को चौड़ा करके सांस की तकलीफ से राहत दिलाने में भी मदद करता है। उत्पाद अमेज़न के साथ-साथ वेबसाइट ***www.leehealthdomain.com*** पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

# बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं बिजली के टूटे खंबे

## शिकायतों के बाद भी संबंधित विभाग के अधिकारी बैठे हैं अपनी आंखें मूंद कर

कविता। फरीदाबाद



सेक्टर-12-15 की रोड़ पर टूटें बिजली के खम्बे।



सेक्टर-24 में स्ट्रीट लाईट का पोल गिरा हुआ।



निगम के दफ्तर के निकट खम्बा टूटने से निकली बिजली की नंगी तार।

**औद्योगिक** नगरी की सड़कों पर कभी भी बिजली के खम्भों के कारण बड़ा हादसा घटित हो सकता है। जगह-जगह बिजली के खम्भे टूटकर गिर रहे हैं, लेकिन बिजली निगम के अधिकारी ध्यान ही नहीं दे रहे हैं। शहर की सड़कों पर जगह-जगह खम्भे टूटने के बाद नंगी तारें देखने को मिली। सेक्टर-23 बिजली दफ्तर के सामने खम्भा टूटा पड़ा था और बिजली की नंगी तार रेडलाइट पर खड़े होने वाले वाहन चालकों और पद यात्रियों को हादसों का न्योता देती नजर आई। वहीं बिजली के खम्भों के कारण कई बार आवारा पशुओं को अपनी जान तक गंवानी पड़ जाती है, लेकिन इसके बाद भी बिजली निगम इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहा है। शहर में बिजली के खम्बें और स्ट्रीट लाईटों के पोल टूटकर जगह-जगह गिर रहे हैं।

**विभिन्न स्थानों पर खतरा :** शहर में जगह-जगह बिजली के खम्भे टूटे पड़े हैं। सड़कों पर जगह-जगह खम्बें टूटने के बाद नंगी तारें देखने को मिली। सेक्टर-23 बिजली दफ्तर के सामने ऐसा ही एक नजारा देखने को मिला। जहां खम्भा टूटकर गिरा हुआ था और नंगी तारे साफ देखी जा सकती थी। वहीं दूसरी तरफ सेक्टर-24 में भी करीब आधा दर्जन खम्बें और स्ट्रीट लाइटों के पोल टूटे पड़े नजर आए। वहीं सेक्टर-15 में भी चार खम्भे टूटे नजर आए। इसी तरह से ग्रेटर फरीदाबाद और कई कालोनियों में टूटे बिजली के खम्भे और उनसे गिरे हुए बिजली के तार हादसों को न्यौता देते नजर आए।

**हो चुके हैं हादसे :** बिजली निगम द्वारा न तो टूटे खम्भों को ठीक करवाए जा रहा हैं और न ही स्ट्रीट लाइटों के टूटे पोल ठीक किए जा रहे हैं। ऐसे में करंट लगने के कारण कई पशुओं की मौत के मामले सामने आ चुके हैं। संजय कालोनी में बरसात के दिनों में दो गायों की करंट लगने से मौत हो गई थी। करंट से दुधारू भैंस की भी नहरपार मौत हो गई थी। ऐसे में ग्रामीणों और कालोनी वासियों ने हंगामा किया था। लेकिन बिजली विभाग इन घटनाओं के बाद भी सबक नहीं ले रहा है। आज भी बिजली के टूटे खम्बें और नंगी बिजली की तारें शहर में जगह-जगह देखने को मिल रही हैं।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह : नियम तोड़ने वालों पर लगाया 7.54 लाख रुपए का जुर्माना

## चालानों में मुख्य रुप से रॉन्ग साइड के 604, बिना हेलमेट के 421, लेन ड्राइविंग के 227, रॉन्ग पार्किंग के 185 तथा बिना सीट बेल्ट के 101 चालान शामिल

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद



चालान काटते पुलिसकर्मी।

**गृह** मंत्री अनिल विज, पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल, आईजी ट्रैफिक हरदीप सिंह दून तथा पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा के आदेशानुसार 11 से 17 जनवरी तक मनाए गए सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत फरीदाबाद पुलिस ने नागरिकों को यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ साथ बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, रॉन्ग लेन, ओवरलोडिंग व अवैध पार्किंग के 1559 चालान काटकर 7.54 लाख रुपए का जुर्माना किया है। सड़क सुरक्षा सप्ताह में प्रत्येक दिन अलग-अलग ट्रैफिक नियमों के तहत चालान किए गए हैं जिसमें पहले दिन वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाएं गए। दूसरे दिन रॉन्ग साइड, तीसरे दिन रॉन्ग लेन, चौथे दिन ओवरलोडिंग, पांचवे दिन बिना हेलमेट, छठे दिन सीट बेल्ट तथा आखरी दिन रॉन्ग पार्किंग के चालान किए गए।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी ट्रैफिक नीतीश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश व एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस ने यह विशेष अभियान चलाया। सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत फरीदाबाद पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों की महत्वता के बारे में जानकारी प्रदान की। वाहन चालकों को सड़क पर यात्रा करते समय दुर्घटना से बचाव के लिए सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने तथा गलत दिशा व तय गति सीमा से अधिक गति में वाहन न चलाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही राजमार्गों पर यात्रा करते समय भारी वाहन चालकों को अपनी लेन में ही यात्रा करने के बारे में बताया। कई बार भारी वाहन चालक राजमार्गों पर चलते समय अपनी लेन को छोड़कर दूसरी लेन में घुस जाते हैं जिसकी वजह से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना में वृद्धि होती है पुलिस टीम ने यातायात नियमों का पालन न करने वाले 1559 वाहन चालकों के चालान काटकर 754300 रुपए का जुर्माना लगाया है। काटे गए इन चालानों में रॉन्ग साइड के 604, बिना हेलमेट के 421, लेन ड्राइविंग के 227, रॉन्ग पार्किंग के 185 तथा बिना सीट बेल्ट के 101, बिना रिफ्लेक्टर के 16, ओवरलोडिंग का 1 चालान शामिल है। इसके साथ ही 143 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड तथा जुगाड़ू तरीके से बनाए गए 4 वाहनों को जब्त किया गया है।

डीसीपी ट्रैफिक ने सभी वाहन चालकों से अनुरोध करते हुए कहा कि यात्री सड़क पर यात्रा करते समय सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करें। नागरिकों को आर्थिक दंड से दंडित करने का अर्थ यह नहीं है कि वह उनसे किसी प्रकार का लाभ प्राप्त करना चाहती है। परंतु इससे नागरिकों को सीखना चाहिए कि यह सड़क सुरक्षा नियम वाहन चालकों की सुरक्षा हेतु बनाए गए हैं।

# सोसायटी प्रधान की पत्नी की कार पर जानलेवा हमला

## प्रधान की पत्नी ने शिकायत खेड़ी पुल चौकी को दी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**ग्रेटर** फरीदाबाद की सबसे बड़ी प्राणायाम सोसायटी में रहने वाले सोसायटी के प्रधान की पत्नी की कार पर कुछ बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। जिस पर प्रधान की पत्नी ने लिखित में शिकायत खेड़ी पुल चौकी को दी है।

**यह है पूरा मामला:** प्राणायाम सोसायटी निवासी योगेश मान ने बताया कि वह हाल ही में हुए चुनावों में दूसरी बार प्रधान निर्वाचित हुए है। वह और उनकी पत्नी मीनाक्षी निजी कम्पनी में काम करते हैं। वह रोजाना अपनी पत्नी को दिल्ली ले जाते है, लेकिन बुधवार को वह चंडीगढ़ किसी काम से निकले थे। जिस कारण उनकी पत्नी मीनाक्षी ड्राइवर के संग दिल्ली काम से जा रही थी। जब वह सोसायटी से निकलकर अमोलिक चौक पर पहुंचे, तो करीब 20 से 25 वर्ष की आयु के ग्रुप में खड़े लड़कों ने गाड़ी पर पत्थर फैंकने शुरू कर दिए। जैसे ही पहला पत्थर लगा, तो ड्राईवर ने कार रोक ली और थोड़ा बैक करके एक्सीलेटर दबा दिया, लेकिन इसके बावजूद भी लड़कों ने करीब तीन बड़े पत्थर गाड़ी पर फैंक दिए। हालांकि इस जानलेवा हमले में मीनाक्षी ड्राइवर की सुझबुझ से बच गई, लेकिन इस हादसे में मिनाक्षी ने देखा कि आरोपी जहां पत्थर मार रहे थे, वहीं हमलावरों में शामिल एक व्यक्ति के पास हथियार भी था। जोकि देसी कट्टे जैसा लग रहा था। जिस पर उन्होंने खेड़ी पुल चौकी में शिकायत दी है। वहीं सीपी को भी इस हमले की घटना से अवगत करवाया है।

**नहीं है कोई दुश्मनी:** योगेश मान ने कहा कि मेरी किसी से किसी भी प्रकार की कोई भी दुश्मनी नहीं है और पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ अपनी सोसाइटी में अच्छे कार्य करने में किए हैं और करने में लगा हूं। ऐसे में इस तरह की वारदात यदि मेरे परिवार के साथ होती है तो यह बड़ा भयावह एवं दर्दनाक है।'

# प्रदर्शन की कामयाबी के लिए रणनीति बनाई



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** कर्मचारी महासंघ की राज्य कमेटी के आव्हान पर एवम् विरोध प्रदर्शन की दूसरी कड़ी में हिसार कमिश्नरी कार्यालय का घेराव करने को लेकर हरियाणा कर्मचारी महासंघ से जुड़े सभी विभागों के कर्मचारी नेताओं ने अपनी गतिविधियों को तेज करते हुए कर्मचारियों से संपर्क साधा। भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

इसी कड़ी में हरियाणा कर्मचारी महासंघ के मीडिया प्रभारी लेखराज चौधरी ने बताया कि हरियाणा कर्मचारी महासंघ से जुड़ी हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन फरीदाबाद सर्कल की एनआईटी फरीदाबाद यूनिट, बल्लभगढ़ यूनिट, ग्रेटर फरीदाबाद यूनिट व ओल्ड फरीदाबाद यूनिट के पदाधिकारियों की एक मीटिंग मुजेसर बाटा रोड स्थित पावर हाउस पर हुई । जिसमें कर्मचारी महासंघ के होने वाले विरोध प्रदर्शन के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये कर्मचारियों को कहा गया कि आने वाली 20 जनवरी 2023 दिन शुक्रवार को भारी तादात के साथ हजारों की संख्या में अलग अलग डिपार्टमेंटों के कर्मचारी अपनी लाम्बित और जायज मांगों को लेकर हरियाणा कर्मचारी महासंघ दवारा किये जाने वाले रोष प्रदर्शनों की श्रृंखला में हल्ला बोलने में अग्रिम पंक्ति में रहेगा।

# चिंटेल्स पैराडिसो हादसे में सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

## विधानसभा सत्र में विधायक नीरज शर्मा ने उठाया था मुद्दा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



नीरज शर्मा।

**एनआईटी** फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि 10 फरवरी को गुरुग्राम स्थित चिंटेल्स पैराडिसो सोसायटी में छत गिरने से एक महिला की मौत हो गई थी। दो लोग गम्भीर रूप से धायल हुए थे। इसी मामले को लेकर उनके द्वारा विधानसभा बजट सत्र मार्च 2022 में मामला ध्यानाकर्षण सूचना 63 में उठाया था। जिस पर उनके द्वारा बोला था कि क्या यह पहली धटना नहीं है।

ऐसी कही घटना पहले भी हो गई है, लेकिन एक बार विभाग कम्पलीशन सर्टिफिकेट जारी के करने के बाद क्या कोई ऐसा सिस्टम है की क्या उसको पुन: चैक किया जाता है और फायर ब्रिगेड की एनओसी विभाग जारी कर देते है लेकिन सरकार के पास हाईराइज बिल्डिंग के लिए फायर ब्रिगेड ही नही है। विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा में मांग की थी पूर्ण मामले में दूध का दूध और पानी का पानी होना चाहिए पूरे मामले की सीबीआई जांच करवाई जानी चाहिए। इससे पहले भी विधायक नीरज शर्मा द्वारा सकार से अतारंकित प्रश्न संख्या 0606 में पूछा गया था कि क्या सरकार के दमकल स्टेशनो में हाईडोलिक अग्निशमक मशीनों की जिलेवार संख्या कितनी है। जो 15 मंजिलों से अधिक भवनों में आग के मामले में प्रयोग की जाती है। जिस पर सरकार ने अपने जवाब में कहा था कि पंचकुला, गुरूग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, में सिर्फ उस हाईड्रोलिक प्लेटफार्म उपलब्ध है। जिसका उपयोग फायर ब्रिगेड के द्वारा किया जाता है। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि उनके द्वारा कई बार सरकार के समक्ष बहुमंजिला इमारतों को लेकर चिन्ता व्यक्त की गई है लेकिन इस और सरकार ध्यान देने को तैयार नहीं। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि फरीदाबाद एंव गुरूग्रमा में कई ऐसे हस्पताल चल रहे है जिनके पास ना तो अक्यूपेशन सटिफिकेट है और ना ही कम्पलीशन सटिफिकेट है। विधानसभा में बार-2 उपरोक्त सटिफिकेट की काफी मांगी जाती है लेकिन सरकार देने को तैयार नही जिससे प्रतीत होता है कि सरकार भू माफियों के साथ मिलकर काम कर रही है।

# गुरूद्वारा श्री गुरू कलिगघर साहिब की कार्यकारिणी का गठन

**फरीदाबाद।** गुरुद्वारा श्रीगुरू कलिगघर साहिब जवाहर कालोनी एनआईटी फरीदाबाद के प्रधान अमरीक सिंह ने अपनी नई कार्यकारिणी सर्वसम्मति से घोषित की। जिसमें प्रधान अमरीक सिंह के अलावा वाइस प्रैसिडेंट के रूप में जोगेन्द्र सिंह, जनरल सैकेट्री गुरूदीप सिंह, ज्वाईट सैकेट्री सुरेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष गुरूचरण सिंह, एग्जिक्यूटिव मैम्बर के रूप में हरसाल सिंह, गुरू शेर रणजीत सिंह, जसपाल सिंह, हरविन्दर सिंह, लखा सिंह, गुरमीत सिंह, हरविन्दर सिंह राजू, सुमन, हरमीत घोषित किए गए। अमरीक सिंह ने बताया कि गुरूद्वारा श्री गुरू कलिगघर साहिब जवाहर कालोनी एनआईटी फरीदाबाद का नया रजिस्ट्रेशन हुआ है। जिसके बाद सर्व सम्मति से यह कार्यकारिणी गठित की गई है। जिसके बाद नई पदभार ग्रहण करते हुए भविष्य में प्रबंधन के काम को और अधिक सुचारू रूप से करने प्रण लिया।

# रागनी और नाटक से दे रहे एचआईवी से बचने का संदेश

कविता। फरीदाबाद



एचआईवी के प्रति रागनी के जरिए ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कर्मजीत एंड पार्टी

**हे रे,** सून लो सारे भाईयों, हे सब चाची ताई, इब मारी बात पे ध्यान लगाईयों, हे सबने फोन मिलाना है, इस हरियाणा में नाको का प्रचार कराना से, सुरक्षा चक्र अपना एचआईवी से बचना है... कुछ इस तरह की रागिनी और नुक्कड़ नाटकों के जरिये एचआईवी/एड्स से बचाव के तरिके बताये जा रहे हैं। जिला स्वास्थ्य विभाग ने यूथ दिवस से 35 दिनों के लिए फॉक मीडिया कैंपेन शुरू किया है। जिसमें हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने दो टीमों को यह कार्य सौंपा है। फिलहाल जिले में कर्मजीत एंड पार्टी के कलाकार लोगों को जागरूक कर रहे हैं। आज पाली और मौहब्ताबाद में जागरूकता कार्यक्रम किए जाऐंगे।

**ऐसे कर रहे जागरूक:** एचआईवी विभाग से प्रीति ने बताया कि जिला क्षयरोग/एचआईवी अधिकारी डा. रिचा बत्रा के निर्देशन में यह कार्यक्रम शुरू हुआ है। इसका उद्घाटन डिप्टी सीएमओं डॉ. रिचा बत्रा व अन्य चिकित्सकों ने किया था। जिले में 70 गांवों में जाकर टीमें जागरूक करेंगी। एक दिन में दो गांवों को कवर किया जा रहा है। जिसमें दो टीमें तैयार की गई है। पहली टीम कर्मजीत एंड पार्टी 35 गांवों को कर रही है। वहीं दूसरी टीम परमजीत एंड पार्टी अन्य 35 गांवों को कवर करेंगी। धौज इलाकें में अब तक करीब 275 लोगों की एचआईवी की जांच की जा चुकी है।

**कर्मजीत एंड पार्टी :** कर्मजीत ने बताया कि उन्हें जागरूक करने के आदेश मिले है। जिसके तहत वह नुकड़ नाटक, काउंसलिंग, टैस्टिंग, रागनी, भजन के जरिये ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं। 14 जनवरी से अब तक धौज, पाखल, आलमपुर, पावटा, खोरी, जमालपुर, सिरोही, कोट गांव में ग्रामीणों को जागरूक कर चुके हैं। टीमें लगातार टैस्टिंग भी कर रही है। उनकी पार्टी में कलाकार ममता, सुलतान, इंद्रजीत, रंजीत, सचिन, जयपाल, रौबिन आदि शामिल हैं। बृहस्पतिवार को पाली पीएचसी और मोहबताबाद में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। एक दिन में दो गांव करव रहे हैं। जिसमें सुबह 11 से एक गांव और दोपहर दो बजे से दूसरे गांव में कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

# डायमंड ज्वेलरी से अपने सपने को साकार करें

**फरीदाबाद।** रिलायंस ज्वेल्स की ड्रीम डायमंड सेल के साथ हीरे की जगमगाहट और बेजोड़ चमक से अपने दिल में सुखद एहसास जगाने का समय आ गया है। रिलायंस ज्वेल्स हमेशा से ही बेमिसाल डिजाइन, शानदार कलेक्शन और तरह-तरह के रोमांचक ऑफर्स के जरिए अपने ग्राहकों को खरीदारी का सबसे बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए संकल्प पर कायम है।

रिलायंस ज्वेल्स के सीईओ, सुनील नायक ने कहा अब यह ब्रांड ड्रीम डायमंड सेल के माध्यम से अपने ग्राहकों को अव्वल दर्जे की कारीगरी के साथ तैयार किए गए डायमंड ज्वैलरी डिजाइन की एक बड़ी रेंज का अनुभव करने का अवसर दे रहा है। जगमगाते हीरे और हाथों की उम्दा कारीगरी से तैयार किए गए इस डायमंड कलेक्शन में नेकलेस सेट, पेंडेंट सेट, चूड़ियाँ, कंगन, अंगूठियां और इसी तरह के कई अन्य आभूषणों के बेहद आकर्षक डिज़ाइन पेश किए गए हैं, जो निश्चित तौर पर किसी भी खास मौके पर इसे पहनने वाले को तारीफ का पात्र बना देंगे।

# लोगों का मोह आम आदमी पार्टी की तरफ बढ़ रहा : भड़ाना

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी जिला कार्यालय पर प्रवक्ता हंसराज दायमा के नेतृत्व में वार्ड नंबर 27 से विजयपाल बहादुर सिंह ने अपने दर्जनो साथियों के साथ आप आदमी पार्टी का दामन थामा। जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने सभी को पार्टी की टोपी एवं पटका पहनाकर और पार्टी की सदस्यता दिलाई।



इस मौके पर मुख्य रूप से जिला सचिव भीम यादव, ओपी वर्मा, हंसराज दायमा, संदीप राव एवं मुल्कराज भड़ाना उपस्थित रहे। इस अवसर पर धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नीतियों एवं कार्यशैली से प्रभावित होकर जिस प्रकार पंजाब में लोगों ने सत्ता सौंपी है। उसी तर्ज पर हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सुनामी आएगी और निरंकुश भारतीय जनता पार्टी के शासन को हिलाकर रख देगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली एमसीडी चुनावों में जीतने के बाद लोगों का मोह तेजी से आम आदमी पार्टी की तरफ बढ़ रहा है। भड़ाना ने परिवार पहचान पत्र को परिवार परेशान पत्र बताते हुए कहा कि इस परिवार पहचान पत्र से हरियाणा की जनता राहत पाने की बजाए और भी ज्यादा परेशान हो गई हैं, भाजपा सरकार ने गरीब जनता के राशन कार्ड काट दिए हैं और अमिर लोगों के कार्ड बना दिए हैं और अगर अब लोग कार्ड को ठीक कराने जाते हैं तो उन्हे घंटो-घंटो लाइनो में लगना होता हैं। फीस के नाम पर लोगों से 800 से लेकर 3500 रुपये तक लिए जा रहें है। भड़ाना ने कहा कि भाजपा सरकार इसी डर के कारण नगर निगम चुनावो से भाग रही हैं क्योकि इस बार जनता ने नेक नियत वाली आम आदमी पार्टी को चुनने का फैंसला कर लिया हैं। फरीदाबाद में होने वाले नगर निगम चुनावों को लेकर भड़ाना ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि मजबूत प्रत्याशियों को मैदान में उतारा जाए।

इस दौरान सुरेश भाटी, गौतम कुमार, गुरदिप सिंह, राम प्रवेश, हरबजन सिंह, प्रवीन कुमार, पीन्टु कुमार, बिल्लू, रविन्द्र आदि मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## जेपी नड्डा का कार्यकाल बढ़ाए जाने पर बबली ने जताई खुशी



**फरीदाबाद।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल बढ़ाए जाने पर अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बबली ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जगत प्रकाश नड्डा का जीवन संघर्ष से भरा रहा है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से राजनीति की पारी शुरू करने वाले नड्डा ने फर्श पर सोकर अर्श तक का सफर पूरा किया है। बतौर छात्र नेता जगत प्रकाश नड्डा मंडल कमीशन के विरोध में आंदोलन का हिस्सा बने थे, पदयात्रा के दौरान रात में एबीवीपी कार्यकर्ता का घर ढूंढ कर फर्श पर ही सो जाया करते थे। उन्होंने कहा कि विरोधी लहर में भी नड्डा ने जीत हासिल की थी। साल 1993 के चुनाव में विरोधी लहर होने पर भी नड्डा ने जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा कि सियासत में तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल के साथ कथित अनबन पर जगत प्रकाश नड्डा ने हिमाचल प्रदेश की राजनीति से निकलकर केंद्र की राह थामी। उन्होंने तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह और अमित शाह के साथ बतौर महासचिव काम किया। आज जगत प्रकाश नड्डा सेवा विस्तार पानेवाले तीसरे राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। उन्होंने कहा कि हम इश्वर से यहीं कांमना करते हैं कि वह इसी प्रकार सफल होतें रहें और देश के विकास में अपना योगदान देते रहें।

## जेल में लगाई लोक अदालत, सात केसों का हुआ निपटारा

**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाईएस राठौर के दिशा निर्देशानुसार जिला जेल नीमका में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकीर्ति गोयल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जेल लोक अदालत में 40 केस रखे गए जिनमें से सात केसों का मौके पर निपटारा किया गया। जोकि चोरी व छोटी मारपीट से संबंधित थे। जेल में बंद दिनों को सजा मानकर कटी। सजा पर यदि आरोपी किसी दूसरे केस में वांछित ना हो तो ऐसे सात हवालाती बंदियों को छोड़ने का आदेश दिया गया। इस मौके पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुकीर्ति गोयल ने विचाराधीन बंदियों को कहा कि जाने अनजाने में जो गलती हुई है। उनका सुधार करते हुए अपना समय अच्छे काम में लगाएं। ताकि आपका आने वाला भविष्य उज्जवल हो सके। आप अपना बेहतर जीवन समाज में जाकर मुख्यधारा से जुड़ कर जी सकें। जेल सुपरिटेंडेंट जय किशन छिल्लर ने कहा कि जिला जेल नीमका में ऐसा कोई भी विचाराधीन बंदी नहीं है। जिसका की कोई वकील ना हो या तो उसका प्राइवेट वकील है या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से उसका सरकारी वकील प्रदान करवाया गया है। बुधवार को जिला जेल लोक अदालत में जेल सुपरिटेंडेंट जयकिशन छिल्लर, डिप्टी जेल सुपरिटेंडेंट अनिल कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल एडवोकेट रामवीर तंवर मनोज शर्मा व प्रभात शंकर स्टेनो उपस्थित रहे।

## टूरिज्म कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर दिया धरना



**फरीदाबाद।** सूरजकुंड स्थित होटल राजहंस के सामने पार्क में हरियाणा टूरिज्म कर्मचारी संघ फरीदाबाद द्वारा अपनी मांगो को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। इसमें भारतीय मजदूर संघ फरीदाबाद के विभिन्न संगठनों ग्रुप चार कर्मचारी संघ, नगर निगम कर्मचारी संघ, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, ग्रामीण ट्यूबवैल आपरेटर ओर्गेनाइजेशन, एनओबीडबलू संघ आदि संगठनों ने भाग लिया और टूरिज्म कर्मचारियों को उनके संघर्ष में पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। इस प्रदर्शन को बाबू आर्य भड़ाना प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में सुन्दर भड़ाना, महेश हुड्डा, मटरू लाल, शैलेश कुमार, सुरेन्द्र देशवाल, बहन रेखा, प्रेम रावत, प्रभु शंकर, सुभाष चन्द्र उपाध्याय, अक्षय महाराणा, आर सी कटोच, डॉ दीपक कुमार आदि वक्ताओं ने सम्बोधित करते हुए मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रहने का आह्वान किया। मंच संचालन नीरज त्यागी जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ फरीदाबाद ने किया। सभी लोगों से संघर्ष में सफलता के लिए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। सभी उपस्थित संगठनों के साथियों का आभार व्यक्त करते हुए और जी एम राजहंस होटल के नाम ज्ञापन देने के बाद प्रदर्शन की समाप्ति का ऐलान किया। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा (सम्बंधित भारतीय मजदूर संघ हरियाणा) प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र देशवाल व जिला प्रधान दीपक कुमार, उपाध्यक्ष रेखा, महासचिव बलराज सिंह मोर, कोषाध्यक्ष सतपाल बैंसला अपने साथियों सहित पहुंच कर हरियाणा टूरिज्म फरीदाबाद के कर्मचारियों की विभिन्न मांगों का समर्थन किया और आह्वान किया। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा हरियाणा टूरिज्म कर्मचारियों के साथ हर पल खड़ा है।

## भाजपा कार्यालय पर 'डाटा प्रबंधन एवं उपयोग' कार्यशाला संपन्न




**फरीदाबाद।** अटल कमल भाजपा जिला कार्यालय पर डाटा प्रबंधन एवं उपयोग की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में हर प्रकार से मानव डिजिटल होता जा रहा है आप देखते होंगे की अब हम बिना कैश के भी सामान ले सकते है जिसका भुगतान हम डिजिटल माध्यम से करते हैं उसी डिजिटल माध्यम की कड़ी में भाजपा ने भी डिजिटल होने का लक्ष्य रखा है जिसकी कड़ी में जिले के सभी कार्यकर्त्ता फ़रवरी माह तक सरल एप्प से जुड़ें और पार्टी समर्थक व विचारधारा वाले लोगों को भी सरल एप्प से जोड़ें । गोपाल शर्मा ने जिले के सभी कार्यकर्ताओं को डिजिटल होने के लाभ भी बताए। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से कार्यकर्ताओं को विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए डाटा प्रबंधन एवं उपयोग विभाग के फरीदाबाद जिला प्रभारी रामवीर भाटी ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय स्तर से लेकर पन्ना समिति स्तर तक के कार्यकर्ताओं को सरल एप्प पर डिजिटल करना है जिसकी पूर्ण जानकारी बैठक में आए सभी कार्यकर्ताओं को सरल एप्प का रजिस्ट्रेशन प्रोसेर समझाया व उन सभी का रजिस्ट्रेशन भी कराया। इसमें भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य, मोर्चे एवं प्रकोष्ठ/विभाग के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य, मोर्चों के जिलाध्यक्ष व महामंत्री, मिडिया विभाग के विधानसभा प्रमुख, बीएल ए-1, प्रकोष्ठ एवं विभाग के जिला संयोजक और सह संयोजक उपस्तिथ रहे। इस अवसर पर डाटा प्रबंधन एवं उपयोग विभाग के फरीदाबाद जिला प्रभारी रामवीर भाटी, जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, प्रदेश अनुसाशन समिति की अध्यक्षता नीरा तोमर, संदीप जोशी, सोहनपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## बालकिशन को दी बधाई

**फरीदाबाद।** प्रदेश संगठन मंत्री केदारनाथ अग्रवाल ने बालकिशन अग्रवाल को व्यापारी कल्याण बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त होने पर फोन पर उनको बधाई दी। केदारनाथ अग्रवाल ने बताया कि शीघ्र ही फरीदाबाद में चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल का स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बालकिशन अग्रवाल को व्यापारी कल्याण बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त करने पर समस्त अग्रवाल समाज व व्यापारियों में हर्ष की लहर है।

## दबाव कारगर

### मक्की आतंकी घोषित


**चीन** ने आतंकी मक्की से 'सुरक्षा कवच' हटा लिया है तथा पाकिस्तान ने भारत से संवाद की इच्छा प्रकट की है। लेकिन सवाल है कि क्या चीता अपनी खाल बदल सकता है? या पाकिस्तान आतंकवाद प्रायोजक देश नहीं रहा? या चीन ने पाकिस्तान का समर्थन करना बंद कर दिया? इन तीनों सवालों का जवाब नकारात्मक है। जिस प्रकार किसी जानवर का जेनेटिक कोड नहीं बदला ला सकता है, उसी प्रकार किसी राष्ट्र-राज्य का चरित्र भी नहीं बदला जा सकता है। यह बात खासकर दो खतरनाक दुष्ट देशों के बारे में सही है जिनमें आतंक का निर्यात करने वाला पाकिस्तान व कोविड-19 बीमारी का दुनिया के सभी हिस्सों में प्रसार करने वाला चीन शामिल है। हम उनकी प्रकृति नहीं बदल सकते, पर उनको उचित व्यवहार के लिए मजबूर कर सकते हैं। दुनिया ने देखा है कि इस्लामी आतंकवाद का प्रवाह पाकिस्तान से होता है और अब वह जिहादियों पर नियंत्रण की बात कर दुनिया को मूर्ख नहीं बना सकता है। हालांकि, पाकिस्तान वित्तीय कार्रवाई कार्यबल-एफएटीएफ को यह समझाने में सफल रहा है और उसने पिछले साल अक्टूबर में उसे 'ग्रे लिस्ट' से बाहर कर दिया। भारतीय विदेश नीति को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उसने संरा. सुरक्षा परिषद के 15 में से 14 सदस्यों का समर्थन प्राप्त किया जिससे चीन को मजबूर होकर लाहौर स्थित लश्करे तैयबा के उप प्रमुख अब्दुल रहमान मक्की को वैश्विक आतंकी घोषित करने पर अपनी 'तकनीकी' आपत्ति हटा ली। अमेरिकन न्याय विभाग ने मक्की के सिर पर 2 मिलियन डालर का इनाम घोषित किया है जो घोषित आतंकी व लश्करे तैयबा प्रमुख हाफिज सईद का साला है। उल्लेखनीय है कि मक्की को आतंकी गतिविधियों के लिए मध्यपूर्व से पैसा एकत्र करने में महारत हासिल है।



भारतीय राजनयिकों के निरंतर व दृढ़ प्रयासों से चीन को मक्की के मामले में मजबूर होकर अपना दृष्टिकोण बदलना पड़ा। चीन संरा. सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य है और उसके पास वीटो अधिकार है। जुलाई, 2022 में चीन ने मक्की को 1267 समिति द्वारा वैश्विक आतंकी घोषित करने पर तकनीकी आपत्ति की थी। नई दिल्ली की इसी समिति से मांग थी कि 26-11 के हत्यारे लश्करे तैयबा के साजिद मीर को वैश्विक आतंकी घोषित किया जाए। सभी जानते हैं कि चीन संरा. सुरक्षा परिषद में भारत द्वारा इस्लामी आतंक पर निशाना लगाने की स्थिति में अपने 'सदाबहार दोस्त' पाकिस्तान की रक्षा करता रहा है। उदाहरणार्थ, चीन ने मसूद अजहर को वैश्विक आतंकी घोषित करने के प्रयासों को विफल कर दिया। ऐसा ही हाफिज सईद के मामले में भी है। पाकिस्तानी अवस्थापना के पंसदीदा लोगों में शामिल इन आतंकियों ने भारत में बहुत खून बहाया है, लेकिन इसी के साथ ही उनके कारण पाकिस्तान आज भिखारी हो गया है। यही कारण है कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ अब भारत के साथ शांति चाहते हैं। दुबई के अल अरबिया टीवी से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उनके देश ने भारत से तीन युद्धों के बाद यह सबक सीखा है कि इससे 'ज्यादा संकट, गरीबी और बेरोजगारी' पैदा हुई है। शरीफ़ ने कहा, 'मेरा संदेश भारतीय नेतृत्व व प्रधानमंत्री मोदी के लिए यह है कि वार्ता की मेज पर बैठें तथा गंभीर वार्ताओं से कश्मीर जैसी ज्वलंत समस्याओं का समाधान करें। यह हमारे ऊपर है कि शांतिपूर्वक रह कर प्रगति करें या एक दूसरे से झगड़ा कर समय और संसाधन बरबाद करें।' चीन की तरह पाकिस्तान पर भी समझदारी से काम करने का दबाव है। शांतिपूर्ण देश होने के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच संवाद हो सकता है, लेकिन हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि वह दबाव के कारण ही थोड़ा मुलायम पड़ा है। भारत सरकार ने बार-बार कहा है कि आतंक व वार्ता एकसाथ नहीं चल सकती और वह इस पर कायम है।

# जोशीमठ त्रासदी का कारण लालच

विकास के नाम पर किया जाने वाला बेलगाम निर्माण पर्यावरणीय दुर्घटनाओं का कारण है। जोशीमठ त्रासदी का कारण भी लालच है।



**अश्विनी महाजन**

(लेखक, दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)



आदि शंकराचार्य ने आठवीं शताब्दी में पवित्र ज्योतिर्लिंग वाले स्थान पर एक शहर का निर्माण कराया जिसे जोशीमठ या ज्योतिर्मय कहा जाता है। जोशीमठ के धंसने की खबरों ने न केवल उत्तराखंड, बल्कि पूरे देश को झकझोर दिया है। जहां एक ओर जोशीमठ के धंसने के कारण बड़ी संख्या में लोगों को विस्थापित होना पड़ा है, वहीं दूसरी ओर कोई राजनीतिक पार्टी इसका समाधान नहीं पेश कर रही है। वे केवल एक दूसरे पर आरोप लगा रही हैं। इस बीच जिला प्रशासन के आदेश से राष्ट्रीय तापविद्युत निगम-एनटीपीसी ने तपोवन विष्णुगढ़ पनबिजली परियोजना पर काम रोक दिया है जिसमें हेलांग बाईपास रोड भी शामिल है। 'जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति' ने इसके लिए आंदोलन किया था। एशिया के सबसे लंबे रोपवे पर भी काम रुक गया है। हालांकि, ये कदम संकट के कारण उठाए गए हैं, पर विशेषज्ञों का विश्वास है कि जोशीमठ को धंसने से नहीं रोका जा सकता है। इस प्रकार आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित पहले ज्योतिर्मठ का धंसना फिलहाल रोका नहीं जा सकता है। हिमालयी क्षेत्र में ऐसी त्रासदी पहली बार सामने नहीं आई है। वर्ष 2021 में भी चमोली रोड पर तपोवन बांध के निर्माणस्थल पर श्रमिकों समेत 200 लोगों की जान चली गई थी।

इसके पहले भी 2013 में क्षेत्र में भारी बरसात के बाद गंगा, यमुना व उनकी सहायक नदियों में आई बाढ़ के कारण बड़ी संख्या में पुल, सड़कें व इमारतें ध्वस्त हो गई थीं। हालिया वर्षों में हिमालयी क्षेत्र में ऐसी विभीषिकाओं की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। इन प्राकृतिक आपदाओं को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। विश्वास किया जाता है कि विकास के नाम पर बेलगाम निर्माण कार्य से इन विभीषिकाओं की संख्या बढ़ रही है। इसका अर्थ है कि ये विभीषिकायें प्राकृतिक होने के बजाय 'मानव-निर्मित' हैं। अतीत में हुए तेजी से विनाश को देखते हुए यह विचार करना जरूरी हो गया है कि मानव-लालच के कारण तथाकथित विकास के नाम पर हो रहे निर्माण जारी नहीं रखे जा सकते हैं। कमजोर तथा अस्थिर पहाहों में एक प्रकार का बेलगाम निर्माण जोशीमठ के धंसने का कारण है। उल्लेखनीय है कि जिस प्रकार जोशीमठ की तलहटी में चारधाम मार्ग निर्माण और पनबिजली परियोजना के लिए पहाड़ के बीच से एनटीपीसी ने सुरंग का निर्माण किया उससे अस्थिर पहाड़ नष्ट हो रहे हैं। सवाल केवल जोशीमठ के बारे में नहीं है।

विकास के नाम पर निर्माण कार्य तथा प्रकृति से छेड़छाड़ लगातार पूरे उत्तराखंड में जारी है। पेड़ों के काटने से पहाड़ों पर हरियाली लगभग पूरी तरह नष्ट हो गई है और इसके कारण इन कमजोर हुए पहाड़ों में भूक्षरण आम बात हो गई है। पूरा उत्तराखंड व खासकर नैनीताल व मसूरी के पर्यटक केन्द्र भी धंसने के कगार पर पहुंच गए हैं। कुछ लोगों का विश्वास है कि नैनीताल में भी जोशीमठ जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। बेलगाम व बिना सोचे विचारे निर्माण पूरे उत्तराखंड में देखा जा सकता है। सड़कों को चौड़ा करने, सुरंगों के निर्माण, रेलवे लाइने बिछाने, बांधों के निर्माण, आदि के साथ ही बड़े पैमाने पर इमारतों का निर्माण हो रहा है। इनमें मुख्यत: होटलों का निर्माण पिछले दो दशक में बहुत तेजी से बढ़ा है।

यह वैज्ञानिक तथ्य है कि हिमालय तुलनात्मक रूप से युवा पहाड़ हैं और इसी कारण बहुत संवेदनशील हैं। हिमालय में उसकी धारणीय क्षमता से अधिक बड़ी छेड़छाड़ से भूस्खलन हो रहे हैं और जमीन धंस रही है। ऐसी स्थिति के कारण क्षेत्र में नए निर्माणों को बनाए नहीं रखा जा सकता है। वर्तमान स्थिति में स्वयं निर्माण के कारण ही भयानक दुर्घटनायें हो रही हैं जिनके कारण मजबूरी में निर्माण कार्य बीच में ही रोकने पड़ रहे हैं। एनटीपीसी की 520 मेगावाट पनबिजली परियोजना की शुरुआत वर्ष 2006 में हुई थी और उस समय इस पर लगभग 3,000 करोड़ खर्च का अनुमान था। लेकिन भूस्खलनों व अन्य प्राकृतिक बाधाओं के कारण इसका काम बार-बार रोकना पड़ा और अब पांचवीं बार इसका काम बंद हुआ है। विश्वास किया जाता है कि अब इसकी लागत लगभग 12,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है और इसके पूरे होने के कोई संकेत नहीं हैं। यही बात सड़कों के विस्तार पर भी लागू होती है। पनबिजली परियोजनाओं से उत्पादित बिजली की लागत लगभग 25 रुपये प्रति यूनिट है, जबकि सौर ऊर्जा से वर्तमान लागत 2.50 रुपये प्रति यूनिट आती है। इसलिए वास्तव में पनबिजली परियोजनाओं का निर्माण समझ से परे है।

संभावित प्रभावों का अध्ययन किए बिना विकास के नाम पर बेलगाम निर्माण वर्तमान त्रासदियों का कारण है और भविष्य में भी हो सकता है। बेलगाम निर्माण पर रोक लगा कर ही इस संकट से बचा जा सकता है। लेकिन बिना कानून बनाए विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्य रोका नहीं जा सकता है। विधायन एक लंबी प्रक्रिया है और विभिन्न पक्षों के बीच इस बारे में सहमति तैयार करना भी आसान नहीं है। वर्तमान संकट के कारण पैदा संवेदनशीलता का लाभ उठा कर राज्य सरकार को इस दिशा में प्रयास करना चाहिए। हालांकि, जिला प्रशासन ने सभी प्रकार की निर्माण गतिविधियों पर रोक लगा दी है, पर यदि दीर्घकालीन उपायों के बारे में नहीं सोचा गया तो देर-सवेर ये निर्माण कार्य पुन: शुरू हो जाएंगे। इसलिए जरूरी है कि इस समस्या से निपटने के दीर्घकालीन उपाय किए जांए।

हम जानते हैं कि देश की अधिकांश नदियां हिमालय पर्वतों से निकलती हैं। हालांकि, ग्लेशियर हिमालय पर्वतों की चोटियों पर हैं, लेकिन दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग के कारण ये पिघल रहे हैं। पेयजल का एकमात्र साधन होने के बावजूद इनके पिघलने से नदियों में अतिरिक्त जल की मात्रा बढ़ जाती है और इससे समुद्र का जल स्तर भी बढ़ रहा है। विभिन्न नदियों का जन्म ग्लेशियरों से होता है। अतीत में गंगा नदी का निरंतर प्रवाह बाधित करने वाली संरचनाओं के प्रति भारी विरोध हुआ था। गंगा नदी पर बांध बना कर गंगा का प्रवाह बाधित किया जा रहा है। विरोध प्रदर्शनों व आंदोलनों तथा वर्ष 2010 में प्रोफेसर जी.डी. अग्रवाल व अन्य के आमरण अनशन के कारण केन्द्र सरकार ने भागीरथी क्षेत्र को पर्यावरणीय संवेदनशील क्षेत्र घोषित कर दिया था। इसके बाद क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाओं का आना लगभग बंद हो गया। इसी प्रकार यदि भागीरथी क्षेत्र की तरह यमुनोत्री, अलकनंदा, मंदाकिनी व काली नदी तथा धौली गंगा क्षेत्रों को भी पर्यावरणीय संवेदनशील क्षेत्र घोषित कर दिया जाए तो इस कदम से भावी विभीषिकाओं को रोकने में सहायता मिल सकती है।

चूंकि अतीत में भागीरथी क्षेत्र को पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील क्षेत्र घोषित किया जा चुका है, इसलिए इसी प्रकार बाकी संवेदनशील क्षेत्रों के साथ भी यही व्यवहार होना चाहिए। इससे हिमालय पर्वत तथा दूसरे शब्दों में कहें तो देश की हजारों साल तक की जीवनरेखा सुरक्षित की जा सकती है। यह कदम न केवल हिमालयी क्षेत्र को सुरक्षित रखने, बल्कि हिमालय से निकलने वाली नदियों से आने वाले जल पर निर्भर लगभग 60 करोड़ लोगों की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। यह समझना चाहिए कि वर्तमान पीढ़ी तथा सरकार की जिम्मेदारी न केवल हिमालयी क्षेत्र की रक्षा है, बल्कि उसकी जिम्मेदारी उन सभी लोगों का भविष्य सुरक्षित रखने की भी है जो इस धरती पर रह रहे हैं तथा इस क्षेत्र से निकलने वाली नदियों पर निर्भर हैं। केन्द्र और राज्य की वर्तमान सरकारों को यह संवेदनशीलता अवश्य प्रदर्शित करनी चाहिए क्योंकि ऐसा न होने पर भावी पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं कर सकेंगी।

# मेनका बिन वरुण पर कयास एकाकी व अपूर्ण

**राज बहादुर सिंह**

(लेखक, पायनियर हिन्दी लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)




मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वरुण को लेकर तब कयासों को फिर से हवा दी जब उन्होंने कहा कि वह वरुण गांधी को गले लगा सकते हैं, लेकिन उनकी विचारधारा को नहीं। दरअसल राहुल गांधी का यह बयान वैसे ही अपरिपक्व है जैसे उनकी राजनीति। जब वरुण गांधी भाजपा में है तो उनकी विचारधारा भाजपा की ही होगी और वह भला क्यूं कर राहुल को स्वीकार्य होने लगी? कोई नेता जब किसी दूसरी पार्टी में जाता है तो पहली पार्टी की विचारधारा के साथ तो जाता नहीं। नई पार्टी में जाते ही पहले वाली पार्टी की विचारधारा का स्वत: परित्याग हो जाता है। यह साधारण प्रक्रियात्मक सत्य है और इस लिहाज से राहुल गांधी ने कोई अनोखी बात नहीं कही है।

पिछले लोकसभा चुनाव के बाद से ही भाजपा सांसद वरुण गांधी को लेकर कयास लगने शुरू हो गए थे और जैसे जैसे समय आगे बढ़ता गया कयासों का दायरा भी व्यापक होता गया। शायद ही कोई सप्ताह बीतता हो जब वरुण गांधी को लेकर कयास न लगता हो लेकिन इस सिलसिले में सबसे रोचक व महत्वपूर्ण बात उनकी मां मेनका गांधी की चर्चा न होना है। आखिर वरुण व मेनका राजनीतिक रूप से एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और ऐसे में वरुण के सियासी भविष्य पर कयास एकाकी नहीं हो सकता। बिना मेनका के न तो यह पूर्ण होगा और न ही सार्थक।

और ऐसा होना अकारण भी नहीं है और न ही अकारण है वरुण गांधी की भाजपा नेतृत्व से नाराजगी जिसके चलते वह मोदी सरकार की रीति नीति की आलोचना कर कयासों को हवा देते हैं। बात इतनी आगे बढ़ गयी है कि समझाना बुझाना तो दूर भाजपा नेतृत्व अब वरुण के बयानों का संज्ञान भी नहीं लेता। और यह रवैया वरुण को और भी आलोचना के लिए प्रेरित करता है।

बहरहाल वरुण गांधी को लेकर सियासी कयास के तब तक कोई मायने नहीं है जब तक इसमें मेनका गांधी न शामिल हों। मेनका गांधी का राजनीतिक सफर लगभग चार दशक का हो चुका है और इस दौरान वह कांग्रेस के विरोधी कैम्प में ही रहीं। पीलीभीत से 1989 व 1996 में लोकसभा चुनाव जीत कर वह केंद्र की राष्ट्रीय मोर्चा एवं संयुक्त मोर्चा सरकार में मंत्री बनीं और फिर 1998 में यही सिलसिला भाजपा के झंडे तले राजग सरकार में शुरू हुआ और अब ऐसा पहली बार है जब मेनका गांधी सिर्फ भाजपा सांसद हैं। सरकार में मंत्री नहीं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का प्रिय विषय संघ है और वह संघ पर आक्रामक होने की कोशिश में कई बार अमर्यादित वक्तव्य भी देते रहते हैं लेकिन क्या वरुण गांधी ने एक बार भी संघ की हिमायत में राहुल पर पलटवार किया? नहीं किया। संघ किसी भी आलोचना का सामना करने व इसका समुचित उत्तर देने में स्वयं समर्थ व सक्षम है लेकिन संघ के किसी प्रिय पात्र से क्या अपेक्षा की जानी चाहिए? यही न कि वह संघ के आलोचकों को कड़ा उत्तर दे लेकिन वरुण ने इस पर मौन धारण कर लिया। कुछ वर्ष पहले तक राजनीतिक हलकों में यह धारणा थी कि वरुण गांधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रिय हैं लेकिन जिस तरह वरुण गांधी के मामले में संघ तटस्थ नजर आया है उससे तो यही निष्कर्ष निकलता है कि वरुण संघ के प्रिय थे तो कदाचित अब नहीं है। और इसकी वजह भी मजबूत व जायज है।





दरअसल मेनका गांधी और 2009 से वरुण गांधी का भी सियासी महत्व उनका गांधी परिवार से होने के बावजूद कांग्रेस विरोधी खेमे में होना ही था। भाजपा जिसकी राजनीति कांग्रेस व कांग्रेसी गांधी परिवार के विरोध पर काफी हद तक टिकी हो उसका मेनका-वरुण से कांग्रेसी गांधी परिवार पर हमलावर होने की अपेक्षा करना स्वाभाविक व न्यायसंगत ही माना जाएगा। बहरहाल मेनका-वरुण ने इस भूमिका को स्वीकार नहीं किया जिसकी पहली परिणित यह हुई कि 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद मेनका गांधी को मोदी सरकार में जगह नहीं मिल सकी। इसकी स्वाभाविक प्रतिक्रिया में वरुण गांधी मोदी सरकार व भाजपा नेतृत्व के आलोचक होते गए। इस भूमिका में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वह कभी कांग्रेस की तो कभी सपा प्रमुख अखिलेश यादव की प्रशंसा करते नजर आए। इसी के चलते कभी उनके कांग्रेस तो कभी सपा में जाने के कयास लगते आए हैं।

बात केवल राहुल-वरुण की ही नहीं है। विचारधारा का तो पता नहीं लेकिन ईगो का टकराव तो सोनिया गांधी व मेनका गांधी के बीच अवश्य है। मेनका तो राजीव गांधी के खिलाफ चुनाव भी लड़ चुकी हैं। राहुल वरुण को कांग्रेस की विचारधारा अपनाने पर गले लगा लें तो क्या ऐसा ही करने को सोनिया गांधी तैयार हो जाएंगी और मेनका उस विचारधारा को स्वीकार करेंगी जिससे वह लड़ती आयी हैं।

बहरहाल वरुण गांधी के राजनीतिक भविष्य को 'आइसोलेशन' में नहीं देखा जा सकता। इसे मेनका गांधी के साथ जोड़कर ही देखना होगा। वैसे ही जैसे सोनिया-राहुल को देखा जाता है। यह न हजम होने वाली बात है कि वरुण कांग्रेस में चले जाएं और मेनका भाजपा में रह जाएं। मेनका सिर्फ 66 वर्ष की हैं और स्वस्थ हैं इसलिए उनके चुनावी राजनीति से किनारा करने की संभावना भी नगण्य ही है। मेनका सुल्तानपुर से तो वरुण पीलीभीत से सांसद हैं। भाजपा में दोनों को सीट को लेकर कोई परेशानी नहीं हुई। जिस सीट को चाहा वह उन्हें दी गयी। कभी वरुण सुल्तानपुर से सांसद बने तो मेनका पीलीभीत व आंवला से। अब दोनों सियासी कोहरे व धुंध के कयासों से घिरे हैं और देखना होगा जब ये छटेंगे तो दोनों कहां नजर आएंगे।

## आप की बात

### बजट से उम्मीद

**वर्तमान** केंद्र सरकार का फरवरी में पेश होने वाला आम बजट इस सरकार का अंतिम बजट होगा । केंद्रीय वित्त मंत्री से ईमानदारी से आयकर भरने वाले करदाताओं को बहुत उम्मीद है । धारा 80 के अंतर्गत जो डेढ़ लाख रुपए की छूट दी जाती है, उसमें तब्दील करते हुए ढ़ाई से तीन लाख तक की वृद्धि करना समयानकूल है । साथ ही कर योग्य आय स्लेब में जो ढ़ाई लाख तक की राशि पर कोई कर देय नहीं है, अब इस स्लेब में वृद्धि करते हुए कम से कम 5 लाख तक की जाना चाहिए । इसके बाद जो स्लेब है वे 5,15,20,30 प्रतिशत में होना चाहिए। इस बजट से ईमानदार करदाताओं को बहुत उम्मीद है। ईमानदारी से कर भरने वाले करदाताओं को राहत देना इस सरकार का दायित्व है। केंद्र सरकार को संवेदना दिखते हुए फौरी राहत के उपाय इस बजट में आयकर दाताओं के लिए करना चाहिए। जो आगामी आम चुनाव में निश्चित ही लाभकारी होगा। वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने एक आयोजन में स्वयं को मध्य वर्ग की बता कर मध्यवर्गीय करदाताओं की उम्मीदों को और बढ़ा दिया है। बजट से यह संदेश भी जाना चाहिए कि करदाताओं का पैसा खैरातों पर बरबाद न कर देश के विकास में लगेगा।

**हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

### जनसंख्या समस्या

**आबादी** हर समस्या का कारण है। बढ़े तो भी घटे तो भी। भारत में आज हर तरफ सख्त जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग हो रही है। क्योंकि इसी साल आगे चलकर हम चीन के आबादी को पार कर जायेंगे। मगर इस तरह के मांग करने वालों को जरा चीन की तरफभी देख लेना चाहिए। उसके द्वारा 1980 में थोपे एक बच्चे के कानून से बुरी स्थिति पैदा हुई। हालांकि, इसे 2016 में ही खत्म कर दिया गया। उसके बाद दो बच्चों के लिए प्रोत्साहन योजना की शुरुआत की गयी। मगर उसका कोई असर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। चीन की आबादी लगातार घटती जा रही है। यह सिलसिला यहीं रुकने वाला नहीं है। आगे और कमी दर्ज की जाएगी। युवा एवं कामगरों की कमी से उत्पादन लागत में बेतहासा वृद्धि होगी। जिसका असर आर्थिक विकास पर भी पड़ना शुरू हो चूका है। कमोबेश यही हाल एशिया के अन्य देश जापान और दक्षिण कोरिया का भी हो गया है। इसलिये भारत को जनसंख्या नियंत्रण पर कठोर कानून लाने से पहले, हालत पर गंभीर सिंहावलोकन कर लेना चाहिए। भारतीय नौजवानों को समुचित शिक्षा व खासकर कौशल प्राप्त करने की जरूरत है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### शहबाज़ का बयान

**आतंकियों** का जन्मदाता, उनका पनाहगाह, कश्मीर के नाम पर भारत में दहशत फैलान का सूत्रधार, तीन-तीन युद्ध में भारत से मुंह की खाने वाला पाकिस्तान अब शान्ति से रहने की गुहार लगा रहा है। भारत से कह रहा है हम पास-पास हैं इसलिए कश्मीर मुद्दे पर टेबल-टॉक करके मामले को सुलझाने का प्रयास करें। झगड़ा करके समय व संसाधन बर्बाद न करें, बल्कि देश का विकास करें। आजादी के 75वें वर्ष में अब जाकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ़ को थोड़ी सूझबूझ और समझ आई। जब उन्हें आटे-दाल के भाव नजर आने लगे। काश पहले ही ये समझ आती तो वे जंग की बजाय शान्ति से रहते और विकास के साथ ही आपसी सहयोगी भी सिद्ध होते। लेकिन शहबाज के इस करुण क्रंदन के फौरन बाद उनके प्रधानमंत्री कार्यालय ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान सरकार का कश्मीर पर दृष्टिकोण पहले की तरह है और बातचीत के लिए अनुच्छेद 370 बहाल होना चाहिए। इससे स्पष्ट है कि पाकिस्तान केवल भारत समेत विश्व जनमत को भ्रमित करना चाहता है।

**महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**विमान** दुर्घटना में भारतीय नागरिकों समेत अनेक लोगों का अमूल्य जीवन नष्ट होने से दु:खी हूं।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

2023 महत्वपूर्ण वर्ष है। इस साल पार्टी को नौ राज्यों में चुनाव के बाद 2024 का आम चुनाव लड़ना है।

– **जगत प्रकाश नड्डा**
भाजपा अध्यक्ष





**प्रधानमंत्री** मोदी की सरकार देश को संतृप्त करने वाली राजनीति व सुशासन की ओर ले जा रही है।

– **देवेंद्र फडनवीस**
महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री

# महाकुंभ की तैयारी को लेकर रोडमैप करें तैयार

● महाकुंभ 2025 के लिए प्रयागराज तक कनेक्टिविटी में होगा बड़ा सुधार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2025 का महाकुंभ भव्य होने जा रहा है। महाकुंभ की तैयारी के लिए मुख्यमंत्री ने अभी से अधिकारियों को रोडमैप तैयार करने के दिशा निर्देश दिए हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ 2025 की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि महाकुंभ 2025 के दौरान आने वाले तीर्थयात्रियों के सुगम आवागमन के लिए रेलवे मिनिस्ट्री से बात करके प्रयागराज से लखनऊ और दिल्ली तक सुपरफास्ट ट्रेनों की व्यवस्थाएं की जाएं। प्रयागराज शहर की कनेक्टिविटी को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सुदृढ़ कराया जाए। प्रयागराज अयोध्या, लखनऊ, गोरखपुर मार्ग को व्यवस्थित किया जाए। उन्होंने अक्टूबर 2024 तक सभी सड़कों को पूर्ण करने के लिए एनएचएआई को निर्देश भी दिया है। प्रदेश सरकार की ओर से सभी संबंधित विभागों से 2022-23 के सभी लंबित कार्यों में तेजी लाते हुए तय समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य सेतु निगम को लंबित सेतुओं के निर्माण में तेजी लाने को कहा गया है तो लोक निर्माण विभाग, जल निगम, बाढ़ कार्य खंड, यूपी पावर कारपोरेशन लिए नगर निगम प्रयागराज, राज्य सड़क परिवहन निगम और पर्यटन विभाग को समय पर सभी कार्य संपन्न कराने को कहा गया है। महाकुम्भ 2025 के आयोजन पर वेबसाइट डिजाइन, मोबाइल ऐप एवं सोशल मीडिया प्रबन्धन की तैयारी की जा रही है। महाकुम्भ 2025 के अवसर पर श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभूति एवं सुविधा के दृष्टिगत पूर्व विकसित वेबसाइट को पुनः संचालित कुम्भ मेला 2019 में विकसित वेबसाइट का सोर्सकोड प्रयागराज मेला प्राधिकरण में उपलब्ध है कर अपग्रेड करने, मोबाइल ऐप एवं सोशल मीडिया प्रबन्धन के लिए तत्काल एजेन्सी आबद्ध किया जाना है।

# सीएम योगी के कार्यों की निवेशकों ने की तारीफ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, हैदराबाद

● यूपी में निवेश के साथ ही सरकार के साथ भागीदारी की जताई इच्छा




**उत्तर** प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट यूपीजीआईएस के लिए विभिन्न राज्यों के बड़े शहरों में रोड शो आयोजित कर रही टीम योगी को जबर्दस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। हैदराबाद के निवेशकों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि का जबर्दस्त क्रेज देखने को मिला। उन्होंने खुलकर कहा कि बीते 6 वर्षों में उन्होंने उत्तर प्रदेश में जो बदलाव देखा है वो बेहद सुखद है। वो न सिर्फ उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उत्सुक हैं बल्कि सरकार के साथ भागीदारी करके प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने में अपना योगदान देने के लिए भी उत्साहित हैं।

हैदराबाद के होटल द ताज कृष्णा में बुधवार को टीम योगी के रोड शो से पहले हुई वन टू वन बिजनेस मीटिंग्स में दो दर्जन से ज्यादा निवेशक पहुंचे। टीम की अगुवाई डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक कर रहे थे जबकि उनके साथ महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य, पर्यावरण राज्यमंत्री अरुण कुमार सक्सेना, आयुष मंत्री दया शंकर मिश्रा उपस्थित रहे। एआईजी हॉस्पिटल्स के चीफ फाइनेंशियल ऑफीसर मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है और इसकी आबादी 24 करोड़ है। हम बहुत उत्साहित हैं कि प्रदेश ने सीएम योगी के नेतृत्व में बीते 6 वर्ष में जो प्रगति की है उसने प्रदेश की छवि को सुधारने का कार्य किया है। चाहे वो एक्सप्रेसवे हों, एयरपोर्ट हों या फिर रोड कनेक्टिविटी। प्रदेश का लॉ एंड ऑर्डर भी पहले से कहीं बेहतर हुआ है। निश्चित तौर पर हम न सिर्फ यूपी में निवेश के लिए उत्सुक हैं, बल्कि प्रदेश की प्रगति में भी भागीदार बनने की इच्छा रखते हैं। पल्सेस ग्रुप के सीईओ डॉ श्रीनीबाबू गडेला प्रदेश की प्रगति से काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने कहा कि सीएम योगी के मार्गदर्शन में प्रदेश ने हेल्थकेयर और कृषि के क्षेत्र में काफी प्रगति की है। हम इस तरक्की को देख रहे हैं और अब इसमें भागीदार बनने के लिए तैयार हैं। सीएम योगी ने स्वयं यह मैसेज कनवे किया है कि हमारा निवेश उत्तर प्रदेश में सुरक्षित है। हमें उम्मीद है कि हम उत्तर प्रदेश में लंबे समय तक काम करेंगे और अपने साथ साथ उत्तर प्रदेश को भी आगे ले जाएंगे। इंस्टाशील्ट इंडिया प्रा लि के फाउंडर डायरेक्टर सीएस जाधव व हितेश एम पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार जिस तरह से इनोवेटिव आइडियाज को प्रमोट कर रही है उसने हमें प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया है। सरकार की स्टार्ट अप पॉलिसी और ईज ऑफ स्टार्टिंग बिजनेस से प्रभावित होकर हम अपनी यूनिट यूपी में डालने को इच्छुक हैं। सरकार ने जो सुविधाएं और राहत देने का निर्णय किया है वो निवेशकों को काफी पसंद आ रहा है। निश्चित तौर पर यूपी आने वाले समय में इनोवेटिव आइडियाज और प्रोडक्ट्स का हब बनेगा। एनएसएल ग्रुप के चेयरमैन एम प्रभाकर राव ने कहा कि उत्तर प्रदेश कृषि के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण राज्य है। हम बीते दस वर्षों से वहां काम कर रहे हैं। सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश जिस तरह विकास कर रहा है उससे निवेश का बेहतरीन माहौल बना है और जो निवेशक पहले से वहां मौजूद हैं, वो भी अपने व्यापार को विस्तार देने के लिए सोच रहे हैं।

# निराश्रित गोवंश संरक्षण के लिए 20 से चलाया जाएगा अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## कार्य में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जायेगीः पशुधन मंत्री




**पशुधन** एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है पशुधन विभाग के अधिकारियों को प्रदेश में निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश संरक्षण के लिए 20 जनवरी से 20 फरवरी तक युद्धस्तर पर अभियान चलाया जाए। इसके साथ ही गोवंश को आश्रय स्थलों में संरक्षित किया जाय। इसके लिए जनपदों के जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारियों का भी सहयोग लिया जाय।

उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए प्रदेश को पूर्वी जोन तथा पश्चिमी जोन में विभाजित किया जाय। प्रत्येक जोन में 9 मण्डल होंगे। उन्होने निर्देश दिये है कि निदेशालय स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया जाय तथा प्रतिदिन संरक्षित गोवंश की जनपदवार समीक्षा की जाए। पशुधन मंत्री ने कहा कि अधिकारी अपने निर्धारित लक्ष्यों को ससमय पूरा करें और अनुशासन में रहकर कार्य करें अन्यथा उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। धर्मपाल सिंह ने यह बात बुधवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि वह नियमित रूप से फील्ड में निरीक्षण करें। गो संरक्षण कार्यों के लिए आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाय और जिन स्थानों पर गौ आश्रय स्थल नही है वहॉं अस्थायी गौ आश्रय स्थल बनाये जाने हेतु जिलाधिकारियों से सहयोग लिया जाय। कोई भी गोवंश निराश्रित या बेसहारा न रहने पाये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गोवंश के प्रति अत्यंत संवेदनशील है और गोवंश का संरक्षण एवं संवर्धन सरकार की प्राथमिकताओं में है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गो आश्रय स्थल पर चारा, भूसा, प्रकाश, ठण्ड से बचावए चिकित्सा सुरक्षा एवं औषधियॉ आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। पशुधन मंत्री ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने पशुओं को छुट्टा न छोड़े और उनके प्रति संवेदनशील रहें। पशुओं को छोड़ देने पर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी। पशुधन मंत्री ने बैठक में निराश्रित गोवंश को संरक्षित करने हेतु गौशालाओं के प्रबन्धनए प्रदेश में जनपदवार चारागाह की जमीन कैटल फार्म्स और ब्रीडिंग फार्म्स की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दूधए अण्डा एवं मांस इत्यादि उत्पाद आय के महत्वपूर्ण स्रोत है और प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य में इनकी मत्वपूर्ण भूमिका है इसलिए कैटल फार्म्स का आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाय और पीपीपी मोड पर कैटल, ब्रीडिंग फार्म्स विकसित किये जायें। बैठक में पशुधन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय, पशुधन विभाग के निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र डा. पीके सिंह तथा निदेशक, प्रशासन एवं विकास डा. इन्द्रमनि तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जी-20 व ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर शहरों को सुंदर बनाने के लिए करें बेहतर कार्य

● कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के लिए सभी निकायों में संचालित किए जाएं सेल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने सभी निकाय अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि सभी निकाय अपने यहां दैनिक साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें और प्रात: 8 बजे तक हर हाल में सफाई हो जानी चाहिए। जी 20 एवं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर सभी शहरों में विशेष साफ-सफाई, सुंदरीकरण कार्य किए जाने हैं। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसा होने पर वहां के अधिकारियो के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

नगर विकास मंत्री जल निगम के फील्ड हॉस्टल संगम में सभी निकायों की वर्चुअल समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन बैठकों में विश्व के समृद्ध देशों के शासक, प्रशासक व उद्योगपति शामिल होंगे। इसलिए इन चारों शहरों और इनके आसपास के शहरों को भी वैश्विक स्तर का बनाना है। यहां की व्यवस्था उच्च कोटि की होनी चाहिए। विदेशी मेहमान ऐसे स्थानों पर घूमने के लिए, खरीददारी करने जा सकते हैं। चौराहों का सुंदरीकरण कर, उनका नामकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करें और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई भी करें। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने कहा कि ढाबों पर साफ-सफाई, शौचालयों, लाइटिंग, डस्टबिन, पानी की निकासी व प्रयोग, हरियाली की समुचित व्यवस्था हो। सभी निकायों में 1671 ढाबों को चिन्हित किया गया है जो कि कम है। इसे बढ़ाना है। ढाबों का श्रेणीवार लिस्ट भी बनाई जाए जिससे कि रैंकिंग के आधार पर ढाबों को पुरस्कृत करना आसान हो सके। उन्होंने कहा कि जी 20 की बैठकों वाले चार शहरों में 21 जनवरी को रन फॉर जी20 का आयोजन किया जाना है। इसमें मैराथन दौड़ए वाकाथन आदि कार्यक्रम कराये जाएंगे। इसके लिए अभी से पूर्ण तैयारी कर ली जाय। सभी सम्बंधित विभागों का सहयोग इसमें लिया जाय। बैठक को निदेशक स्थानीय निकाय नेहा शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि इन शहरों के साथ सभी निकायों में ऐतिहासिक स्थलों, स्मारकों, प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों एवं खास पहचान वाले बाजारों की विशेष साफ-सफाई, सुंदरीकरण का कार्य कराया जाए। शहरों की एयर क्वालिटी बढ़ाने और धूल धुवा कम करने के लिये हरियाली बढ़ाई जाए, पानी का छिड़काव किया जाए। अवैध होर्डिंग, तारों के मकड़जाल को हटाया जाए। बैठक में शासन के विभागीय अधिकारीए सभी नगर आयुक्त एवं निकायों के अधिशासी अधिकारी वर्चुअली जुड़े रहें।

# निर्माणाधीन बाढ़ परियोजनाओं के कार्य 15 जून तक पूरा करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● जलशक्ति मंत्री ने 'बाढ़ पर चिंतन' विषय पर विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक



**जलशक्ति** मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने निर्देश दिया कि निर्माणाधीन बाढ़ परियोजनाओं के समस्त कार्य किसी भी स्थिति में रुकने ना पाएँ तथा आगामी 15 जून तक अवश्य पूर्ण करा लिए जायें। जिससे जनता को उनका अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। निर्माणाधीन परियोनाओं से संबंधित समस्त अवर अभियंताओं का एक व्हाट्सऐप ग्रुप बनाया जाय। जिसपर किसी भी निर्माणाधीन परियोजना के कार्य रुकने की स्थिति में तत्समय सूचित किया जाय एवं तत्काल उच्च अधिकारियों द्वारा उसका समाधान कराया जाय। यह निर्देश बुधवार को तेलीबाग स्थित डा राम मनोहर लोहिया परिकल्प भवन स्थित सभागार में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने 'बाढ़ पर चिंतन' विषय पर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान दिए। इस अवसर पर बाढ़ से बचाव के संबंधी कार्य करने वाले विभिन्न संगठनों द्वारा बाढ़ प्रबंधन हेतु किए गए कार्य एवं महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया गया। इसके साथ ही विभिन्न संगठनों द्वारा बाढ़ बचाव संबंधी अब तक पूर्ण की गयी परियोजनाओं की सक्सेस स्टोरीए वर्तमान में निर्माणाधीन तथा भविष्य की परियोजनाओं के बारे में प्रशतुतिकरण भी दिया गया। जल शक्ति मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि विगत वर्षों की भाँति वर्ष 2023 में भी प्रदेश में बाढ़ कार्यों की परियोजनाओं को अभियान चलाकर पूर्ण करायें। उत्तर प्रदेश राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद की स्थायी संचालन समिति के द्वारा कुल 288 बाढ़ परियोजनाएं अनुमोदित की गयीए जिन्हें आगामी वर्षाकाल के पूर्व युद्ध स्तर पर कार्य कराकर पूर्ण करा लिया जाय। परियोजनाओं के गठन में नवीन तकनीकी विधियों का समावेश किया जाए। बाढ़ परियोजनाओं के क्रियान्वयन धरातल पर पूर्ण पारदर्शिता से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित कराएं। परियोजना के पूर्ण हो जाने पर क्षेत्रीय जनता को अत्यधिक लाभ होगा एवं बाढ़ कार्य के समय जान.माल की सुरक्षा हो सकेगी। जल शक्ति मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में सम्पूर्ण प्रदेशए विशेषकर सिंचाई विभाग चहुँमुखी प्रगति पर है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विभाग के अधिकारियों द्वारा दिन रात सजग रहकर बाढ़ कार्यों का सम्पादन कर संवेदनशील स्थलों को सुरक्षित किया गया एवं जनधन की हानि होने नहीं दी गयी। बाढ़ परियोजनाओं के कार्य मानसून के पूर्व पूरे होने से जनता जनार्दन की बाढ़ के भय से मुक्त होकर सुरक्षित जीवन यापन की कल्पना साकार हुई है। इससे प्रदेश में बाढ़ प्रभावित जनपदों एवं संवेदनशील क्षेत्रों की जनता लाभान्वित हुई तथा आबादी व कृषि योग्य भूमि सुरक्षित हुई। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। बाढ़ कार्यों के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन और बाढ़ से होने वाली सम्भावित क्षति को न्यून से न्यूनतम करने हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग तत्पर एवं दृढ़ संकल्प है। इस संकल्प का मूल तत्व सबका साथए सबका विकास एवं सबका विश्वास है। सिंह ने इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों की सराहना भी की और कहा कि प्रदेश में अधिकांश नदियाँ विगत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष खतरे के निशान से ऊपर अत्यधिक लम्बी अवधि तक रही परन्तु विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा तत्परता से अत्यन्त सूझ-बूझ का परिचय देते हुए तत्काल आवश्यक सुरक्षात्मक कार्य कराये गये।

# निर्धारित शुल्क जमा न करने पर नहीं मिलेगा निजी कंपनियों को विद्युत पोल

**लखनऊ।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने फरवरी से पूरे प्रदेश में विद्युत उपभोक्ताओं के केवाईसी प्राप्त करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने लखनऊ में टेलीकॉम और केबल कंपनियों से वार्ताकर उनसे विभागीय इन्फ्रास्ट्रक्चर के नियमानुसार शुल्क जमा कराने तथा तारों के मकड़जाल को व्यवस्थित कराने के लिए तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जो कंपनियां अपना निर्धारित शुल्क न जमा करें, उन्हें विद्युत खंभों का उपयोग न करने दिया जाए। शक्ति भवन में विद्युत् विभाग की समीक्षा बैठक करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में लाइन हानिया ज्यादा होने से तथा विद्युत चोरी के कारण विभाग को राजस्व का नुकसान हो रहा है। अभियान के दौरान शहर से लेकर गांव एवं कस्बों में ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर लिस्ट बनाई जाए, जहां पर ज्यादा लाइन हानियां और विद्युत चोरी हो रही है। प्रशासन की मदद से विद्युत चोरी से बिजली जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और उनके कनेक्शन भी काटे जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में ज्यादा लाइन हानि वाले फीडरो पर प्रभावी चेकिंग कराई जाय। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि हम जितनी बिजली देते हैं, उतना राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए भी प्रयास तेज किए जाय। उन्होंने कहा कि बिजली के खंभों पर मकड़जाल की तरह उलझे तारों को हटाना है। कुछ स्थानों पर बहुत नीचे तार लटक रहे है। इसका शीघ्र समाधान करे। उन्होंने कहा कि इस अभियान में टेलीकॉम कंपनियों की तरह प्रदेश के सवा तीन करोड़ उपभोक्ताओं के टेलीफोन नंबर संग्रहित किए जाएंगे जिससे उन्हें विद्युत संबंधी जानकारी, विद्युत बिल और विच्छेदन की सूचना आदि समय पर दी जा सके।

## हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को प्रदेश के हर ब्लाक व गांव तक ले जाएगी कांग्रेसः खाबरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने प्रदेश के हर ब्लाक और गांव-गांव जाने के लिए टीम का गठन करने और हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को पूरी ताकत के साथ कांग्रेसजनों को सफल बनाने व जन-जन तक पहुंचने पर जोर दिया है। खाबरी बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रियंका गांधी की अगुवाई में शुरू किए जा रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की तैयारी को लेकर आयोजित पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा को पूरे देश में समर्थन मिल रहा है और आम जनता के मन में यह विश्वास जग चुका है कि लोकतंत्र की रक्षा सिर्फ कांग्रेस कर सकती है, इस विश्वास के साथ सभी कांग्रेसजनों को पूरे प्रदेश में घर-घर पहुंचना है। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के अलावा कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, पांच प्रांतीय अध्यक्ष वीरेन्द्र चौधरी, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, योगेश दीक्षित, अनिल यादव मौजूद रहे।

# स्वदेश दर्शन योजना के सभी कार्य पूर्णः जयवीर

● स्वदेश दर्शन के रामायण सर्किट, बुद्धिस्ट सर्किट तथा अध्यात्मिक सर्किट के विभिन्न पर्यटन विकास के कार्य पूरे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि पर्यटन विभाग के अन्तर्गत संचालित केन्द्र पोषित योजनाओं में स्वदेश दर्शन स्कीम के रामायण सर्किट में श्रृंगवेरपुर, अयोध्या, स्वदेश दर्शन स्कीम के बुद्धिस्ट सर्किट के अन्तर्गत कुशीनगर, कपिलवस्तु एवं श्रावस्ती तथा अध्यात्मिक सर्किट.1 व 2 के अन्तर्गत विभिन्न जनपदों में पर्यटन विकास की विभिन्न योजनाएं पूरी करा ली गयी हैं। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि रामायण सर्किट के श्रृंगवेरपुर जनपद प्रयागराज एवं चित्रकूट धाम के पर्यटन विकास के लिए भारत सरकार से 69.45 करोड़ रूपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है। जिसका उपयोग करते हुए पर्यटन विकास की सम्बंधित योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि इसी प्रकार रामायण सर्किट के स्वदेश दर्शन स्कीम के तहत अयोध्या के समेकित पर्यटन विकास के लिए भारत सरकार द्वारा 127.21 करोड़ रूपए की धनराशि स्वीकृत की गयी थी, जिसका उपयोग करते हुए कार्य पूरा किया जा चुका है। इसी प्रकार बुद्धिश्ट सर्किट के अन्तर्गत 87.89 करोड़ रूपए की धनराशि से निर्माण कार्य पूरा कराया गया है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि स्वदेश दर्शन स्कीम के अध्यात्मिक सर्किट 1 के अन्तर्गत विभिन्न पर्यटन स्थलों जैसे आहर, अलीगढ़, कासगंज, उन्नाव, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, मिर्जापुर, गोरखपुर, डुमरियागंज, बस्ती, बाराबंकी, आजमगढ़, कैराना, बागपत एवं शाहजहांपुर का पर्यटन विकास 65.61 करोड़ रूपए की धनराशि व्यय करके कराया गया है। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि स्वदेश दर्शन स्कीम के अध्यात्मिक सर्किट 2 योजना के अन्तर्गत बिजनौर मेरठ, कानपुर, कानपुर देहात, बांदा, गाजीपुर, सलेमपुर, घोसी बलिया, आंबेडकरनगर, अलीगढ़, फतेहपुर, देवरिया, महोबा, सोनभद्र, चंदौली, मिश्रिख एवं भदोही के 46 पर्यटन स्थलां का कार्य 67.51 करोड़ की धनराशि से कराया गया है।

# उत्तर प्रदेश राज्य कर विभाग ने जीते दो स्कॉच अवार्ड

● ई सर्विसेज की कैटेगरी में मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा एवं संवेग योजना के लिए अलग अलग मिले अवार्ड



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार के राज्य कर विभाग को एक साथ दो प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड से सम्मानित किया गया है। विभाग को यह पुरस्कार ई सर्विसेज की कैटेगरी में विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा एवं संवेग योजना के लिए अलग अलग प्रदान किया गया है। पूरे देश में यह पुरस्कार केवल उत्तर प्रदेश के वाणिज्य कर विभाग को ही मिला है। स्कॉच की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की राज्य कर आयुक्त मिनिस्ती एस को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। राज्य कर आयुक्त मिनिस्ती एस ने बताया कि इस योजना को पीड़ित व्यापारी परिवार की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में पूर्ण रूप से एंड टू एंड डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में राज्य कर विभाग के आई टी अनुभाग द्वारा विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह योजना मुख्यमंत्री के दर्पण पोर्टल से भी इंटीग्रेट की गयी है। उन्होंने बताया कि संवेग एक ऑनलाइन एकीकृत लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम है, जिसके माध्यम से विभाग के अधिकारियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि कोविड 19 जैसी महामारी के दौरान संवेग पोर्टल विभागीय प्रशिक्षण के लिए अति उपयोगी साबित हुआ एवं सुचारू रूप से प्रशिक्षण का कार्यक्रम संपन्न किया गया।

आयुक्त ने बताया कि स्कॉच पुरस्कार उन लोगों, परियोजनाओं, संस्थानों को दिया जाता है जो देश को एक बेहतर राष्ट्र बनाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा को राज्य स्तर पर एक पृथक पहचान मिल रही है। इस योजना की शुरुआत वाणिज्य कर विभाग द्वारा व्यापारी हित में की गई थी, जिसका उद्देश्य व्यापारियों को दुर्घटना के कारण होने वाली मृत्यु या स्थाई अपंगता की स्थिति में आर्थिक सहायता प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत व्यापारी की दुर्घटना, मृत्यु हो जाने पर परिवार को 10 लाख रूपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। मिनिस्ती एस. ने बताया कि स्कॉच जूरी द्वारा परियोजनाओं को स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट अवार्ड के साथ फाइनेन्स कैटेगरी में सिल्वर अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण है कि इसमें पूरे देश के सभी राज्यों के साथ उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया और डिजिटल कैटिगरी में उत्तर प्रदेश के वाणिज्य कर विभाग को यह अवार्ड प्रदान किया गया। आयुक्त ने बताया कि वर्ष 2022-23 में अद्यतन कुल 145 व्यापारियों को रुपए 14 करोड़ 55 लाख की धनराशि दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि जहां पूर्व में एप्लीकेशन डिस्पोजल में 6 माह का समय लग जाता था, वहां अब 60 दिन से भी कम समय में ही निस्तारण हो रहा है। राज्य कर आयुक्त ने बताया कि इस परियोजना के संचालन में आईटी अनुभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि वाणिज्य कर विभाग के प्रमुख सचिव नितिन रमेश गोकर्ण के निर्देशन में परियोजना का संचालन किया गया, जिसमें एसके राय एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन, प्रकाश यादव, संयुक्त आयुक्त आईटी, सहायक आयुक्त श्रुति गुप्ता एवं अन्य अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## योजना से आडिट तक काम आनलाइन करने में पंचायतों की बहुआयामी भूमिका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** सचिव पंचायतीराज मंत्रालय चन्द्रशेखर कुमार ने पंचायतीराज निदेशालय अलीगंज के प्रेक्षागृह में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय प्रदेश में सभी पंचायतें डिजिटल प्लेटफार्म पर है। भारत सरकार के ई ग्राम स्वराज पोर्टल के माध्यम से भुगतान कर रही है। ग्राम पंचायत विकास योजना से लेकर ऑडिट तक सभी कार्य को ऑनलाइन सम्पादित कर एक बहुआयामी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 से पंचायती राज मंत्रालय द्वारा ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना को सतत् विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण पर केन्द्रित कर 9 विषयगत क्षेत्रों में कार्य करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार ही ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर लक्ष्य आधारित गतिविधियों के साथ कार्ययोजना को अपलोड किया जाना है।

उन्होंने कहा कि एलएसडीजी के सफल क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार के स्तर से 26 विभागों तथा मंत्रालयों के संयुक्त सचिवों द्वारा संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर किये गये हैं। सभी 9 विषयों पर ज्वाइंट एडवाजरी भी जारी की गयी है।

# ट्रैफिक सुरक्षा से जुड़े नियमों से रूबरू हुए छात्र

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

- अफसरों ने पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ
- वाईडीसी में हुआ भव्य कार्यक्रम, विद्यार्थियों ने लिया संकल्प
- ट्रैफिक जागरूकता दूत बनकर समाज में जगायेंगे जागरूकता की अलख

**सड़क** सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन हुआ। महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम हुए जिसमें विश्व विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

संगोष्ठी में एआरटीओ रमेश कुमार चौबे ने कहा कि हेलमेट सदैव अच्छी क्वालिटी का लेना चाहिए। जो लोग तर्क देते हैं कि हेलमेट से बाल बिगड़ जाते हैं तो ऐसे लोगों को बताया कि यदि सर ही सलामत नहीं रहेगा तो बाल का क्या करोगे। इसलिए पहले सर की सुरक्षा करो।

जब भी हेलमेट लगाएं तो उसकी बेल्ट जरूर लगाएं। सड़क सुरक्षा के नियमों की अवहेलना से स्वयं के साथ अन्य के परिवारों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। आज जरूरत है कि सड़क सुरक्षा के नियमों का कड़ाई के साथ अनुपालन हो और अन्य को भी जागरूक करने की पहल की जाये, जिसमें आप सभी विद्यार्थियों का सहयोग अपेक्षित है।

एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा लोगों के जीवन से जुड़ा हुआ है। सभी को वाहन चलाते समय सतर्कता बरतनी जरूरी है।

उन्होंने सड़क दुर्घटना के कई कारणों को गिनाते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना के पीछे लोगों द्वारा किए गए सड़क मार्गों पर अतिक्रमण करना भी बताया। सभी को सड़क सुरक्षा के संकेतों का पालन करना चाहिए। तभी होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

क्षेत्राधिकारी ट्रैफिक सुबोध जायसवाल ने छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक सुरक्षा संबंधित आवश्यक बातों से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस किस प्रकार एक यातायात मित्र की भांति कार्य करती है। उन्होंने यातायात से संबंधित सामान्य संकेतों एवं नियमों को बारीकी से बताया। कार्यक्रम की प्रस्तावना युवराज दत्त महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हेमंत पाल ने दी।।

उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन करते हुए दुर्घटना से बचा जा सकता है। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। व्यक्ति को रक्षा और सुरक्षा दोनों की आवश्यकता है। इसलिए सड़कों पर सीमित गति से वाहन चलाये। सड़क सुरक्षा के नियमों की लापरवाही के कारण काफी संख्या में लोग विकलांग हो जा रहे है।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष प्रवक्ता करीब सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं, ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर जेपी यादव, महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर डॉ सुभाष चंद्रा सहित यातायात विभाग के अधिकारी - कर्मचारी मौजूद रहे।

## पास्को एक्ट का वांछित अपराधी गिरफ्तार

**बरेली।** पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज होने के बाद फरार चल रहे एक वांछित अपराधी को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा।

देवरनिया थाना क्षेत्र के गांव पुरैना ताल निवासी 19 वर्षीय सतीश पुत्र सेवाराम को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध थाने में गांव की ही रहने वाली एक नाबालिग लड़की के परिजनों ने लड़की के साथ रेप का आरोप लगाते लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। तब से पुलिस सतीश को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही थी लेकिन वह फरार चल रहा था आज पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा ।

## एडीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस का हुआ आयोजन

**सीतापुर।** एडीएम राम भरत तिवारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिसमें किसानों की शिकायतों के निस्तारण में सुस्ती पर एडीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि किसानों की शिकायतों का निस्तारण कर अनुपालन आख्या एक सप्ताह में उप कृषि निदेशक को उपलब्ध कराई जाये। जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में यूरिया की कमी नहीं है। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा गन्ना विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया गया। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक डा. एसके सिंह, जिला कृषि अधिकारी मनजीत कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी राजितराम, जिला प्रबन्धक इफको एससी शुक्ला महेन्द्र कुमार मिश्र, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक डा. दयाशंकर श्रीवास्तव, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया मनोज कुमार, डीएफएमओ, रामेश्वर सिंह, सहायक अभियंता लघु सिंचाई के साथ ही विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बीएसए ने किया विद्यालयों का औचक निरीक्षण

**सीतापुर।** बुधवार को बीएसए अजीत कुमार ने ऐलिया ब्लाक के चार विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। साफ सफाई और व्यवस्थाओं को देखने के साथ ही बीएसए ने बच्चों से सवाल-जवाब भी किए। इस दौरान बीएसए का जोर स्कूल भवनों की सफाई, रंगाई, पुताई तथा विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुपालन पर रहा।

## 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' हस्ताक्षर अभियान का डीएम ने किया शुभारंभ

**लखीमपुर खीरी।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत समाज में गिरते लिंगानुपात को रोकने एवं बेटियों को समाज में गौरवपूर्ण स्थान दिलाये जाने के उद्देश्य से महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है।

बुधवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर (18 जनवरी से 24 जनवरी के मध्य) आयोजित विविध गतिविधियां हुईं। गतिविधियों के अनुक्रम में कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने अपर जिलाधिकारी ;वित्त एवं राजस्वद्ध संजय कुमार सिंह के साथ हस्ताक्षर करते हुए अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा भी हस्ताक्षर किये गए। इस अवसर पर अपील की गई कि लड़के-लड़कियों में कोई भेदभाव न करते हुए बेटियों को भी समानता का अधिकार दिया जाए। लिंगानुपात को रोकते हुए बेटियों को सम्मान दिलाये जाने के लिए हमें उनकी समान भागीदारी करनी होगी। बेटियों के होने से ही घर में खुशियों के साथ ही समाज को भी मजबूत बनाने में योगदान मिलेगा। अभियान को शुरू करते हुए डीएम ने कहा कि महिला एवं बाल अधिकारों के लिए जनपद में विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित हैं, जिनका लाभ सभी को पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है। गांवों में जनसंपर्क अभियान एवं चौपाल लगाकर इन योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। महिला एवं बच्चों को सभी प्रकार की सुविधाएं आसानी से मिलें, इसके प्रयास किए जा रहे हैं।

## प्रशासन-पुलिस-आबकारी की संयुक्त टीमों ने चलाया दैनिक प्रवर्तन अभियान, 9 अभियोग दर्ज

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**आबकारी** आयुक्त उप्र के आदेश, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देश, डीईओ कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में बुधवार को अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु प्रशासन, पुलिस, आबकारी की संयुक्त टीम ने दैनिक प्रवर्तन अभियान चलाया।

डीईओ कुलदीप दिनकर ने बताया कि सभी आबकारी निरीक्षकों द्वारा लगातार अपने -अपने क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं, जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये। जिस कारण जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 09 अभियोगों को पंजीकृत किया। 220 लीटर अवैध शराब और 1250 किग्रा लहन बरामद की। जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक अवधेश कुमार क्षेत्र 1 सदर खीरी ने मय स्टाफ ग्राम कैमहरा थाना फरधान में दबिश दी।

दबिश में मुखबिर सूचना के आधार पर संदिग्ध घरों एवं खेतों से कच्ची शराब और लहन बरामद की।

दबिश टीम आते देख अभियुक्त फरार हो गए, मौके पर लहन, चढ़ी भट्ठी को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक रुद्र कांत मिश्र क्षेत्र 2 मोहम्मदी ने मय स्टाफ ग्राम टेंगुन खुर्रमनगर, बौधनिया, पालचक थाना मोहम्मदी में दबिश दी। दबिश में गन्ने के खेतों से कच्ची शराब, लहन बरामद की। मौके पर चढ़ी भट्ठियों, लहन को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव क्षेत्र 3 निघासन ने मय स्टाफ ग्राम मझरा पूरब थाना तिकोनिया में दबिश दी। दबिश में नदी के किनारे से भारी मात्रा में कच्ची शराब, लहन बरामद की।

मौके पर लहन, चढ़ी भट्ठियों को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक केपी सिंह क्षेत्र 4 पलिया व भीरा पुलिस थाना उपनिरीक्षक राम नारायण के साथ संयुक्त टीम बनाकर मय स्टाफ ग्राम भीरा कस्बा थाना भीरा में दबिश दी। दबिश के दौरान कच्ची शराब संदिग्ध घर से बरामद की।

## सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत की गई कार्यवाही

**लखीमपुर खीरी।** सड़क सुरक्षा माह 2023 के अंतर्गत जिलाधिकारी खीरी, महेंद्र बहादुर सिंह व पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में सड़क सुरक्षा माह के अभियान के क्रम में वाई0 डी0 कालेज में क्षेत्राधिकारी यातायात सुबोध कुमार जायसवाल, एआरटीओ प्रवर्तन, एआरटीओ प्रशासन व प्रभारी यातायात जय प्रकाश यादव के द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस संगोष्ठी में, जिसमें महाविद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त विभागाध्यक्ष व लगभग 1800 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, अधिकारियों द्वारा यातायात नियमों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट धारण करने, तीन सवारी न चलने, सड़क पर वाहन पार्क न करने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट धारण करने व यातायात नियमों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। यातायात पुलिस द्वारा प्रवर्तन अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कुल 175 चालान किये गये व 175000- रु0 शमन शुल्क अधिरोपित किया गया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे जिला स्तरीय शिशिक्षु समिति की बैठक

**सीतापुर।** डीएम अनुज सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शिशिक्षु समिति की बैठक हुई। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, आईटीआई सीतापुर के प्रधानाचार्य, समिति के सदस्य एवं जनपद के विभिन्न अधिष्ठानों के अधिकारियों ने भाग लिया। डीएम ने जिले में शिशिक्षु प्रशिक्षण को बढ़ाने के लिए जिले के समस्त अर्द्ध सरकारी, सरकारी, निजी, सहकारी अधिष्ठानों को भारत सरकार के पोर्टल पर पंजीकृत कराकर शिशिक्षुओं को योजित किये जाने हेतु निर्देशित किया।

## गणतत्र दिवस के कार्यक्रमों की तैयारियों पर जिलाधिकारी ने बुलाई बैठक

**सीतापुर।** गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारी शुरू हो गई है। इनके निर्धारण हेतु डीएम अनुज सिंह की अध्यक्षता में 20 जनवरी को एक बैठक बुलाई गई है, जो कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर साढ़े 12 बजे से होगी। समस्त कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार करने के लिए इसमें संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, पत्रकार बन्धु, गैर सरकारी स्वैच्छिक संस्थाओं/संगठनों के पदाधिकारीगण प्रतिभाग करेंगें।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह आयोजित

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी

**विकास** खण्ड पसगवा और मोहम्मदी की तरफ से रेहरिया के एक मैरिज लान मे मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह आयोजित किया गया। पंडाल सहित विवाह समारोह के स्थान को खूबसूरती से सजाया गया जिसमें कुल 155 कन्याओं के विवाह संपन्न हुए जिनमें पाच जोड़े मुस्लिम परिवार के थे। मुस्लिम परिवारों की कन्याओं का विवाह मौलाना मो.जावेद द्वारा निकाह के रूप में संपन्न कराया गया। वही 150 जोड़ों का विवाह गायत्री परिवार की ओर से पूरे विधि विधान और गायत्री मंत्रों के माध्यम से संपन्न कराया गया। जहां जन प्रतिनिधियों द्वारा प्रत्येक जोड़े को उपहार स्वरुप गहने, कपड़े सहित अन्य उपहार दिए गये। वहीं सरकार की तरफसे अनुदान के रूप मे 35000रू की चेक तथा 10,000रुपये का गृहस्थी का सामान प्रत्येक जोड़े को दिया गया।

इस मौके पर सांसद रेखा अरुण वर्मा ब्लाक प्रमुख महेंद्र कुमार बाजपाई विकास खंड अधिकारी धर्मेश पांडे पटवा प्रदीप चौधरी पूर्व ब्लाक प्रमुख आशीष रस्तोगी एडीओ पंचायत गोविंद चौधरी सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण रेडियो चौकी इंचार्ज अभिषेक पांडे दलबल के साथ मौजूद रहे। मुस्लिम परिवार में इमरान पत्नी शबनम निवासी मोहम्मदी, अकबर पत्नी महरून निशा निवासी औरगाबाद, जाने आलम पत्नी सना निवासी वेहटी मोहम्मदी, अमिर पत्नी हसीना निवासी मोहम्मदी, फारूख पत्नी सबीना निवासी सीतापुर के साथ मौलाना ने निकाह कराया।

## कार की चपेट में आकर वृद्धा की मौत

**संवाददाता।** बरेली

**सड़क** पार कर रही वृद्धा को तेजी से आ रही कार ने टक्कर मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कैंट थाना क्षेत्र में नकटिया नदी के पास सड़क किनारे झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाली 60 वर्षीय महिला राजकुमारी कि आज सुबह तड़के कार की चपेट में आकर मौत हो गई।

मृतक के परिजनों ने बताया कि राजकुमारी आज सुबह घर से निकलकर सड़क पार कर रही थी उसी दौरान तेजी से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। स्थानीय लोगों ने कार और उसके चालक को पकड़ कर घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी पुलिस ने आरोपी चालक को पकड़ कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतका, 5 बच्चों की मां की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

## कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन

**सीतापुर।** हरगांव ब्लाक परिसर में यूपी के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही द्वारा खिचड़ी समरसता भोज का आयोजन किया गया। जिसका प्रारंभ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यापर्ण से हुआ। अवध प्रांत महिला अध्यक्ष गोदावरी मिश्रा, क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव, जिला महामंत्री राजेश शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश त्रिपाठी, उमाकांत मिश्रा, नीरज वर्मा, सुनील मिश्रा, रोहित सिंह, विश्राम सागर राठौर, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खान, विजय मिश्र, अवनीश सिंह, संजय जयसवाल, बृजेंद्र शुक्ला, कुलदीप सिंह, राकेश सेठ, महेंद्र अवस्थी गुड्डू, दीपू पांडे, सोम दीक्षित, शेरा सिंह प्रधान, अंकित सिंह प्रधान, जीत पाल सिंह सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य मौजूद रहे।

## बालिकाओं का घटता हुआ लिंगानुपात चिंता का विषय

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**घटते** हुए लिंगानुपात को रोकने और जन जागरूकता फैलाने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस गतिविधियों के अवसर पर हस्ताक्षर अभियान का आयोजन पीसीपीएनडीटी योजना के अंतर्गत किया गया। हस्ताक्षर अभियान में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. बीसी पंत सहित समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अश्विनी कुमार व समस्त एसीएमओ और उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ. बीसी पंत ने बताया कि बालिका दिवस के अवसर पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है यह अभियान लिंग परीक्षण को रोकने के साथ-साथ घट रहे लिंगानुपात को रोकने और जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। वर्तमान समय में एचआईएमएस के अनुसार 1000 बालकों पर 932 बालिकाएं हैं जो कि काफी कम है। जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से दिनांक 18 जनवरी से 24 जनवरी तक अभियान चलाकर अलग-अलग गतिविधियां कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने पीसीपीएनडीटी अधिनियम के बारे में लोगों को जागरूक किया और बालिकाओं के घटते लिंगानुपात को रोकने बालिकाओं के कौशल विकास और उनके स्वास्थ्य शिक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं भ्रूण हत्या पर अंकुश लगाने के बारे में बताया।

## मनमदपुर गांव में सेफ्टी क्लीनिक का किया गया आयोजन

**सिंगाही-खीरी।** ग्राम पंचायत सिंगाही देहात के मनमदपुर गांव में सेफ्टी क्लीनिक का आयोजन वित्तीय वर्ष के तीसरे प्रेरणा अभियान के अंतर्गत किया गया। सेफ्टी क्लीनिक में लगभग 100 से अधिक महिलाएं एवं अन्य ग्रामवासी उपास्थित रहे। सेफ्टी क्लीनिक में लखीमपुर खीरी एलपीजी विक्रय क्षेत्र के अधिकारी राहुल कुमार सिंह ने उपस्थित सभी लोगों को घरेलू एलपीजी के सुरक्षित उपयोग के लिए जागरूक किया गया। घरेलू एलपीजी के उपयोग के दिशा निर्देशों के साथ साथ इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर 1906 एवं एलपीजी के भौतिक एवं रासायनिक गुणों के बारे में भी बताया गया।

# कांग्रेस 26 जनवरी से शुरू करेगी हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा

**संवाददाता।** बरेली



**शाहमत** गंज चौराहा स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता हुई जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर के बी त्रिपाठी , जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी, महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर के बी त्रिपाठी ने आगामी 26 जनवरी से शुरु हो रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह भारत जोड़ो यात्रा के सफल अभियान के विस्तार के रूप में एक व्यापक जनसंपर्क अभियान है जो 2 महीने चलेगा। इसकी शुरुआत 26 जनवरी को होगी और 26 मार्च को इसका समापन होगा । उन्होंने बताया कि यह त्रिस्तरीय अभियान है । जिसमें ब्लॉक स्तर पर प्रथम चरण में पद यात्राएं होंगी। इसकी शुरुआत गांव गांव से की जाएगी हर गांव जाकर कांग्रेस का झंडा सैरा कर गांव यात्रा निकाली जाएगी और उस गांव के मतदान केंद्र के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में डोर टू डोर जाकर कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी का पत्र और साथ ही भाजपा की मोदी सरकार की विफलताओं की कांग्रेस पार्टी द्वारा तैयार की गई चार्ज शीट हर घर तक पहुंचाने का काम करेंगे। हर गांव का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि सभी लोग मिलकर इस अभियान को सफल बनाएंगे। यह अभियान भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण है जिला मुख्यालय पर कांग्रेस नेताओं ,कार्यकर्ताओं और प्रमुख लोगों का एक महसम्मेलन भी होगा जिसमें प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के नेता उपस्थित रहेंगे। ब्लॉको और तहसीलों में भारत जोड़ो मेला का आयोजन भी होगा। जिसमें प्रसिद्ध गायकों, कलाकारों द्वारा संगीत कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम दिखाए जाएंगे और कांग्रेस के इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

उपस्थित कांग्रेस जनों में पूर्व विधायक मास्टर छोटे लाल गंगवार,जिला उपाध्यक्ष नगर पंचायत मीरगंज चेयरमैन ईलयास अंसारी, जिला उपाध्यक्ष दिनेश दद्दा, महासचिव जिया उर रहमान, जिला महासचिव सय्यद गुलफाम मियां, जिला महासचिव सुरेश बाल्मीकि, जिला कोषाध्यक्ष कमरुद्दीन सैफी, जिला सचिव उस्मान खान, मोहम्मद नदीम सिद्दीकी,साजिद अब्बासी उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष

### खिलाड़ियों के...

देते हुए कहा कि महासंघ मनमाने ढंग से चलाया जा रहा है और जब तक डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष को हटाया नहीं जाता तब तक वे किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगे। इन दोनों के अलावा रियो ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक, विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता सरिता मोर, संगीता फोगाट, सत्यव्रत कादियान, जितेंद्र किन्हा और राष्ट्रमंडल खेल पदक विजेता सुमित मलिक जंतर मंतर पर धरने पर बैठे 30 पहलवानों में शामिल हैं। खेल मंत्रालय ने आरोपों पर संज्ञान लेते हुए डब्ल्यूएफआई से स्पष्टीकरण मांगा है और अगले 72 घंटों के अंदर आरोपों पर जवाब देने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा, अगर डब्ल्यूएफआई अगले 72 घंटों के भीतर जवाब देने में विफल रहता है, तो मंत्रालय राष्ट्रीय खेल विकास संहिता, 2011 के प्रावधानों के संदर्भ में महासंघ के खिलाफ कार्वाई शुरू करेगा। घटनाक्रम को देखते हुए मंत्रालय ने बुधवार से लखनऊके साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) परिसर में होने वाले शिविर को भी रद्द कर दिया। धरना में विनेश के साथ बैठे बजरंग ने कहा, हमारी लड़ाई सरकार या भारतीय खेल प्राधिकरण के खिलाफ नहीं है। हम डब्ल्यूएफआई के खिलाफ है। हम आज इसका ब्यौरा देंगे।

### ब्रजभूषण सिंह...

नई नीति और उनके द्वारा पेश किए गए नियमों से शायद पहलवानों को थोड़ी परेशानी हो रही है और इसलिए विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहलवानों को राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने और निष्पक्ष चयन के लिए ट्रायल में शामिल होने के लिए कहा जा रहा है और इसमें कुछ भी गलत नहीं है। उन्होंने कहा, विभिन्न राज्य राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करते हैं और सभी चाहते हैं कि देश के सर्वश्रेष्ठ एथलीट प्रतिस्पर्धा करें। इनमें से किसी भी पहलवान ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने और जीतने वाले एथलीटों को ही राष्ट्रीय शिविर के लिए चुना जाएगा।

### धाविका दुती...

और लिगांड्रोल के सेवन का दोषी पाया गया है। दुती को तीन जनवरी 2023 करे लिखे पत्र में एएएफ अधिसूचना में कहा गया, मैं आपको सूचित करता हूं कि आपके ए नमूने की एनडीटीएल (राष्ट्रीय डोप टेस्ट प्रयोगशाला) में वाडा (विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी) की प्रक्रिया के तहत जांच की गई और नतीजा पॉजिटिव आया है। यह नमूना पिछले साल पांच दिसंबर को टूर्नामेंट से इतर प्रतियोगिता में लिया गया था। पत्र में दुती को इसके परिणामों के बारे में भी आगाह किया गया। इसमें कहा गया, पत्र की विषयवस्तु को ध्यान से पढ़े जिसमें इसके परिणामों के बारे में बताया गया है। पत्र में कहा गया है कि दुती के पास बी नमूना परीक्षण के लिए अपील करने के लिए सात कार्य दिवस है, जिसमें विफल रहने पर नाडा मानेगा कि उसने दूसरे नमूने का विश्लेषण करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल नहीं करने का फैसला किया। दुती को तीन जनवरी को नोटिस जारी किया गया था। इसके मुताबिक दुती का बी नमूना परीक्षण के लिए अपील करने का समय अब समाप्त हो गया। दुती ने संपर्क करने पर कहा, मुझे कोई जानकारी नहीं मिली है।

### त्रिपुरा में...

सीटें हैं। इनमें मतदान के साथ 2023 में कर्नाटक, राजस्थान, मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और तेलंगाना जैसे महत्वपूर्ण राज्यों में चुनाव होगा। पूर्वोत्तर के ये तीनों चुनावी राज्य भले ही मतदाताओं की संख्या के लिहाज से छोटे हों, लेकिन इनका राजनीतिक महत्व बहुत है। केंद्र की सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) वैचारिक रूप से अहम त्रिपुरा में अपनी जीत दोहराने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है वहीं अन्य दोनों राज्यों में भी अपने पांव पसारने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और कांग्रेस भी अपना खोया जनाधार पाने की कोशिशों में कोई कमी नहीं कर रही हैं। ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस भी पश्चिम बंगाल के बाहर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए त्रिपुरा में ताकत झोंक रही है। त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए अधिसूचना 21 जनवरी को जारी होगी और नामांकन की आखिरी तारीख 30 जनवरी होगी। नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख दो फरवरी होगी और मतदान 16 फरवरी को होगा तथा दो मार्च को मतों की गिनती की जाएगी।

### लक्षद्वीप लोकसभा...

सदस्यता से अयोग्य करार दिया गया था। महाराष्ट्र के कस्बा पेठ और चिंचवाड विधानसभा सीटों के अलावा अरुणाचल प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु की एक-एक विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव होंगे। अरुणाचल प्रदेश की लुमला सीट मौजूदा विधायक जम्बे ताशी के निधन तो झारखंड की रामगढ़ सीट ममता देवी को अयोग्य ठहराए जाने से खाली हुई है। तमिलनाडु की इरोड सीट मौजूदा विधायक ई थिरुमहन एराव के निधन, जबकि पश्चिम बंगाल की सागरदिघी विधानसभा सीट भी मौजूदा विधायक सुब्रत साहा के निधन के कारण ही खाली हुई थी। जालंधर से कांग्रेस सांसद संतोख सिंह के निधन की सूचना लोकसभा सचिवालय ने आयोग को नहीं दी है।

### आप विधायक...

शिकायत दिल्ली पुलिस से की है। अनुबंध के तहत कर्मचारियों को पूरा वेतन भी नहीं मिलती है। वहां के कर्मचारियों ने हड़ताल भी की लेकिन उनके साथ मारपीट की जाती है। घोटाला करने वालों के खिलाफ कोई केस नहीं होता है। केस होता है तो उन्हें थाने से जमानत दे दी जाती है। जब उन्होंने शिकायत की तो उन्हें मनाने की कोशिश की गई और मामनले का पर्दाफाश करने के लिए उनसे सांठगांठ की। जिसकी शिकायत उन्होंने इलाके पुलिस उपायुक्त को भी दिखाया। इसके बाद गोयल ने सदन में नोटों की गड्डी निकालकर विधानसभा अध्यक्ष को दिखाई। उन्होंने बताया कि यह पैसा टोकन मनी और रिश्वत के तौर पर उन्हें दिया गया। विधायक ने दावा किया कि इस बारे में एलजी को पत्र लिखा गया है। दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) में भी गए, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

### केसीआर के...

जहां पिछले अनुभव को देखते हुए कांग्रेस के साथ गठबंधन से बचते दिख रहे हैं, वहीं आप संयोजक केजरीवाल अपनी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा को पूरा करने में सबसे बड़ी बाधा कांग्रेस को ही मानते हैं। केरल में सीआईआएम के सामने कांग्रेस एकमात्र प्रतिद्वंद्वी है। केसीआर की इस रैली में नीतीश कुमार, ममता बनर्जी और झारखंड के मुख्यमंत्री एवं झामुमो नेता हेमंत सोरेन नहीं पहुंचे। सोरेन को न्योता भेजा गया था, लेकिन ममता और नीतीश की अनुपस्थिति पर बीआरएस के नेता कुछ भी कहने से बचते दिखे। बहुजन समाज पार्टी नेता मायावती पिछले दिनों स्पष्ट कर चुकी हैं कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में किसी के साथ गठबंधन नहीं करेंगी और उनकी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। विशेष बात यह कि अपने संबोधन में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने कांग्रेस और भाजपा दोनों पर निशाना साधा और राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर फोकस करते हुए किसानों के लिए मुफ्त बिजली समेत कई योजनाओं का ऐलान भी किया।

### सांस्कृतिक संदर्भ...

शब्द के खिलाफ हैं। यह चर्चा का विषय बन गया है। इसलिए, मैं इसे समाप्त करने के लिए यह स्पष्टीकरण दे रहा हूं। काशी के साथ तमिल लोगों के सदियों पुराने सांस्कृतिक जुड़ाव का जश्न मनाने के लिए एक महीने तक आयोजित यह उत्सव हाल में संपन्न हुआ।

### सांसद सूर्या...

परिचालन प्रक्रिया के तहत घटना को दर्ज किया गया और विमान की अनिवार्य इंजीनियरिंग जांच की गई जिसकी वजह से उड़ान में देरी हुई।

### सिमी के...

पर गौर करेंगे। दोनों पक्षों द्वारा अदालत से सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध करने के बाद, पीठ ने मामले को अगले महीने के लिए स्थगित कर दिया। जवाबी हलफनामे में सरकार ने कहा है कि सिमी का उद्देश्य छात्रों और युवाओं को इस्लाम के प्रचार के लिए गोलबंद करना और जिहाद (धार्मिक युद्ध) के लिए समर्थन प्राप्त करना है। हलफनामे में कहा गया है, संगठन इस्लामी इंकलाब (क्रांति) के माध्यम से शरीयत आधारित इस्लामी शासन के गठन पर भी जोर देता है।

### शुभमन गिल...

मध्यक्रम में उतारा गया, लेकिन वह भी ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सके और फर्ग्यूसन की गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर टॉम लाथम को कैच दे बैठे। सूर्यकुमार यादव (31 रन) क्रीज पर उतरे और गिल के साथ उन्होंने पारी की रन गति बढ़ाई। उन्होंने मैदान के चारों ओर चार चौके जड़े जबकि दूसरे छोर पर गिल ने स्पिनर माइकल ब्रेसवेल पर स्लॉग स्वीप से अपना अर्धशतक पूरा किया। गिल जब 45 रन पर थे, तब भी उन्हें जीवनदान मिला था, तब लाथम ने स्टंपिंग का मौका गंवा दिया था। लेकिन इसके बाद से गिल ने मुड़कर नहीं देखा और तेज गेंदबाजों के खिलाफ अपने पसंदीदा पुल शॉट जमाए तथा स्पिनरों के खिलाफ अपने पैर का बखूबी इस्तेमाल किया। गिल ने एक रन से अपना तीसरा वनडे शतक पूरा किया। सूर्यकुमार के पवेलियन लौटने के बाद गिल ने हार्दिक पंड्या (28 रन) के साथ 74 रन की साझेदारी की। हार्दिक अजीब तरीके से आउट हुए, वह सैंटनर की गेंद पर कट शॉट चूक गए और गिल्लियां गिर गई जिससे न्यूजीलैंड ने बोल्ड की अपील की। लाथम ने दस्तानों से गिल्लियां गिर सकती थी लेकिन वह सुनिश्चित नहीं थे।

# मौनी अमावस्या मेले को सकुशल सम्पन्न कराने की प्रशासन ने बनाई रणनीति

**संवाददाता।** चित्रकूट



**अपर** जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में माघ मास की मौनी अमावस्या मेला की तैयारी के संबंध में बैठक संपन्न हुई।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष माघ मास की मौनी अमावस्या का पर्व 21 जनवरी को एवं मेला 20 जनवरी से 22 जनवरी तक रहेगा। अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट/ जोनल मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं, जो संपूर्ण मेला क्षेत्र में अपने अपने निर्धारित स्थलों पर तैनात रहकर मेला व्यवस्था को सकुशल संपन्न कराएंगे। उन्होंने मेला में लगाए गए मजिस्ट्रेटों से कहा कि पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर अपने-अपने तैनाती स्थलों पर उपस्थित रहकर शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए मेला को सकुशल संपन्न कराएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी पालिका परिषद कर्वी , जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि पूरे मेला क्षेत्र में साफ सफाई तथा गोवंश वहां पर न जाने पाए की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि रामघाट व परिक्रमा पथ पर साफ सफाई की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। लाइट की व्यवस्था अच्छी रहे, जहां पर जनरेटर की आवश्यकता हो वहां पर जनरेटर भी रखवाए जाएं, रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे,अलाव जलाएं, रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग पर दुकानदार द्वारा किसी भी तरह का अतिक्रमण न होने पाए मोबाइल शौचालय की व्यवस्था रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि पूर्व की भांति एंबुलेंस एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को लगाएं। उन्होंने जल संस्थान से कहा कि टैंकर आदि के माध्यम से पूरे मेला क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं तथा विद्युत विभाग भी विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त कर ले। जहां पर तार खंभे लटके हों तो ठीक करा ले, अधिशासी अभियंता विद्युत आर एस वर्मा को निर्देश दिए कि मेला के दौरान निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि पूर्व की भांति मां मंदाकिनी गंगा रामघाट में घाट की समुचित साफ-सफाई डूबने से बचाव हेतु बैरिकेडिंग गोताखोर नाव आदि संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं कराएं, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर, यातायात प्रभारी भ्रमणशील रहकर यातायात संबंधी व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखें, टैक्सी टेंपो में अधिक सवारी लेकर न जाने पाए, अपर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी कर्वी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर से कहा कि मेला से पूर्व पूरे मेला क्षेत्र का भ्रमण करके व्यवस्थाओं का जायजा लें। अगर कहीं पर कोई समस्या है तो अवगत कराएं ताकि समय रहते हुए अभी संबंधित विभागों से उस कार्य को पूर्ण कराया जा सके। मेला के दौरान भीड़ को देखते हुए समुचित पार्किंग व्यवस्था कराई जाए ताकि मेला क्षेत्र में किसी प्रकार का व्यवधान न हो, अपर जिलाधिकारी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय से कहा कि रेलवे स्टेशन कर्वी एवं मानिकपुर में भीड़ अधिक होती है वहां पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल लगाएं। इसके साथ ही बस स्टैंड, टेंपो स्टैंड एवं पूरे मेला क्षेत्र में भी पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं ताकि मेला को सकुशल संपन्न कराया जा सके।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी एस के शुक्ला, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय, अधिशासी अभियंता विद्युत आर एस वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी यशवंत मौर्य, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव, आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मंडी में पेट्रोल डाल लगाई आग, दस लाख की क्षति

● मंडी को हटाने की मंशा से लगाई आग

**संवाददाता।** चित्रकूट



**सीतापुर** स्थित सब्जी मंडी में देर रात संदिग्ध दशा में आग लगने से पांच दुकानें स्वाहा हो गईं। आग से तकरीबन दस लाख की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। अग्निशमन टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि पेट्रोल अथवा किसी पदार्थ से मंडी में आग लगाई गई है। कुछ लोग मंडी को यहां से हटाना चाहते हैं।

मंगलवार को देर रात सीतापुर स्थित सब्जी मंडी में अग्निकांड हुआ। बताया गया कि सवेरे रोज सब्जी मंडी लगती है। यहां तकरीबन एक दर्जन स्थायी सब्जी दुकानदार जाकर सब्जियां बेचकर लौट जाते हैं। धर्मनगरी क्षेत्र के ज्यादातर लोग यहीं से प्रतिदिन हरी सब्जियां खरीदते हैं। ये सब्जी मंडी कुछ लोगों की निजी जमीन पर चल रही है।

बताते हैं कि यहां से मंडी को हटाने के प्रयास जारी हैं, क्योंकि यह कीमती भूमि मुख्य मार्ग के किनारे होने से व्यवसाय के योग्य है। इसीलिए मंडी में आग लगाई गई है। मंगलवार देर रात मंडी में आग की लपटें कई दुकानों में तेजी से उठीं। यह देखते ही दुकानदार तेजी से दौड़े। आनन-फानन में पुलिस चौकी के साथ अग्निशमन टीम को सूचना दी गई। करीब एक घंटे बाद पहुंची अग्निशमन टीम ने दुकानदारों की मदद से आग पर काबू पाया। इस दौरान अफजल, ईश्वरी, शमीम, मुबीन, अफरीदी आदि दुकानदारों की दुकानों में रखे आलू, प्याज, अदरक, इमली, मटर, लहसुन, चुकन्दर आदि सब्जियां जलकर स्वाहा हो गईं। दुकानदारों के मुताबिक अग्निकांड से आठ से दस लाख की क्षति हुई है। बुधवार को सवेरे जानकारी मिलने पर सपा सदर विधायक अनिल प्रधान सब्जी मंडी पहुंचे। उन्होंने दुकानदारों से घटना की जानकारी ली। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि ज्वलनशील पदार्थ से सब्जी मंडी में आग लगाई गई है। इसकी जांचकर कार्यवाही होनी चाहिए। सीतापुर सब्जी मंडी में लगी आग की घटना का व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने जायजा लेकर व्यापारियों को ढांढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन से व्यापारियों को मदद दिलाई जायेगी।

# सामूहिक धर्मांतरण मामले में पुलिस ने की ताबड़तोड़ छापेमारी

● मिशन अस्पताल समेत चर्च स्टाफ से की गहन पूछताछ

● विदेशी फंडिंग के एंगल को देखते हुए पुलिस हुई और सतर्क

**फतेहपुर।** जिले में सामूहिक धर्मांतरण के मामले को लेकर पुलिस बेहद सतर्क है। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में लोकल एसआईटी टीम का गठन किया है। कोर्ट से सर्च वारंट मिलते ही गठित टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। पुलिस टीम ने मिशन अस्पताल समेत चर्च स्टाफ से गहनता से पूछताछ की। पुलिस विदेशी फंडिंग के एंगल को देखते हुए बेहद सतर्क है। पुलिस को उम्मीद है कि जांच में और भी मामले खुलकर सामने आयेंगे। धर्मांतरण के मामले को लेकर गठित पुलिस टीम ने बुधवार को ब्रॉडवेल मिशन अस्पताल, वर्ल्ड विजन और इवेजिकल चर्च में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने विदेशी फंडिंग के साथ ही तमाम अलग पहलुओं पर अस्पताल स्टाफ और कर्मचारियों से कई घंटे पूछताछ की। जिले भर में चार टीमों ने आज सभी जगहों पर अलग-अलग छापेमारी की है। सभी टीमों ने एक साथ छापेमारी की थी। जिससे हड़कंप की स्थिति बनी रही। बता दें कि धर्मांतरण के मामले में कोर्ट से सर्च वारंट जारी होने के बाद टीमों ने आज सभी जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने वहां पर दस्तावेज तो खंगाले ही, साथ ही अस्पताल और चर्च के स्टाफ से भी गहनता से पूछताछ की। सूत्रों की मानें तो पुलिस ने विदेशी फंडिंग के एंगल को देखते हुए मामले में जांच पड़ताल तेज कर दी है। पुलिस को शक है कि आगे और भी देशों से विदेशी फंडिंग के राज खुलकर सामने आ सकते हैं। जिसको देखते हुए पुलिस ने इन सभी जगहों पर कोर्ट से सर्च वारंट मिलने के बाद कार्रवाई की है।

# किसानों के दल को डीएम ने झंडी दिखा किया रवाना

**संवाददाता।** फतेहपुर



बुधवार को सबमिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत कृषि विभाग, पशुपालन विभाग एवं मत्स्य विभाग के कुल 48 किसानों को प्रज्ञा ग्रामोत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में चन्द्रशेखर आजाद कृषि पर्व प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर तथा भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान कानपुर में राज्य स्तरीय कृषक प्रशिक्षण हेतु जिलाधिकारी श्रुति ने कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी श्रुति ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कानपुर में किसान रबी फसल की खेती, गेहूं, जौ, चना तथा सरसों व अलसी के साथ ही दलहन उत्पादन वृद्धि एवं विभिन्न सब्जी वर्गीय फसलों के उत्पादन हेतु उचित प्रबंधन की जानकारी सीखेंगे। जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी।

उप कृषि निदेशक राममिलन सिंह परिहार ने कहा कि फसल उत्पादन के साथ ही फसलों के कटाई उपरान्त प्रबंधन एवं उनके मूल्य संवर्द्धन एवं प्रसंस्करण की भी जानकारी सीएसए कृषि विश्वविद्यालय व दलहन संस्थान में प्राप्त करें। जिससे किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। अपर जिलाधिकारी विनय कुमार कहा कि किसान पशुपालन एवं डेयरी से प्रसंस्करण कर अतिरिक्त आय हेतु जानकारी प्राप्त करेंगे। भ्रमण दल का संचालन कर रहे संस्था सचिव उमेश चन्द्र शुक्ल ने कहा कि किसान फसल व पशुपालन तथा मत्स्य पालन की जानकारी के साथ ही प्राकृतिक एवं जैविक खेती की ज्ञानकारी हासिल करेंगे। भ्रमण दल में राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, संतोष यादव, शिव स्वरूप सिंह, कन्हैया लाल, महेन्द्र कुमार, हीरालाल, बाबूराम मौर्य, चन्द्रशेखर व बच्छराज आदि शामिल रहे।

## राजस्व वसूली में तेजी लाये विद्युत विभाग : डीएम

**फतेहपुर।** विद्युत विभाग की राजस्व वसूली की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्र के विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आपस में समन्वय बनाते हुए विद्युत विभाग की राजस्व वसूली में तेजी लायें। अपने-अपने तहसील क्षेत्रों के 20 बड़े बकायादारों की सूची बनाकर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए राजस्व वसूली करायें। आरसी के माध्यम से की गयी वसूली व विद्युत उपकेंद्रों के काउंटर से जमा धनराशि की रिपोर्ट बना लें, जिससे ऑनलाइन फीडिंग सही हो सके। वसूली का जो कार्य पूर्ण कर लिया गया है उसका समय से ऑनलाइन पोर्टल पर फीडिंग अवश्य करायें। समस्त उप जिलाधिकारी विद्युत से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर नियमानुसार समस्याओं का निराकरण करायें।

## क्विक न्यूज

### जनता दर्शन में डीएम अभिषेक आनंद ने सुनी समस्याएं

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने आज कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में कोविड-19 का पालन करते हुए जनता दर्शन में आए जन सामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका समय से निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के मंशानुरूप व गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक कर्वी राम जन्म यादव मौजूद रहे।

### एसपी वृंदा शुक्ला ने सुनी पीड़ित जनता की फरियाद

**चित्रकूट।** एसपी वृंदा शुक्ला ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान दूर-दराज से आये फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान एसपी ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को शासन की मंशानुरूप पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के निर्देश दिये। बुद्धवार को पुलिस अधीक्षक शुक्ला ने जिले के कोने-कोने से आये दर्जनों फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने जल्द से जल्द समस्याओं के निस्तारण का भरोसा दिलाते हुए कहा कि चित्रकूट पुलिस जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए काम कर रही है। उन्होंने जिले के सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि पीड़ित जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने के साथ-साथ समय से उनकी समस्याओं का निस्तारण करें। जिससे लोगों के बीच पुलिस की छवि और विश्वास बढ़े।

### दूध टैंकर व कड़ुवा तेल के सैंपल न लेने पर एडीएम ने अभिहीत अधिकारी को लगायी फटकार

**हमीरपुर।** जनपद में दूध टैंकर, कड़ुवा तेल मिल व गुटखा के नमूने समय समय पर न भरने पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने खाद्य विभाग के अभिहीत अधिकारी (डीओ) को फटकार लगाते हुए एक सप्ताह के अंदर सभी के नमूने भरकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। खाद्य सुरक्षा के अभिहीत अधिकारी रामअवतार यादव ने अपने अधीनस्थ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को दूध टेंकर, तेल मिल व गुटका के नमूने न भरने के लिए हाथ बांध दिए थे। जिससे इन लोगों की मनमानी समाज के लिए घातक सिद्ध हो रही थी। बुधवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्य रमेशचंद्र ने अभिहीत अधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि जब से जनपद में उन्होंने कार्यभार संभाला, उनकी कोर्ट में इस प्रकार के नमूनों की कोई मामले नहीं आए हैं। यहीं नहीं एक माह पहले शासन ने तेल मिलों से कड़ुवा तेल के नमूने भरकर जांच के निर्देश दिए थे। लेकिन विभाग ने शासन को गुमराह करते हुए तेल मिलों से नमूने न भरकर चक्की से कड़ुवा तेल के सैंपल लेकर शासन को भिजवा दिए थे। जो विभाग में चर्चा का विषय रहा था, एडीएम ने नाराजगी जताते हुए डीओ से कहा है कि एक सप्ताह के अंदर नमूने भरकर इसकी रिपोर्ट उनके समक्ष प्रस्तुत करें। एडीएम के इस आदेश से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। देखना है कि खाद्य सुरक्षा विभाग इस मामले में कैसे बचकर निकलता है।

### संयुक्त टीम ने पकड़े प्रेशर हॉर्न का प्रयोग कर रहे 9 ट्रक

**फर्रुखाबाद।** जिला अधिकारी फर्रुखाबाद संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा के अंतर्गत राजेपुर तथा अमृतपुर थाना क्षेत्र में चेकिंग की गई। चेकिंग टीम का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी अमृतपुर रविंद्र राय तथा एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा किया गया। चेकिंग में दोपहिया वाहन में तीन सवारी, वाहनों में हूटर, सायरन तथा प्रेशर हॉर्न के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत गंभीर कमियां पाए जाने पर थाना राजेपुर में 3 तथा थाना अमृतपुर में एक ट्रक को सीज किया गया । 10 दोपहिया वाहनों के चालान वाहन को तीन सवारी बैठाकर चलाने में किए गए। इन वाहनों पर 2.67 लाख का जुर्माना लगाया गया है। चेकिंग टीम में यातायात प्रभारी रजनेस कुमार , थानाध्यक्ष अमृतपुर संत प्रकाश तथा थानाध्यक्ष राजेपुर अपनी टीम के साथ सम्मिलित रहे।

### काफी तेजी से बढ़ रहा है गेमिंग ज़ोन

**लखनऊ।** पेगासस स्टोर के लॉन्च में मधुकर श्रीवास्तव रीजनल सेल्स मैनेजर यूपी और नॉर्थए एसुस इंडिया ने कहा कि ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने के लिए स्टोर में डेस्कटॉप्स, लैपटॉप्स और गेमिंग आउटपुट्स आदि शामिल किए गए हैं। ज़ेनबुक प्रीमियम सीरीज़ए विवोबुक और एक्सेसरीज़ भी डिस्प्ले पर ग्राहकों को उपलब्ध कराई जाएगी। हाल ही में कंपनी द्वारा लॉन्च किया गया ज़ेनबुक फोल्ड भी स्टोर में उपलब्ध होगा। गेमिंग ज़ोन काफी तेजी से बढ़ रहा है और उत्तर प्रदेश इसमें काफी आगे है। इसे देखते हुए गेमिंग के तमाम प्रोडक्ट्स स्टोर में मुहैया कराए गए हैं। गेमिंग सेगमेंट में एसुस न सिर्फभारतए बल्कि पूरे विश्व में नंबर 1 है। हमारी सारी नोटबुक्स एक साल की इंटरनेशनल वॉरंटी के साथ आती हैं।

### टहलने गये वृद्ध का शव तालाब के पानी में उतराता मिला

**जालौन (उरई)।** सुबह टहलने के लिए घर से निकले वृद्ध का शव मुरली मनोहर स्थित पक्के तालाब में मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध के शव को स्थानीय लोगों की मदद से तालाब से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। नगर में मुरली मनोहर स्थित पक्के तालाब पर सुबह लोग घूमने के लिए जाते हैं। सुबह करीब 8 बजे जब लोग तालाब पर टहल रहे थे तभी उन्हें तालाब में एक वृद्ध व्यक्ति का शव उतराता हुआ दिखाई पड़ा। तालाब में शव के पड़े होने की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और लोगों ने इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी अतुल राजपूत मौके पर पहुंच गए और स्थानीय लोगों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। कुछ देर तक तो कोई शव को पहचान नहीं पाया। बाद में मृतक के इकलौते बेटे सुनील निवासी मोहल्ला चौधरयाना ने शव की पहचान उसके पिता जगत नारायण (75) के रूप में की। मृतक के पुत्र ने बताया कि पिता सुबह करीब 6 बजे घर से निकले थे। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटे।

### हृदय गति रूकने से भाजपा कार्यकर्ता की मौत

**पुखरायां कानपुर देहात।** पुखरायां मेन रोड में अहराली के पास रात में अचानक सर्दी लग जाने से हाट अटैक हो जाने से युवा भाजपा कर्ता की मौत हो गई। परिजनों ने यमुना के किनारे दाह संस्कार कर दिया। मूल रूप से बढ़ौली के निवासी राहुल तिवारी 25 वर्ष को अचानक रात में सर्दी लग गई जिससे अटैक पड़ गया, परिजन उसको अस्पताल ले गए जहां पर इलाज के दौरान राहुल तिवारी की मृत्यु हो गई। राहुल तिवारी भाजपा के युवा कार्यकर्ता थे। कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की । परिजनों ने राहुल तिवारी का यमुना किनारे दाह संस्कार कर दिया।

### सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक की मौत

**पुखरायां कानपुर देहात ।** कानपुर कालपी रोड के चौरा गांव के पास ट्राला की आपसी भिड़ंत में चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है महाराष्ट्र के मुंबई शहर का निवासी जावेद माल लेकर झांसी से कानपुर की तरफजा रहा था अचानक चौरा गांव के पास सड़क दुर्घटना में जावेद की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### हाईटेंशन लाइन से सरिया टकराने पर लगे करंट से मजदूर की मौत

**कुठौंद (जालौन)।** बुधवार को दयाशंकर शाक्यवार पुत्र हरदयाल निवासी सरावन राजमिस्त्री ग्राम हमीदपुर में वह काम कर रहे थे। तभी छत पर सरिया सीधा करते समय अचानक सरिया 11 हजार की हाईटेंशन लाइन से टच हो गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# जीएसटी टीम की छापेमारी से व्यापारियों में हड़कंप

**संवाददाता।** मौदहा(हमीरपुर)



**नगर** में जीएसटी टीम के पहुंचने पर व्यापारियों में हड़कंप मच गया वहीं जीएसटी टीम ने यहाँ एक दर्जन से अधिक बड़े कपड़ा व्यापारियों के यहाँ छापेमारी कर दस्तावेज खंगाले हैं।

आज दोपहर बाद अचानक जीएसटी टीम की कई गाड़ियों ने मौदहा कस्बा में प्रवेश किया और अत्यंत योजनाबद्ध तरीके से ये सभी गाड़ियां कस्बे के बड़े कपड़ा व्यापारियों की दुकानों पर पहुंचीं। जहाँ टीम के सदस्यों ने जीएसटी सम्बंधित दस्तावेज अपने कब्जे में लेकर इनको खंगालने का काम शुरू किया है। यह छापेमारी कई घंटे तक जारी रही है इस दौरान दुकान मालिकों से भी टीम के सदस्यों ने तमाम तरह की जानकारियां हासिल की हैं। लेकिन इस पूरे मामले की जानकारी मीडिया को देने से जीएसटी टीम बचती रही है। जिससे कि छापेमारी के दौरान क्या कमियां अथवा खूबियाँ टीम के सदस्यों को मिली हैं इसके बारे में कुछ कहना मुश्किल है। इधर जीएसटी टीम के कस्बे में पहुंचने की भनक लगते ही तमाम व्यापारियों ने अपनी दुकानों के शटर गिरा दिये और इधर उधर छिपते नजर आये हैं। जिसमें कस्बा के थाना चौराहा स्थित किराना की कुछ बड़ी दुकानों के मालिक भी हैं। थाना चौराहा स्थित किराना की इन बड़ी दुकानों में रोजाना लाखों रुपए की बिक्री होती है लेकिन इन दुकानों से खरीदारी करने वाले किसी भी व्यक्ति को जीएसटी का बिल नहीं दिया जाता है। बिना बिल के ही रोजाना लाखों रुपए का व्यापार होना कहीं न कहीं जीएसटी चोरी को दर्शाता है। इसी प्रकार से कस्बे के लगभग पच्चानबे प्रतिशत व्यापारियों का यही हाल है जोकि ग्राहकों से तो जीएसटी का पैसा वसूल रहे हैं लेकिन इन्हें जीएसटी का बिल नहीं देते हैं और जब इनकी चोरी पकड़ने के लिए छापेमारी की जाती है तो तमाम तरह के संगठनों की आड़ में बाजार बंदी जैसी धमकियां दी जाती हैं।

## निर्माणाधीन छत ढहने से दर्जनों मजदूर घायल

**पुखरायां कानपुर देहात।** केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के मूसानगर स्थित आश्रम की बिल्डिंग का निर्माण करते समय लेंटर अचानक भरभरा कर गिर जाने से उसमें दबकर 1 दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गए, जिसमें दो की हालत चिंताजनक होने के कारण जिला अस्पताल से कानपुर रिफर किया गया। ज्ञात हो कि केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति का आश्रम का आवास मूसानगर में सब्जी मंडी के सामने बना है आश्रम में लगभग 1 वर्ष से निर्माण चल रहा था। शटरिंग के लिए बल्ली भी लगाई गई थी शटरिंग खोलते समय अचानक लेंटर धराशाई हो गया जिसमें दबकर मौदहा दुरौली मुसानानगर के एक दर्जन मजदूर दब गए और बुरी तरह घायल हो गए।

# हेडमास्टर ने स्कूल में लगाई फांसी

**संवाददाता।** हमीरपुर



**सरीला** ब्लाक के कन्या प्राथमिक विद्यालय उपहरका के प्रधानाध्यापक ने विद्यालय के ऑफिस रूम में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आज सुबह शव देखकर गांव में सनसनी फैल गयी।

प्रधानाध्यापक सुग्रीव श्रीवास (58) ने घरेलू कलह से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के चार पुत्रियां और एक पुत्र है। सभी पुत्रियां शादीशुदा हैं। वहीं पुत्र अविवाहित है। मृतक प्रधानाध्यापक के इकलौते पुत्र भानुप्रताप ने बताया कि रोज की तरह मंगलवार को पिता कंधौली से बाइक से स्कूल गए थे, जब देर शाम तक घर वापस नहीं लौटे, तो चिंता होने लगी। उनके फोन में बराबर घंटी जाती रही, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। तब पिता को ढूंढने उपरहका गए। जहां जानकारी मिली की छुट्टी बाद वह बाइक से घर निकल गए थे। तब लौटकर थाना मुस्करा में पिता के बारे में मौखिक सूचना दी। बुधवार सुबह जब स्कूल का सफाई कर्मी व रसोइया वहां पहुंचे तो ऑफिस वाले कमरे में उनका शव जमीन में पड़ा मिला। गले में टूटी रस्सी फंसी थी और सिर से निकला खून फर्श पर पड़ा था। गले में फंसी रस्सी का आधा हिस्सा छत के पंखे से बंधा था। आनन-फानन घटना की सूचना थाना मुस्करा पुलिस को दी गई। जिस पर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मौके पर पहुंचे।

# डीएम ने मेडिकल कॉलेज हेतु चल रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** नेहा जैन द्वारा अकबरपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम कुम्भी में कुल 251.1करोड़ की लागत से नवनिर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल में चल रहे मेडिकल कॉलेज के निर्माण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित कारदायी संस्था के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि इस निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा तथा बजट की कमी नहीं है, कार्य की प्रगति तेजी से हो रही है, इस पर जिलाधिकारी ने उक्त कारदाई संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य में अभी और गति लाने की आवश्यकता है तथा जल्द से जल्द और अधिक मजदूरों को लगाकर मेडिकल कॉलेज के सभी पार्ट का निर्माण कार्य कराया जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना होने पाए। मानक के तहत निर्माण कार्य करें, सभी श्रमिकों का श्रम विभाग में पंजीकरण अवश्य कराएं तथा उनके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त कराएं तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ भी दिलाएं। ड्रेनेज का भी निर्माण किया जाए जिससे कि जलभराव आदि की स्थिति उत्पन्न ना होने पाए।

## उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर आयोजित होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडे द्वारा अपने कार्यालय में दिनांक 23 24 व 25 जनवरी 2023 को शासन के निर्देशों के क्रम में आयोजित किए जाने वाले उत्तर प्रदेश दिवस की तैयारियों हेतु बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिनांक 23 को विकास भवन सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम से उत्तर प्रदेश दिवस का शुभारंभ किया जाएगा तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित किए जाने वाली जनहितकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु विभिन्न स्टॉल भी स्थापित किए जाएंगे।

# नोडल अधिकारी गौवंश आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**नोडल** अधिकारी गौवंश आश्रय स्थल द्वारा आज गौवंश आश्रय स्थल खगऊ, शाहपुर गंगपुर, कायमगंज का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय 210 गौवंश पाये गये जिनमें से 210 गौवंश की ईयर टैगिंग पायी गई। सभी गौवंश का टीकाकरण कराया गया है। दवाई व मिनरल्स का स्टॉक रखा पाया गया तथा इसका स्टॉक रजिस्टर भी अपडेट पाया गया। जिन गौवंश की मृत्यु होती है उनका पोस्टमार्टम कराया जाता है पोस्टमार्टम पंचनामा सही तरह से भरा पाया गया। गौवंश आश्रय स्थल से लिंक चारागाह की जमीन पर हरा चारा बोया गया है, जो गौवंशों को खिलाया जाता है। कुछ जमीन पर नेपियर घास भी लगी है। 40 कुन्तल भूसा पाया गया, जल्द में एक नया भूसा भंडारण कक्ष बनाया गया है, जिसकी भंडारण क्षमता 700 कुन्तल है। भूसा व दाना का स्टॉक रजिस्टर देखने पर स्टॉक रजिस्टर बना पाया गया तथा बिल वाउचर भी पाये गए। स्टॉक रजिस्टर 7 जनवरी 2023 तक अपडेट पाया गया, भूसा व दाना का स्टॉक रजिस्टर अलग-अलग बनाने के निर्देश दिए गए।पशुधन सहभागिता के अंतर्गत 105 गौवंश दिये गए हैं, जिनमें से 47 गौवंश जनवरी 2023 में दिये गए हैं, शेष 58 गौवंश का दिसम्बर माह तक का भुगतान हो गया है सभी गौवंश का सत्यापन कराकर भुगतान करने के निर्देश दिए गए। गौशाला में ठंड से बचाव हेतु त्रिपाल एवं अलाव जलाने के लिए लकड़ी की व्यवस्था पायी गयी। गौवंश का स्वास्थ्य परीक्षण किया निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, नोडल गौशाला-तहसील कायमगंज, खण्ड विकास अधिकारी कायमगंज, पशुचिकित्सा अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, ग्राम सचिव, प्रधान, गौपालक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पुल निर्माण की शुरूआत, ठेकेदार ने उड़ाई मानकों की धज्जियां

● सदर विधायक गौरीशंकर के औचक निरीक्षण में पकड़ी गयी खामियां

● मामला हरदोई गूजर-जालौन मार्ग के निर्माणाधीन पुल का

**संवाददाता।** उरई (जालौन)



**भाजपा** सरकार के अधिकारी व कार्यदायी संस्था किस तरह से शासन की मंशा को पलीता लगाने में जरा भी नहीं चूक रहे है। आलम यह है कि विभाग का कोई जिम्मेदारी अधिकारी मौके पर नहीं रहता और ठेकेदार अपने मानकों से पुल का निर्माण शुरू करा देता है। इससे ज्यादा हैरानी की बात और क्या हो सकती हैं। जब सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने उक्त निर्माणाधीन पुल का औचक निरीक्षण किया तो ठेकेदार की करतूतें पकड़ में आ गयी। ताज्जुब की बात तो यह है कि पुल निर्माण के दौरान न तो कार्यदायी संस्था का कोई जिम्मेदार व्यक्ति मौके पर था और न ही पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई मौके पर मिले। जब सदर विधायक ने मजदूरों से यह जानने का प्रयास किया तो मसाला किस मानक से बनाया जा रहा है तो बेचारे मजदूरों ने जो बताया वह हैरानी में डालने वाला था।

कोई भी जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र में पुल की मंजूरी दिलाने में संबंधित विभाग के मंत्री से लेकर अधिकारियों से सतत संपर्क करते हैं तब कहीं जाकर किसी पुल की मंजूरी मिल पाती है। शासन से पुल की स्वीकृति होने के बाद बजट आवंटित होते ही उसका टेण्डर निकाला जाता है इसके बाद कार्यदायी संस्था को कार्य करने का अधिकार मिल जाता है। लेकिन कार्यदायी संस्था जैसे ही पुल का निर्माण शुरू कराती है तो मानकों की धज्जियां उड़ाने की पूरी पटकथा ही लिख दी जाती है। ऐसा ही मामला हरदोई गूजर-जालौन मार्ग पर बनाने वाले पुल के निर्माण का औचक निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य के शुरूआती दौर में मानकों की धज्जियां उड़ाकर पुल निर्माण का दृश्य जब सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने देखा तो वह हैरान रह गये। हैरानी की बात तो यह है कि मौके पर न अवर अभियंता मिले न ही सहायक अभियंता मिले। फिर करोड़ों रुपयों की लागत से पुल के निर्माण कार्य कार्यदायी सरदार एंड सन्स किसकी निगरानी में करवा रहा है। यह बात आश्चर्यजनक हो सकती है। जब सदर विधायक ने निर्माणाधीन पुल का औचक निरीक्षण दौरान मजदूरों से पुल निर्माण का मानक जानना चाहा तो उन्होंने जो सच्चाई बयां की वह हर किसी को हैरान में डाल देगी। यदि इसी मानक से करोड़ों रुपयों की लागत से पुल का निर्माण हुआ तो उससे कितने दिनों तक सुगम यातायात राहगीरों को मिल सकेगा इसकी कोई गारंटी नहीं होगी।

### ठेकेदार ने कहा था ऐसा ही मसाला लगाओ

**उरई।** सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने काम करते हुए मजदूर से पूछा कि इतना घटिया मसाला क्यों लगाया जा रहा है इस पर मजदूर ने कहा कि ठेकेदार ने कहा था ऐसा ही मसाला लगाओ।

### यह है पुल निर्माण का मानक

**उरई।** एम 10 ग्रेड निर्माण में पीसीसी निर्माण के लिए पहले स्टोन डस्ट डाली जाती है, ताकि लेवलिंग हो सके उसके बाद जेएसबी की लेयर का निर्माण किया जाता है और फिर पीसीसी का निर्माण किया जाता है। पीसीसी की थिकनेस का आंकलन सेंटीमीटर में किया जाता है। इनके बाद में राफ्ट लगाई जाती है फिर वाल्व लगाई जाती है। साथ ही इसमें 1-3-6 के अनुपात में मसाले का उपयोग किया जाता है।

# यूक्रेन में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त गृहमंत्री व शीर्ष अफसर की मौत

**एजंसी।** कीव



**यूक्रेन** की राजधानी कीव के पास एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से देश के गृह मंत्री, अधिकारियों और तीन बच्चों सहित कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन के प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यूक्रेन 11 महीने से अधिक समय से रूस के आक्रमण का सामना कर रहा है। यूक्रेनी पुलिस एवं अन्य आपात सेवाओं के प्रभारी मोनास्टिर्स्की इस दौरान जान गंवाने वाले सबसे वरिष्ठ मंत्री हैं। इस घटना से मात्र चार दिन पहले रूस ने दक्षिण पूर्वी यूक्रेन में एक रिहायशी इमारत पर मिसाइल हमला किया था, जिसमें छह बच्चों समेत 45 लोगों की मौत हो गई थी। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि यह घटना हादसा है या रूस की तरफ से किए गए किसी हमले का परिणाम। कीव में हाल में कोई संघर्ष नहीं देखा गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि काली सुबह हुई दुर्घटना एक भयानक त्रासदी है। उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा, यह पीड़ा शब्दों में नहीं बताई जा सकती। ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने मोनास्टिर्स्की को पुतिन के अवैध आक्रमण के दौरान यूक्रेनी लोगों का समर्थन करने में अग्रणी पथप्रदर्शक बताया। उन्होंने कहा कि वह उनके दृढ़ संकल्प, आशावाद और देशभक्ति से प्रभावित थीं। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस के प्रमुख इहोर क्लिमेंको ने बताया कि गृह मंत्री डेनिस मोनास्टिर्स्की, उप गृह मंत्री एवहेन एनिन और गृह मंत्रालय के राज्य सचिव यूरी लुबकोविच की हादसे में मौत हो गई। क्लिमेंको ने बताया कि कीव के पूर्वी उपनगर ब्रोवेरी में आपातकालीन सेवा का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ। इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों में से नौ लोग हेलीकॉप्टर में सवार थे और दुर्घटना का शिकार हुए अन्य लोग स्पष्ट रूप से जमीन पर थे। कीव के क्षेत्रीय गवर्नर ने ओलेक्सी कुलेबा ने बताया कि इस हादसे में तीन बच्चों समेत 18 लोगों की मौत हुई है और 25 लोग घायल हुए हैं। बहरहाल, यूक्रेन की आपात सेवा ने मृतकों की संख्या 15 बताई है। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि यह पुरानी जानकारी है या संशोधित संख्या है। यूक्रेन के महाभियोजक एंड्रिय कोस्टिन ने टेलीग्राम पर कहा, फिलहाल हम हेलीकॉप्टर दुर्घटना हादसे संबंधी सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यूक्रेन की सुरक्षा सेवा मामले की जांच कर रही है। इस बीच, स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच के एक सत्र में भाग लेने पहुंचीं यूक्रेन की प्रथम महिला ओलेना जेलेंस्की यह खबर मिलने के बाद भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा, आज एक और बहुत दुखद दिन है-- फिर से नुकसान हुआ है। मंच के अध्यक्ष बोरगे ब्रेंडे ने दुर्घटना में जान गंवाने वाले यूक्रेनी अधिकारियों के सम्मान में सत्र की शुरुआत के बाद 15 सेकंड का मौन रखने का अनुरोध किया। यूक्रेनी राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख किरिलो तिमोशेंको ने कहा, अभी एक त्रासदी से उबर भी नहीं पाए थे कि एक और दुखद घटना हो गई।

## टेक्सास में विमान दुर्घटना में टेनेसी चर्च के चार सदस्यों की मौत

**योकुम** (अमेरिका)। अमेरिका में टेक्सास प्रांत के योकुम शहर में हवाई अड्डे पर मंगलवार को एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें टेनेसी गिरजाघर के चार सदस्यों की मौत हो गई और प्रमुख पादरी घायल हो गए। अधिकारियों और गिरजाघर ने यह जानकारी दी। संघीय उड्डयन प्रशासन के अनुसार, योकुम में स्थित एक हवाई अड्डे के दक्षिण में एक खुले मैदान में एकल-इंजन वाला पाइपर पीए-46 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। योकुम, लगभग छह हजार लोगों की आबादी वाला एक छोटा शहर है, जो सैन एंटोनियो से लगभग 160 किलोमीटर दूर, पूर्व में स्थित है। टेक्सास के जनसुरक्षा विभाग के सार्जेंट रूबेन सैन मिगुएल ने बताया कि विमान में सवार पांच लोगों में से एक विमान से बाहर निकलने में सफल रहा और उसे विक्टोरिया के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

विक्टोरिया शहर योकुम से लगभग 65 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। जर्मनटाउन के मेम्फिस उपनगर में स्थित हार्वेस्ट गिरजाघर ने कहा कि प्रमुख पादरी केनन वॉन टेक्सास के एक अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। गिरजाघर ने इस हादसे में मारे गए चार लोगों की पहचान गिरजाघर के कार्यकारी उपाध्यक्ष बिल गार्नर और उसके सदस्य स्टीव टकर, टायलर पैटरसन तथा टायलर स्प्रिंगर के रूप में की है। हार्वेस्ट गिरजाघर ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर कहा, सभी हार्वेस्ट गिरजाघर के प्रिय सदस्य थे और उनके निधन से हमें बेहद दु:ख है।

# भारत व मालदीव पर क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा की साझा जिम्मेदारी : जयशंकर

### भारत व मालदीव पर क्षेत्रीय शांति एवं सुरक्षा की साझा जिम्मेदारी

**एजेंसी।** माले



**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत और मालदीव अच्छे पड़ोसी व मजबूत साझेदार हैं और दोनों देशों पर क्षेत्रीय शांति एवं सुरक्षा की साझा जिम्मेदारी है। मालदीव और श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा के पहले पड़ाव पर यहां पहुंचे जयशंकर ने मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद के साथ फलदाई चर्चा के बाद यह बात कही। जयशंकर भारत के दो प्रमुख समुद्री पड़ोसियों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और विस्तार देने के लिए इन देशों की यात्रा पर हैं।

शाहिद के साथ बैठक के बाद जयशंकर ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम अच्छे पड़ोसी हैं। हम मजबूत भागीदार हैं। हमने विकास और प्रगति के लिए पारस्परिक रूप से निवेश किया है। हालांकि, साथ ही हम पर क्षेत्रीय शांति एवं सुरक्षा की साझा जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच की सुरक्षा साझेदारी भी लगातार मजबूत हो रही है। जयशंकर ने कहा, एक बार फिर यहां, भारत अपने और इस व्यापक क्षेत्र के लिए मालदीव की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने का सदैव इच्छुक है। इससे पहले, मालदीव पहुंचने पर यहां हवाई अड्डे पर जयशंकर का मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने पारंपरिक रूप से स्वागत किया। जयशंकर ने द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए यहां विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजना (एचआईसीडीपी) के लिए 10 करोड़ मालदीव रूफिया की अतिरिक्त अनुदान सहायता को लेकर भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अनुदान सहायता के जरिए देश भर में कई सामाजिक-आर्थिक विकास परियोजनाओं का कार्यान्वयन किया जाएगा। अन्य समझौतों में मालदीव राष्ट्रीय विश्वविद्यालय और कोच्चि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बीच अकादमिक सहयोग शामिल है।

# संरा महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष इस महीने के आखिर में भारत जाएंगे

**एजंसी।** संयुक्त राष्ट्र



**संयुक्त राष्ट्र** महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष साबा कोरोसी इस महीने के अंत में भारत की यात्रा करेंगे और वरिष्ठ अधिकारियों से मिलेंगे। उनके प्रवक्ता ने यह जानकारी दी है। पिछले साल भारत की अध्यक्षता में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक कार्यक्रम के इतर कोरोसी से विदेश मंत्री एस जयशंकर की मुलाकात हुई थी। महासभा के अध्यक्ष की प्रवक्ता पौलिना कुबियक ने यहां मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि कोरोसी 29 जनवरी को भारत जा सकते हैं जहां वह सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। उनके मुताबिक, इसके अलावा कोरोसी विदेश नीति के थिंक टैंक इंडियन काउंसिल फॉर वर्ल्ड अफेयर्स को भी संबोधित करेंगे। कुबियक ने बताया कि अपनी यात्रा के दौरान कोरोसी वैज्ञानिकों से मुलाकात करेंगे और एक जल संरक्षण परियोजना स्थल भी जाएंगे। हंगरी के राजनयिक कोरोसी फिलहाल संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें अध्यक्ष हैं।

कुबियक ने कहा कि भारत के बाद वह चीन जाएंगे जहां वह वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने के अलावा इंटरनेशनल रिसर्च सेंटर ऑफ बिग डेटा फॉर ससटेनएबल डेवलपमेंट गोल्स (सीबीएएस) का दौरा कर सकते हैं। सीबीएएस की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक, सीबीएएस का मकसद स्थाई विकास के लिए संयुक्त राष्ट्र के 2030 के एजेंडे को लागू करने में मदद करना है। पिछले साल दिसंबर में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता के दौरान जयशंकर कोरोसी से मिले थे। दोनों ने परिषद में भारत की अध्यक्षता, जी20 की अध्यक्षता के दौरान राष्ट्र के लक्ष्य और संशोधित बहुपक्षवाद के महत्व पर चर्चा की थी।

# अमेरिकी रक्षा सहयोग के चुनने वाले देशों में भारत बड़ा उदाहरण : पेंटागन

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** रक्षा विभाग पेंटागन ने कहा है कि भारत उन देशों के बीच बड़ा उदाहरण है जो अमेरिका से रक्षा सहायता का चयन कर रहे हैं। पेंटागन के प्रवक्ता पैट राइडर ने यह भी कहा कि अमेरिका जानता है कि रूस या सोवियत युग के हथियार खरीदने वाले कुछ देश मास्को के साथ भी संबंध बनाए रखना चाहते हैं। उन्होंने मंगलवार को वाशिंगटन में संवाददाता सम्मेलन में कहा, ऐसे कई देश हैं जो रूस के साथ रक्षा संबंध बरकरार रखे हुए हैं। साथ ही, यह अलग-अलग देशों के लिए एक संप्रभु निर्णय है।

राइडर से पूछा गया कि क्या अमेरिका द्वारा उन देशों के साथ साझा की जाने वाली सूचना या प्रौद्योगिकी को रूस के साथ साझा किए जाने को लेकर कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा, उन देशों में से कई ने अतीत में रूस-निर्मित या सोवियत युग के उपकरण खरीदे हैं। इस कारण से वे किसी प्रकार का संबंध बनाए रख सकते हैं। रक्षा सहयोग के दृष्टिकोण से, निश्चित रूप से अमेरिका के नजरिए से, मुझे लगता है कि क्षमताओं को शामिल करने की दिशा में अमेरिका द्वारा प्रदान की जाने वाली रक्षा सहायता कहीं अधिक भरोसेमंद हैं। राइडर ने कहा, और यह कुछ ऐसा है जिस पर हम दुनिया भर के विभिन्न साझेदारों और सहयोगियों के साथ चर्चा करते रहते हैं...वे इस प्रकार की प्रणालियों को खरीदने के लिए चुनते हैं तो हम निश्चित रूप से नजर बनाए रखते हैं। भारत एक बड़ा उदाहरण है। भारत और अमेरिका के बीच 1997 में रक्षा व्यापार लगभग नगण्य था, आज यह 20 अरब डॉलर से अधिक है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की निंदा करने से परहेज करते हुए संयुक्त राष्ट्र में मतदान से दूर रहने को लेकर भारत को अमेरिकी रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सांसदों की आलोचना का सामना करना पड़ा है। अमेरिकी अधिकारियों ने रूस से भारत द्वारा एस-400 मिसाइल प्रणाली की खरीद पर भी चिंता व्यक्त की है। अमेरिका की कड़ी आपत्तियों और जो बाइडन प्रशासन की ओर से प्रतिबंधों की चेतावनी के बावजूद भारत ने अपने फैसले में कोई भी बदलाव करने से इनकार कर दिया है और मिसाइल रक्षा प्रणाली की खरीद के साथ आगे बढ़ रहा है।

## प्रशांत महासागर के ऊपर उड़ रहे क्वांटास के विमान को मदद के संदेश के बाद सुरक्षित उतारा गया

सिडनी।न्यूजीलैंड से आए क्वांटास के एक विमान ने बुधवार को प्रशांत महासागर के ऊपर से उड़ने के दौरान मदद के लिए संदेश जारी किया, जिसके बाद उसे एक इंजन के सहारे सिडनी हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतारा गया। क्वांटास फ्लाइट 144 मे 145 यात्री थे और विमान पड़ोसी देश न्यूजीलैंड के सर्वाधिक आबादी वाले शहर ऑक्लैंड से साढ़े तीन घंटे की उड़ान के बाद सिडनी हवाई अड्डे पर उतरा। क्वांटास ने एक बयान मे कहा कि सिडनी से करीब एक घंटे की दूरी पर बोइंग 737-838 के दो इंजनो मे से एक मे खराबी आ गई थी। जब कोई उड़ान गंभीर और आसन्न खतरे मे होती है और तत्काल सहायता की आवश्यकता होती है, तो मदद के लिए एक संदेश जारी किया जाता है। क्वांटास ने कहा कि पायलट ने इंजन बंद कर दिया लेकिन वह समस्या के बारे ठीक से नही बता पाया। क्वांटास ने कहा, उड़ान के दौरान इंजन बंद करना दुर्लभ घटना है और स्वाभाविक रूप से यात्रियो के लिए यह चिंता का विषय होगा। हमारे पायलटों को यात्रियो को सुरक्षित उतारने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है और विमान को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि वह एक इंजन पर निश्चित अवधि तक उड़ान भर सकता है। यात्रियो ने सिडनी मे पत्रकारो को बताया कि उन्हे बताया गया कि जब उन्होने उड़ान भरी तब विमान के एक इंजन ने काम करना बंद कर दिया था। सिडनी हवाई अड्डा ने कहा कि एहतियात के तौर पर आपात कर्मियो को तैयार रखा जाता है जिनमे दमकलकर्मी, एंबुलेंस और पुलिस शामिल है। सिडनी स्थित इंडस्ट्री कंसल्टेंसी स्ट्रेटेजिक एविएशन सॉल्यूशंस के चेयरमैन नील हैनफोर्ड ने कहा कि बोइंग 737 विमान तेजी से उड़ सकते है और एक इंजन की मदद से सुरक्षित उतर सकते है।

## पूर्वी इंडोनेशिया में 7.2 की तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी नहीं

जकार्ता। पूर्वी इंडोनेशिया मे बुधवार को जोरदार भूकंप के झटके महसूस किया। हालांकि तत्काल किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नही है और सुनामी की चेतावनी भी जारी नही की गई है। स्थानीय लोग घबराकर घरो से बाहर भी निकल आए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप की तीव्रता 7.2 थी। इसका केंद्र उत्तरी मलुकु प्रांत मे टोबेलो के उत्तर-पश्चिम मे 150 किलोमीटर पर समुद्र मे 60 किलोमीटर की गहराई पर था। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान व भूभौतिकी एजेंसी ने सुनामी की कोई चेतावनी जारी नही की है। होनोलूलू मे प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने पहले कहा था कि पास के इंडोनेशियाई तटो के लिए एक संभावित खतरा है लेकिन जल्द ही उसने वह नोटिस वापस ले लिया। इससे पहले बुधवार को सुबह भी पूर्वी इंडोनेशिया मे 6.1 की तीव्रता का भूकंप आया था। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, इस भूकंप का केंद्र गोरोन्तालो के 65 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पूर्व मे समुद्र मे 147 किलोमीटर की गहराई पर था। गोरोन्तालो, उत्तरी सुलावेसी, उत्तरी मलुकु और मध्य सुलावेसी प्रांत मे इसके झटके महसूस किए गए।

## दुनिया की सबसे बुजुर्ग महिला का 118 साल की उम्र में निधन

***एजंसी।*** *पेरिस*

***दुनिया*** *की सबसे उम्रदराज मानी जाने वालीं फ्रांस की एक नन का उनके 119वें जन्मदिन से कुछ सप्ताह पहले निधन हो गया। दक्षिणी फ्रांस में उनके नर्सिंग होम के प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। ल्यूसिल रैंडन, जिन्हें सिस्टर आंद्रे के नाम से जाना जाता है, का जन्म 11 फरवरी, 1904 को दक्षिणी फ्रांस के एल्स शहर में हुआ था। वह दुनिया की सबसे उम्रदराज कोविड-19 से उबर चुके लोगों में से एक थीं। प्रवक्ता डेविड टवेला ने कहा कि उनका निधन मंगलवार को देर रात करीब दो बजे टूलोन शहर में सेंटे-कैथेराइन-लेबोर नर्सिंग होम में हुआ। जेरोन्टोलॉजी रिसर्च ग्रुप 110 या उससे अधिक उम्र के लोगों के विवरण को मान्यता देता है। समूह ने पिछले साल 119 वर्ष की उम्र में जापान के केन तनाका की मृत्यु के बाद रैंडन को दुनिया की सबसे बुजुर्ग ज्ञात व्यक्ति के रूप में सूचीबद्ध किया था। सिस्टर आंद्रे जनवरी 2021 में अपने 117वें जन्मदिन से पहले कोरोना वायरस से संक्रमित हो गई थीं। लेकिन उन्हें संक्रमण के मामूली लक्षण थे, जिससे उन्हें संक्रमित होने का एहसास तक नहीं हुआ। संक्रमण से उनके उबरने की फ्रांस समेत दुनिया भर में चर्चा हुई। दो विश्वयुद्धों की गवाह रहीं सिस्टर आंद्रे से पिछले साल अप्रैल में जब उनकी असाधारण लंबी उम्र के बारे में पूछा गया तो उन्होंने फ्रांसीसी* मीडिया से कहा कि काम करते रहना... आपको जीवंत बनाता है।

# माफिया सरगना माटेयो मेस्सिना डेनारो तीस साल बाद गिरफ्तार



बाथ। सिसिली के माफिया, कोसा नोस्ट्रा के नेताओं में से एक, माटेयो मेस्सिना डेनारो को आखिरकार 30 साल बाद हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस को पता चला कि पलेर्मो में निजी मड्डालेना क्लिनिक में डेनारो का इलाज चल रहा है, लिहाजा लगभग 100 पुलिस अधिकारियों ने क्लिनिक को घेर लिया और डेनारो पकड़ा गया।कई हफ्तों से यह अफवाह फैली हुई थी कि डेनारो बीमार था और उसकी कीमोथेरेपी हो रही थी - लेकिन यह जनता के लिए एक आश्चर्य की बात थी कि इटली के सबसे वांछित व्यक्ति का आम नागरिकों के साथ पलेर्मो क्लिनिक में इलाज चल रहा था। वह परीक्षणों के लिए कतार में था जब एक पुलिस अधिकारी ने उससे पूछा कि वह कौन है। उसके साथ खड़े एक सहयोगी ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वह आगे आया और बस जवाब दिया "मैं माटेयो मेस्सिना डेनारो हूं।जांचकर्ताओं ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि स्वास्थ्य देखभाल की ज़रूरत के चलते अंततः डेनेरो को पहचानना और पकड़ना संभव हो पाया।16 जनवरी को डेनारो की गिरफ्तारी उसके गुरु, टोटो द बीस्ट रीना की गिरफ्तारी के ठीक 30 साल और एक दिन बाद हुई।

## भारत में वीजा साक्षात्कार के प्रतीक्षा समय को कम करने के लिए हर संभव प्रयासः अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी वीजा सेवाओं के लिए उप सहायक मंत्री जूली स्टफ्ट ने कहा कि भारत में वीजा साक्षात्कार नियोजन में लगने वाले समय को कम करने के लिए अमेरिका हर संभव प्रयास कर रहा है। स्टफ्ट ने पीटीआई-भाषा से एक साक्षात्कार में कहा कि इन प्रयासों में कांसुलर अधिकारियों को भारत भेजना और भारतीय वीजा आवेदकों के लिए जर्मनी एवं थाईलैंड में अपने अन्य विदेशी दूतावास खोलना शामिल है। उन्होंने कहा, वीजा साक्षात्कार नियोजन में लगने वाले समय को कम करने के लिए हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं। स्टफ्ट ने कहा कि दुनिया भर में वीजा प्रक्रिया को सामान्य करना अभी हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, हम भारत में अपने दूतावास और वाणिज्य दूतावासों में अपने कर्मचारियों की मदद के लिए कांसुलर अधिकारियों को भेज रहे हैं।

# फ्रांसीसी विशेषज्ञ दल ने पोखरा में जांच शुरू की

## नेपाल विमान दुर्घटना

**एजेंसी।** काठमांडू



**नेपाल** में यति एयरलाइन के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले की जांच फ्रांस के विशेषज्ञों की एक टीम ने बुधवार को शुरू की। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि फ्रांस के विशेषज्ञों की टीम इस दुर्घटना की जांच में सरकार की मदद करने के लिए नेपाल में है। उन्होंने बताया कि टीम के सदस्यों ने पोखरा शहर में दुर्घटनास्थल का दौरा किया। अधिकारियों के अनुसार यति एयरलाइंस के एक अधिकारियों के अनुसार, एटीआर-72 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच भारतीय सहित 71 व्यक्तियों की मौत हो गई। विमान में सवार एक व्यक्ति अब भी लापता है। अधिकारियों के अनुसार विमान में 72 व्यक्ति सवार थे। अधिकारियों के अनुसार दुर्घटना के विवरण को समझने के लिए नौ सदस्ईय टीम एयरलाइन के कर्मचारियों और संबंधित अधिकारियों से पोखरा में पूछताछ कर रही है। विमान ने रविवार को पूर्वाह्न 10 बजकर 33 मिनट पर काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। पोखरा हवाई अड्डे पर उतरते वक्त विमान पुराने हवाई अड्डे और नए हवाई अड्डे के बीच सेती नदी के तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। नेपाल सरकार ने दुर्घटना की जांच के लिए पांच सदस्ईय जांच समिति का गठन किया है। पूर्व विमानन सचिव नागेंद्र घिमिरे के नेतृत्व वाले जांच समिति को दुर्घटना की जांच करने और 45 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट देने को कहा गया है। एटीआर-72 विमान निर्माता एटीआर द्वारा फ्रांस और इटली में विकसित एक ट्विन-इंजन टर्बोप्रॉप एयरलाइनर है। एटीआर फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनी एयरोस्पेतियल और इतालवी विमानन समूह एरीतालिया के बीच एक संयुक्त उद्यम है। इस बीच, नेपाली सेना की टीम ने विमान के अवशेषों की तलाश के लिए सेती घाटी में तलाशी अभियान जारी रखा है। बुधवार को विमान दुर्घटना स्थल से एक और शव काठमांडू लाया गया और मेडिकल टीम ने 49 अन्य शवों का पोस्टमॉर्टम किया।

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को **श्री जलजीत सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री भूप सिंह** की ओर से सूचित किया जाता है। जो आवासीय संपत्ति संख्या 640, जिसका क्षेत्रफल 200 वर्ग गज, खसरा नं 262 मिन, शामिल है। ग्राम सैदुलाजैब, तहसील साकेत (एम.बी.रोड), नई दिल्ली की आबादी में स्थित के मालिक हैं। विमुक्ति विलेख दिनांक 21.08.2020, जो दस्तावेज संख्या 3488 के रूप, उप-पंजीयक, वीए, हौज खास, नई दिल्ली के कार्यालय में पंजीकृत है। जिसे 1) श्री मनजीत सिंह, 2) श्री जितेन्द्र सिंह (दोनों पुत्र), 3) सुश्री राजेश 4) सुदेश चौधरी 5) सुश्री मुकेश 6) सुश्री रानी (सभी बेटियां) अपने पिता श्री भूप सिंह की मृत्यु के पश्चात निष्पादित किया जाता है। और **चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** से वित्तीय सहायता के विरूद्ध उपरोक्त संपत्ति को गिरवी रखने का इरादा रखते है।

बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी भी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/हित/गिरवी रखने के संबंध में कोई आपत्ति है, तो आज से 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में सूचित करने एवं नीचे लिखे पते पर भेजने का अनुरोध किया जाता है। जिसके न होने पर यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है।

**लुसेम लीगल एलएलपी**
136, बेसमेंट फ्लोर, उदय पार्क, मदर डेयरी के पास, नई दिल्ली-110049, संपर्क: 011-40046316, 41667327

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mrs. Shikha W/o. Mr. Mahender Singh** who is owner of the Entire Built-up residential Property bearing Plot No.RZF-128, land area measuring 50 Sq. Yds. (i.e., 41.8 Sq. Mtrs.), out of Khasra No.87/5, situated in the revenue estate of Village Nangloi Jat, colony/abadi known as Nihal Vihar, Nangloi, New Delhi-110041; which is gifted by her husband **Mr. Mahender Singh** vide Gift Deed dated 29.09.2022, vide Document No.6799, registered with the office of Sub-Registrar-IIA, Punjabai Bagh, Delhi/New Delhi, registered on 29.09.2022 and same to be finance & mortgage by **Shubham Housing Development Finance Company Limited.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 15 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
136, Basement Floor, Uday Park, near Mother Dairy, New Delhi-110049
Contact# 011-40046316 & 41667327

**Public Notice**

This is to inform General Public that Mrs. Kusum Agarwal has acquired the Entire Ground Floor (Without Roof Rights), "Said Floor", Built on Property Bearing No. A-219, Land area measuring 193.33 Sq. yds. i.e 160.09 Sq. mtrs. Situated in the Layout plan of The CPED Co-Operative House Building Society Ltd, known as Lok Vihar, Pitampura, Delhi by way of Partition Deed dated 04.02.2015 Doc no. 1111. Now, Mrs. Kusum Agarwal is mortgaging the above said property with HDFC Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-1 10034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

**NOTICE** is hereby given that 1000 Equity shares of Rs.1/- each of Dabur India Ltd having Folio No. DIL0903822, Certificate No. 85229 & Distinctive Nos. from 602880495 – 602881494 standing in the name(s) of Helen D Costa & Felix Dicosta have been lost or mislaid and undersigned has/have applied to the Company to issue duplicate Certificate(s) for the said shares. Any person who has a claim in respect of the said shares should lodge such claim with the Company at its Registrars KFin Technologies Ltd, (Unit: Dabur India Limited) Karvy Selenium Tower B, Plot 31-32, Gachibowli, Financial District, Hyderabad, Telangana – 500 032 within one month from this date else the Company will proceed to issue duplicate Certificate(s). **Name(s) of Applicant(s)**
**Helen D Costa**
**Date: 16.01.2023**

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बलविन्दर सिंह कोहली/गुरप्रीत सिंह कोहली/सतिन्दर कौर कोहली/वीरेन्द्र कोहली/नौशेर सिंह कोहली/फरहाद सिंह कोहली/शहजादी कोहली/साहेबजादी कोहली/बराज सिंह कोहली/ खाता नंबर :- LBLUD00002118951/ LBLUD00002417322 | फ्लैट नंबर 703, 7वां तल, ब्लॉक नंबर 21, हेरिटेज सिटी, ग्राम सिरहौल, तहसील एवं जिला गुरूग्राम, हरियाणा | 09-11-2022 रू. 2,02,88,878/- | 07-06-2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 19 जनवरी, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर (गुरूग्राम)

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# मनप्रीत भाजपा में शामिल, कांग्रेस ने कहाः पार्टी से बादल छंट गए

**भाषा।** नई दिल्ली/चंडीगढ़

**पंजाब** के वरिष्ठ नेता तथा राज्य के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत बादल ने बुधवार को भाजपा का दामन थाम लिया। अपनी नई पारी शुरू करने से ठीक पहले उन्होंने कांग्रेस में गुटबाजी का आरोप लगाते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस ने बुधवार को मनप्रीत सिंह बादल पर निशाना साधते हुए कहा कि पंजाब कांग्रेस पर से बादल छंट गए हैं। मनप्रीत बादल पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने ट्वीट किया, एक आदमी जिन्होंने अपनी पार्टी बनाने के लिए, अकाली दल को छोड़ दिया और फिर कांग्रेस में शामिल हो गए, उन्हें पांच साल के लिए वित्त मंत्री बनाया गया, फिर 60 हजार से अधिक के रिकॉर्ड अंतर से हार गए और उसके बाद सुषुप्तावस्था में चले गए और अब भाजपा में शामिल हो गए हैं। पंजाब कांग्रेस पर से बादल छंट गए हैं।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, भाजपा महासचिव तरुण चुग और पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी की मौजूदगी में बादल ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नौ सालों के कार्यकाल में भारत कूटनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर एक मजबूत देश के रूप में उभरा है। पंजाब में कांग्रेस की स्थिति पर चिंता जताते हुए बादल ने कहा कि राज्य पिछड़ रहा है और भाजपा एकमात्र पार्टी है जो वहां की चुनौतियों का समाधान कर सकती है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गोयल ने बादल की सराहना करते हुए कहा कि वह विद्वान, सरल और अनुभवी हैं एवं जीएसटी परिषद की बैठक के दौरान पंजाब के वित्त मंत्री के रूप में वह व्यापक राष्ट्रीय हितों की बात करते थे। उन्होंने कहा कि यह एक स्वर्णिम दिन है और उनके भाजपा में शामिल होने से सिखों के साथ भाजपा का रिश्ता और मजबूत होगा।



मनप्रीत बादल के भाजपा में शामिल होने को पंजाब में कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह और पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ पहले ही भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं। बादल से जब कांग्रेस छोड़ने की वजह पूछी गई तो उन्होंने कहा कि कैसे कोई उस पार्टी में काम कर सकता है जो खुद से ही लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि सिर्फ पंजाब ही नहीं, कई अन्य राज्यों में भी कांग्रेस में गुटबाजी चरम पर है। इससे पहले, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को भेजे अपने इस्तीफे में बादल ने कहा कि कांग्रेस से उनका मोहभंग हो गया है। बादल ने अपना इस्तीफा ट्विटर पर भी पोस्ट किया। उन्होंने अपने इस्तीफे में कहा, पार्टी और सरकार में मुझे जो भी जिम्मेदारी दी गई उसे निभाने में मैंने अपना सब कुछ झोंक दिया। मुझे यह मौका देने व सम्मान देने के लिए आपका शुक्रिया अदा करता हूं। उन्होंने कहा कि पार्टी के भीतर जारी मौजूदा संस्कृति और उपेक्षापूर्ण रवैए के कारण अब वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का हिस्सा नहीं रहना चाहते।

बादल ने कहा, सात साल पहले, मैंने पीपुल्स पार्टी ऑफ पंजाब का आपकी पार्टी के साथ विलय किया था। मैंने बड़ी उम्मीदों व आकांक्षाओं के साथ यह कदम उठाया था कि इससे मुझे अपनी क्षमता के हिसाब से पंजाब के लोगों और उनके हितों की सेवा करने के पूर्ण अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि यह उत्साह धीरे-धीरे कम होता गया, जिससे निराशा बढ़ी और पार्टी से उनका मोहभंग हो गया। वहीं, कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने बुधवार को मनप्रीत सिंह बादल के पार्टी से इस्तीफा देने पर प्रतिक्रिया जताते हुए कहा कि अच्छा हुआ, छुटकारा मिला। वडिंग ने बादल को सत्ता का भूखा करार दिया। पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के भतीजे मनप्रीत 2016 में कांग्रेस में शामिल हुए थे।

# उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड, पहलगाम में पारा शून्य से 11.7 डिग्री नीचे आया

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के कई हिस्से बुधवार को भी कड़ाके की ठंड की चपेट में रहे जबकि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में न्यूनतम तापमान गिरकर शून्य से 11.7 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया। राष्ट्रीय राजधानी में जनवरी के दौरान अब तक आठ दिन शीतलहर का प्रकोप रहा। दिल्ली की सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजस्थान में फतेहपुर, सीकर, चूरू और करौली में रात का तापमान जमाव बिंदु से नीचे चला गया और पूरे प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का सितम जारी है। मंगलवार रात सीकर के फतेहपुर में पारा शून्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस नीचे, सीकर में शून्य से 1.5 डिग्री नीचे, चूरू में शून्य से 1.2 डिग्री नीचे और करौली में शून्य से 0.8 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा।

पंजाब और हरियाणा में कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी है। प्रदेश के अधिकांश इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे बना रहा। पंजाब के बठिंडा और फरीदकोट में भीषण ठंड पड़ रही है। यहां का न्यूनतम तापमान क्रमशः शून्य से 0.2 डिग्री सेल्सियस नीचे और 0.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, अमृतसर में तापमान 2.9 डिग्री से., लुधियाना में 2.8 डिग्री सेल्सियस, पटियाला में 2.6 डिग्री सेल्सियस, पठानकोट में 3.8 डिग्री सेल्सियस, गुरदासपुर में 2 डिग्री सेल्सियस, मोगा में 0.5 डिग्री सेल्सियस और मोहाली में 4.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दोनों राज्यों की साझा राजधानी चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दिल्ली में पांच से नौ जनवरी तक भीषण शीतलहर चली जो एक दशक में इस महीने में प्रचंड शीतलहर की दूसरी सबसे लंबी अवधि रही। दिल्ली में सर्दी के मौसम में अभी तक बारिश नहीं हुई है। उधर, कश्मीर में न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से और नीचे गिर गया जबकि मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार से बारिश और हिमपात होने की भविष्यवाणी की है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस नीचे, काजीगुंड में शून्य से 7.4 डिग्री सेल्सियस नीचे, दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग में शून्य से 6.2 डिग्री सेल्सियस नीचे और कुपवाड़ा में शून्य से 6.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। अनंतनाग जिले के पहलगाम में पारा शून्य से 11.7 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। पहलगाम वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए आधार शिविर भी है। हरियाणा में नारनौल का न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि सिरसा में न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस, हिसार में दो डिग्री सेल्सियस, करनाल में 2.4 डिग्री सेल्सियस, रोहतक में 2.8 डिग्री सेल्सियस और अंबाला में 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# नीतीश के खिलाफ बयान पर राजद ने विधायक सुधाकर से मांगा जवाब

**पटना।** बिहार में सत्ताधारी सबसे बड़ी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ बयानबाजी करने वाले अपने विधायक सुधाकर सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। राजद के प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने बुधवार को कहा कि सुधाकर को नोटिस का जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है जिसके आधार पर आगे की कार्वाई तय की जाएगी। सिद्दीकी ने संवाददाताओं से कहा, मैंने पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद के निर्देश के बाद कल उन्हें नोटिस भेजा था।

विधायक को कारण बताने के लिए कहा गया है कि पार्टी के निर्देश पर जब केवल राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ही गठबंधन सहयोगियों के बारे में कोई भी बयान देने के लिए अधिकृत हैं, तो इसकी अवहेलना करने के लिए उनके खिलाफ कार्वाई क्यों नहीं की जाए। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक बने सुधाकर बिहार के राजद अध्यक्ष जगदानंद सिंह जो प्रसाद और यादव के वफादार माने जाते हैं, के बेटे हैं।

कुछ महीने पहले सुधाकर को राज्य के कृषि मंत्री के पद से हटना पड़ा था, जब अपने विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी टिप्पणी से महागठबंधन सरकार को शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी। सुधाकर मुख्यमंत्री के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए हाल के दिनों में चर्चा में रहे हैं जिन्हें उन्होंने भाजपा एजेंट कहा था और आरोप लगाया था कि वह सत्ता अपने पास रखकर शीर्ष पद पर तेजस्वी यादव के पहुंचने के रास्ते में बाधा बन गए। यादव ने हाल ही में सुधाकर के व्यवहार के प्रति अपनी अस्वीकृति व्यक्त की थी, जिसमें कहा गया था कि यह भाजपा के एजेंडे को आगे बढ़ाने के समान है।

# केन बेतवा परियोजनाः तीन वन्यजीव अभयारण्यों को प्रोजेक्ट टाइगर के दायरे में लाने को मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** केन बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के कार्यान्वयन की दिशा में कदम बढ़ाते हुए मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की सरकार ने तीन वन्यजीव अभयारण्य को प्रोजेक्ट टाइगर कार्यक्रम के दायरे में लाने को मंजूरी प्रदान कर दी है। इससे पन्ना बाघ अभयारण्य की क्षमता में बढ़ोतरी होगी। प्रोजेक्ट टाइगर कार्यक्रम के दायरे में लाने को लेकर जिन तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, उनमें मध्य प्रदेश स्थित नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य और रानी दुर्गावती वन्यजीव अभयारण्य तथा उत्तर प्रदेश स्थित रानीपुर वन्यजीव अभयारण्य शामिल हैं।

जल शक्ति मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि केन बेतवा नदी जोड़ो परियोजना (केबीएलपी) की संचालन समिति की बुधवार को हुई तीसरी बैठक में इसकी जानकारी दी गई। जल शक्ति मंत्रालय के सचिव पंकज कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधियों, विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों एवं नीति आयोग के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के कारण पन्ना बाघ अभयारण्य में वन्य जीवों पर पड़ने वाले प्रभावों से निपटने के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई थी। भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूडब्ल्यूआई) द्वारा विस्तृत अध्ययन के बाद तैयार ताजा रिपोर्ट में इस कार्ययोजना को लागू करने के लिए विशेष उद्देश्य कंपनी गठित करने का सुझाव दिया गया था। इस विशेष उद्देश्य कंपनी को ग्रेटर पन्ना लैंडस्केप काउंसिल (जीपीएलसी) का नाम दिया गया था।

रिपोर्ट में मध्य प्रदेश में नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य और दुर्गावती वन्यजीव अभयारण्य तथा उत्तर प्रदेश में रानीपुर वन्यजीव अभयारण्य के साथ संपर्क गलियारा स्थापित करने का सुझाव दिया गया था। इस कदम से इस क्षेत्र में मानव-पशु संघर्ष को कम करने तथा बाघ पर्यावास की क्षमता में वृद्धि होने की उम्मीद की गई थी। जल शक्ति मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, संचालन समिति की बैठक में मुआवजे के तौर पर जमीन स्थानांतरित करने को लेकर जानकारी दी गई। मुआवजे के रूप में वृक्षारोपण के लिए पन्ना और छतरपुर जिले में 5480 हेक्टेयर गैर वन सरकारी भूमि को पन्ना बाघ अभयारण को हस्तांतरित करने का आदेश जारी किया गया है। परियोजना के पर्यावरण प्रबंधन योजना एवं इससे जुड़े कार्यों के अनुपालन के लिए ग्रेटर पन्ना लैंडस्केप काउंसिल (जीपीएलसी) का भी गठन किया गया है। केबीएलपी की संचालन समिति की बैठक में समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पुनर्वास एवं पुन:स्थापना योजना को लागू एवं निगरानी करने के लिए एक समिति गठित करने के प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया गया। जल शक्ति मंत्रालय के सचिव ने कहा कि केन बेतवा नदी जोड़ो परियोजना बुंदेलखंड क्षेत्र में जल सुरक्षा और सामाजिक आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

# बदरीनाथ के खजाने को लेकर अधिकारी चिंतित

**देहरादून।** उत्तराखंड के जोशीमठ में भू-धंसाव संकट के मद्देनजर नृसिंह मंदिर परिसर में स्थित भगवान बदरी विशाल के खजाने को लेकर अधिकारी चिंतित हैं कि इसे सुरक्षित रूप से कहां रखा जाए। मंदिर पदाधिकारियों ने दावा किया कि अभी मंदिर भू-धंसाव से सुरक्षित है, लेकिन उन्होंने इस बात पर चर्चा शुरू कर दी है कि नगर पर संकट बढ़ने की स्थिति में बड़ी मात्रा में सोने और चांदी के अलावा चढ़ावा के रूप में प्राप्त अन्य सामान को कहां रखा जा सकता है।

सर्वाधिक प्रभावित सिंहधार वार्ड और जेपी कॉलोनी के नृसिंह मंदिर से केवल आधा किलोमीटर की हवाई दूरी पर स्थित होना अधिकारियों की परेशानी को और बढ़ा रहा है। सर्दियों में बदरीनाथ मंदिर के कपाट बंद होने के साथ ही शीतकाल में छह माह के लिए बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति का मुख्य कार्यालय बदरीनाथ से जोशीमठ नगर में नृसिंह मंदिर परिसर में आ जाता है। इसी के साथ भगवान बदरीनाथ का कोष और खजाना भी हर साल इस मंदिर में आ जाता है। यह परंपरा मंदिर समिति के गठन के समय से ही बनी हुई है।

मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने पीटीआई-भाषा को बताया, नृसिंह मंदिर और उसके परिसर में अभी तक कोई दरारें नहीं हैं। लेकिन एहतियात के तौर पर हम एक वैकल्पिक योजना बना रहे हैं कि अगर जरूरी हुआ तो खजाने को कहां ले जाया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यरूप से जोशीमठ के समीप पीपलकोटी और पांडुकेश्वर जैसे स्थानों पर बातचीत हो रही है जहां मंदिर समिति के अतिथि गृह और आवास पहले से मौजूद हैं। अजय ने कहा, हम भगवान विष्णु से प्रार्थना कर रहे हैं कि खजाना कहीं और ले जाने की नौबत ही न आए और विपदा टल जाए। भगवान बदरीनाथ के खजाने में 40-45 किलो सोना और 30-35 किलो चांदी के अलावा चढ़ावा के रूप में मिले अन्य सामान हैं।

# भाजपा के दो चेहरे, चुनाव के दौरान कहती कुछ है और चुनाव के बाद करती कुछ और हैः ममता बनर्जी

**शिलांग।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि यह पार्टी दो चेहरे वाली है, जो चुनाव के दौरान कहती कुछ है और चुनाव के बाद करती कुछ और है। मेघालय के गारो हिल्स जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए बनर्जी ने दावा किया कि उनकी तृणमूल कांग्रेस एकमात्र पार्टी है जो पूर्वोत्तर राज्य में बेहतर शासन प्रदान कर सकती है, क्योंकि यह लोगों के सपनों को पूरा करती है। चुनाव आयोग द्वारा बुधवार को जारी चुनावी कार्यक्रम के अनुसार मेघालय में विधानसभा चुनाव के लिए 27 फरवरी को मतदान होगा जबकि 2 मार्च को मतगणना होगी। मेघालय की 60 सदस्ईय विधानसभा का कार्यकाल 15 मार्च को समाप्त हो रहा है। तृणमूल कांग्रेस को वोट देने की अपील करते हुए उन्होंने कहा, भाजपा दो चेहरे वाली है, जो चुनाव के दौरान कहती कुछ है और चुनाव के बाद करती कुछ और है।

# देश में स्कूल विद्यार्थियों के ट्यूशन पढ़ने के अनुपात में बढ़ोतरी हुई : एएसईआर 2022

**भाषा।** नई दिल्ली

**कोविड महामारी** से पहले की तुलना में देश भर में स्कूल के बाद ट्यूशन जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या में चार फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। यह जानकारी एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (एएसईआर) 2022 से मिली है। बुधवार को जारी इस रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड समेत कुछ राज्यों में ट्यूशन जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या आठ प्रतिशत बढ़ी है। अहम रिपोर्ट यह भी बताती है कि ग्रामीण भारत में पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों का बीते दशक में ट्यशून लेने के अनुपात में लगातार बढ़ोतरी हुई है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 2018-2022 के बीच यह अनुपात सरकारी व निजी दोनों प्रकार के स्कूलों के विद्यार्थियों में बढ़ा है। राष्ट्रीय तौर पर पहली से आठवीं कक्षा के बच्चों का ट्यूशन लेने का अनुपात 2018 में 26.4 प्रतिशत था जो 2022 में बढ़कर 30.5 फीसदी हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड में सशुल्क ट्यूशन लेने वाले विद्यार्थियों का अनुपात 2018 के स्तर से आठ प्रतिशत से अधिक बढ़ा है।

एएसईआर राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण है जो ग्रामीण भारत में बच्चों के स्कूल जाने व शिक्षा से संबंधित तस्वीर मुहैया कराता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल, बिहार जैसे कई राज्यों में बच्चों को ट्यूशन भेजना परंपरा लगती है जहां निजी स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या कम है लेकिन तकरीबन 70 फीसदी बच्चे ट्यूशन के लिए जाते हैं। इसमें कहा गया है कि इन राज्यों के गांवों में बड़ी संख्या में शिक्षित युवक-युवतियां बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर आजीविका कमा रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि महामारी के बाद के दौर में अन्य राज्यों में ट्यूशन का दायरा बढ़ सकता है, क्योंकि पढ़े-लिखे युवक- युवतियां नौकरियों के इंतजार में इसके लिए तैयार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बिहार और झारखंड ऐसे राज्य हैं जहां बच्चों को ट्यूशन भेजने का ज्यादा चलन है। इसमें कहा गया है कि 2022 में बिहार में 70 फीसदी जबकि झारखंड में 45 प्रतिशत बच्चों ने ट्यूशन ली जबकि हिमाचल प्रदेश में यह स्तर 10 फीसदी और महाराष्ट्र में 15 प्रतिशत है।

# प्रधानमंत्री ने समावेशी विकास में हिस्सेदारी को प्राथमिकता दी हैः नक्वी

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांप्रदायिक वोटों की ठेकेदारी को परास्त करके समावेशी विकास में समाज के हर वर्ग की हिस्सेदारी को प्राथमिकता दी है। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में नकवी ने कहा, मोदी की नीति का नतीजा रहा है कि आज समावेशी सशक्तिकरण में समाज के हर वर्ग की भागीदारी-हिस्सेदारी सुनिश्चित हुई है। यह पूछे जाने पर क्या भाजपा पसमांदा समाज तक पहुंच बनाने की कोशिश कर रही है, नकवी ने कहा कि सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों में किसी समुदाय के साथ भेदभाव नहीं है। नकवी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने समावेशी विकास के संकल्प के साथ हर वर्ग के लिए दृढ़ता से काम किया है।

# सड़क निर्माण में रिश्वतखोरी के आरोपों को लेकर फडणवीस ने आदित्य पर कटाक्ष किया

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को मुंबई में सड़कों पर कंक्रीट बिछाने के प्रस्ताव पर सवाल उठाने वाले शिवसेना के उद्धव ठाकरे के गुट पर सड़क निर्माण में रिश्वतखोरी के आरोपों को लेकर कटाक्ष किया। शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने आरोप लगाया था कि ठेकेदारों के लाभ के लिए, मुंबई में 400 किलोमीटर सड़कों पर कंक्रीट बिछाने के लिए 6,000 करोड़ रुपए से अधिक के टेंडर ज्यादा कीमत पर जारी किए गए थे। उन्होंने मांग की थी कि इसे खत्म कर दिया जाना चाहिए।

आदित्य ठाकरे की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने पत्रकारों से कहा, इस तरह की आलोचना के पीछे असली दर्द यह है कि उन्हें निर्माण कंपनियों द्वारा काम के लिए दिए गए आर्डर का निश्चित प्रतिशत नहीं मिलेगा। वे पिछले कई वर्षों से इसके आदी थे। फडणवीस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा की पूर्व संध्या पर तैयारियों का जायजा लेने के लिए शीर्ष पुलिस अधिकारियों के साथ बुधवार दोपहर बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में एमएमआरडीए मैदान का दौरा किया।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, 2018 में मुख्यमंत्री के रूप में मेरे द्वारा आदेशित एक जांच रिपोर्ट में पाया गया कि मुंबई में 200 सड़कों में कोई निचली परत नहीं थी। इस तरह वे हर साल सड़क निर्माण के लिए वर्क ऑर्डर जारी करते थे और मंजूरी के समय एक निश्चित राशि प्राप्त करते थे। फडणवीस ने कहा, एक बार जब हम पक्की सड़कें बनाते हैं, तो वे 40 साल तक चलेंगी। गौरतलब है कि पिछले साल बृहन्मुंबई नगर निगम का कार्यकाल समाप्त होने से पहले शिवसेना मुंबई नगर निकाय में दो दशक से अधिक समय तक सत्ता में रही थी। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने निकाय चुनावों में प्रतिद्वंद्वी शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) गुट को सत्ता से बेदखल करने के लिए नगर निकाय पर अपनी निगाहें टिका रखी हैं, जिसके चुनाव कार्यक्रम की घोषणा अभी नहीं हुई है।

## क्विक न्यूज

### कश्मीर समस्या तब तक खत्म नहीं होगी, जब तक हम अपने पड़ोसी से बात नहीं करेंगे : फारूक अब्दुल्ला

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि कश्मीर समस्या तब तक खत्म नहीं होगी, जब तक हम अपने पड़ोसी से बात नहीं करते और दशकों से चली आ रही इस समस्या का वास्तविकसमाधान नहीं ढूंढते। जब तक हम एकजुट नहीं होंगे, तब तक भारत तरक्की नहीं कर पाएगा और मजबूत नहीं बन पाएगा। दिल्ली में रॉ के पूर्व प्रमुख ए एस दुलत की किताब अ लाइफ इन द शैडोज़ : अ मेमॉयर के विमोचन कार्यक्रम के दौरान 85 वर्षीय अब्दुल्ला ने यह टिप्पणी की। दुलत 2000 में सेवानिवृत्त हुए थे। नेकां प्रमुख ने कहा, भारत एक अनोखा देश है और यह इसलिए है, क्योंकि हम सब मिलकर सोचते हैं... हमें गांधी के सपनों के भारत में लौटना होगा... अगर देश को प्रगति करनी है तो विभाजन को समाप्त करना होगा। जब तक हम एकजुट नहीं होंगे, देश कभी मजबूत नहीं बनेगा। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कहा, कश्मीर की समस्या खत्म नहीं होगी... और मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि आतंकवाद तब तक बना रहेगा, जब तक हम अपने पड़ोसी से बात नहीं करते और इस समस्या का वास्तविक समाधान नहीं निकालते।

### ईवीएम की शिकायत करने वाले दल भी इससे जीत चुके हैं चुनावः मुख्य निर्वाचन आयुक्त

**नई दिल्ली।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की विश्वसनीयता को लेकर शिकायत करने वाली पार्टियों ने भी इसी उपकरण का उपयोग करके चुनाव जीते हैं। ईवीएम से छेड़छाड़ के आरोपों के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कुमार ने कहा, अगर ईवीएम बोल सकती तो शायद यही कहती कि जिसने तेरे सर पर तोहमत रखी है, मैंने उसके भी घर की लाज रखी है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधित्व कानून में संशोधन के बाद ईवीएम का इस्तेमाल शुरु हुआ, लिहाजा कानून को लागू करना निर्वाचन आयोग का कर्तव्य है। कुमार ने कहा कि उच्चतम न्यायालय सहित कई न्यायिक फैसलों में ईवीएम की प्रशंसा की गई है। जिन लोगों ने ईवीएम के इस्तेमाल के खिलाफ जनहित याचिकाएं दायर की है, उन पर अदालतों ने जुर्माना तक लगाया है। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने भी ईवीएम पर सवाल उठाने वाली पार्टियों की आलोचना करते हुए कहा था कि इसे राजनीतिक फुटबॉल के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। कुमार ने याद दिलाया कि आयोग ने अखबारों में एक विज्ञापन प्रकाशित किया था जिसमें विभिन्न विपक्षी दलों का विवरण दिया गया था, जिन्होंने ईवीएम के जरिए चुनाव जीते हैं। उन्होंने कहा कि 36,000 पेपरट्रेल मशीन (वीवीपीएटी) की गिनती का ईवीएम की गिनती से मिलान किया गया है और परिणाम 100 प्रतिशत सटीक आया है।

### उर्वरक घोटाला मामले में दिल्ली की अदालत ने कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी को जमानत दी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कथित उर्वरक घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी को बुधवार को जमानत दे दी। इस कथित घोटाले में 685 करोड़ रुपए के लेन-देन का आरोप है। विशेष न्यायाधीश विकास धुल ने पुरी के अदालत में पेश होने पर उन्हें राहत दी। अदालत ने इस मामले में दाखिल पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए 23 दिसंबर को पुरी के खिलाफ सम्मन जारी किया था। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने संज्ञान लिया कि पुरी को जांच के दौरान गिरफ्तार नहीं किया गया था और इस चरण में उन्हें हिरासत में लेने से कोई मकसद पूरा नहीं होगा। ईडी के विशेष लोक अभियोजक नितेश राणा ने पुरी की जमानत याचिका का विरोध किया और दावा किया किया कि आरोपी के न्याय की जद से भागने की आशंका है। राणा ने कहा कि पुरी मामले के गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं और सबूतों से छेड़छाड़ भी कर सकते है। पुरी को सम्मन जारी करते हुए न्यायाधीश ने कहा था कि पहली नजर में उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य हैं। पुरी अगस्तावेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला और मोजर बियर घोटाला से जुड़े मामलों में भी आरोपी है। फिलहाल वह जमानत पर जेल से बाहर है।

### चाईबासा में नक्सलियों की गोलीबारी में महिला घायल

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित अति उग्रवाद प्रभावित बंदगांव थाना क्षेत्र के करीका गांव में मंगलवार रात हथियारबंद प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया के नक्सलियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घायल महिला को उपचार हेतु रिम्स, रांची भेजा गया है जहां उसकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। घटना के कारणों की जांच जारी है। हमले में पीएलएफआई के 10 से 15 नक्सली शामिल थे। घायल महिला का नाम करमी हासा पूर्ति बताया गया है। उसके पैर में गोली लगी है।

# पीएफआई हड़ताल में हिंसाः वसूली कार्यवाही पूरी करने में देरी को लेकर अदालत ने अप्रसन्नता जताई

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) द्वारा आहूत हड़ताल के दौरान हिंसा में सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान के संबंध में वसूली की कार्यवाही पूरी करने में राज्य सरकार की ओर से विलंब पर बुधवार को अप्रसन्ता जताई। पीएफआई को अब प्रतिबंधित कर दिया गया है। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को वसूली कार्यवाही पूरी करने और 23 जनवरी तक जिलेवार रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी कहा कि वसूली की कार्यवाही करने से पहले नोटिस जारी करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

अदालत ने देरी पर नाराजगी जताई क्योंकि राज्य सरकार ने पिछले महीने वसूली प्रक्रिया 15 जनवरी तक पूरी करने का आश्वासन दिया था। अदालत ने पिछले साल दिसंबर में भी वसूली की कार्यवाही में देरी पर नाराजगी जताई थी। सरकार ने पिछले साल सात नवंबर को अदालत को बताया था कि सितंबर, 2022 में राज्यव्यापी हड़ताल के दौरान हुई हिंसा के दौरान संपत्ति को 86 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। सरकार ने यह भी कहा था कि हिंसा के दौरान आम लोगों को 16 लाख रुपए का नुकसान हुआ था। उसने तब कहा था कि राज्य पुलिस ने कुल 361 मामले दर्ज किए हैं और 2,674 लोगों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले, उच्च न्यायालय ने प्रतिबंधित पीएफआई और उसके पूर्व प्रदेश महासचिव अब्दुल सत्तार को हड़ताल से संबंधित हिंसा के संबंध में केएसआरटीसी और राज्य सरकार द्वारा अनुमानित क्षति के लिए गृह विभाग के पास 5.2 करोड़ रुपए जमा करने के लिए कहा था। अदालत ने साथ ही कहा था कि उन्हें इसके लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

# भारत की स्वास्थ्य नीति का हिस्सा होनी चाहिए महामारी नीतिः भारती पवार

भाषा। **नई दिल्ली**

**स्वास्थ्य राज्य मंत्री** भारती प्रवीण पवार ने बुधवार को कहा कि महामारी संबंधी नीति हमारी स्वास्थ्य नीति का निर्णायक हिस्सा होनी चाहिए क्योंकि आज आपस में जुड़े विश्व की बहु-क्षेत्रीय प्रकृति के कारण कोई भी स्वास्थ्य संकट आर्थिक संकट बन सकता है। भारत के जी20 का अध्यक्ष रहते स्वास्थ्य कार्य समूह की पहली बैठक को संबोधित करते हुए, पवार ने कहा कि महामारी की रोकथाम, उसके लिए तैयारी और कार्वाई के लिए विभिन्न प्रकार के अनेक सेक्टरों तथा अनेक एजेंसियों के बीच समन्वित प्रयासों की जरूरत है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि पवार ने इस बात पर जोर दिया कि समुदायों को मजबूत और शक्तिसंपन्न बनाया जाए, ताकि वे भावी स्वास्थ्य आपात स्थिति में समयानुकूल कार्वाई कर सकें।

पवार ने कहा, कोविड-19 आखिरी महामारी नहीं होगी। महामारी के सबक को हमारी तैयारी और समरूपी कार्वाई के लिए एजेंडा में शामिल होना चाहिए। हमें अपनी क्षमताओं को विस्तार देने और यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हम किसी भी स्वास्थ्य संकट के समय सामूहिक रूप से मुकाबला करने को तत्पर रहेंगे। बयान में कहा गया है कि पवार ने लचीली स्वास्थ्य प्रणालियों के निर्माण और जीवनरक्षक टीकों, चिकित्सीय और जांच में निवेश के महत्व को भी रेखांकित किया।

केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री एस वी मुरलीधरन और नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वी. के. पॉल भी इस अवसर पर उपस्थित थे। चिकित्सा पद्धतियों और नवाचार की भारत की मजबूत संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए, मुरलीधरन ने कहा कि ैएक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्ै के लिए प्रधानमंत्री का आह्वान ग्रह-अनुकूल दृष्टिकोण है, जो एक तेजी से वैश्वीकृत होती दुनिया के अनुरूप है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमें अपना एजेंडा इस तरह से बनाने की जरूरत है ताकि हम किसी भी स्वास्थ्य आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से मुकाबले के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा, हमें भविष्य में किसी भी स्वास्थ्य चुनौती से सामूहिक रूप से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए।

# धूमधाम से 18 जनवरी 1927 को हुआ था संसद भवन का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** वर्तमान संसद भवन का उद्घाटन 96 साल पहले आज के ही दिन तत्कालीन वायसराय लॉर्ड इरविन ने किया था। इसी परिसर में नए संसद भवन का निर्माण किया जा रहा है जो जल्द ही इसकी जगह ले सकता है। रायसीना हिल क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक संसद भवन अपने आकर्षक गोलाकार डिजाइन और पहली मंजिल पर 144 बलुआ पत्थर के स्तंभों के साथ वास्तुशिल्प का एक बेजोड़ नमूना है। इस संसद भवन का उद्घाटन अंग्रेजों के शासन के दौरान नई राजधानी नई दिल्ली में बहुत धूमधाम से किया गया था। अभिलेखीय दस्तावेजों और दुर्लभ तस्वीरों के अनुसार 18 जनवरी, 1927 को इस संसद भवन के उद्घाटन के समय एक भव्य समारोह आयोजित किया गया था। इस संसद भवन को तब काउंसिल हाउस कहा जाता था। संसद भवन की आधारशिला ब्रिटेन के ड्यूक ऑफ कनॉट ने 12 फरवरी, 1921 को रखी थी। 560 फुट के व्यास और एक-तिहाई मील की परिधि वाली इस इमारत को सर हर्बर्ट बेकर द्वारा डिजाइन किया गया था। बेकर को सर एडविन लुटियंस के साथ दिल्ली में नई राजधानी को डिजाइन करने के लिए चुना गया था। पुस्तक न्यू डेल्ही-मेकिंग ऑफ ए कैपिटल के अनुसार, लॉर्ड इरविन अपनी गाड़ी में ग्रेट प्लेस (अब विजय चौक) में स्थापित एक मंडप में पहुंचे थे और फिर काउंसिल हाउस के दरवाजे को उस सुनहरी चाबी से खोला था जो उन्हें सर हर्बर्ट बेकर ने सौंपी थी। संसद भवन को आज भारत के लोकतंत्र के मंदिर के रूप में जाना जाता है। इसके उद्घाटन की उस समय घरेलू और विदेशी प्रेस दोनों में काफी चर्चा हुई थी।

# गेंदबाजों को दबाव में रखना था इरादा: गिल

**भाषा।** हैदराबाद,



**शुभमन** गिल (208 रन) ने दोहरा शतक जड़ने के साथ ही सलामी बल्लेबाज के स्थान के लिए चल रही बहस को शांत कर दिया जिसके बाद भारत ने बुधवार को यहां माइकल ब्रेसवेल की तेज तर्रार पारी से उबरते हुए वनडे श्रृंखला के शुरूआती मैच में न्यूजीलैंड पर 12 रन से जीत दर्ज की।

गिल की 19 चौकों और नौ छक्कों वाली 149 गेंद की पारी की बदौलत भारत ने आठ विकेट पर 349 रन बनाए। गिल ने यहां सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड पर भारत की 12 रन की जीत के बाद प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त करते हुए कहा, मैं मैदान पर उतरने और जो करना चाहता हूं वह करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहा था। गिल ने अपनी रणनीति के बारे में कहा, विकेट गिरने के साथ, कई बार मैं खुल कर खेलना चाहता था और मुझे खुशी है कि मैं इसे अंत में कर सका। कभी-कभी जब गेंदबाज शीर्ष पर होता है, तो आपको उन्हें दबाव महसूस कराने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा, मुझे डॉट गेंदों से बचने और कुछ इरादा दिखाने और अंतराल में कड़ी मेहनत करने की जरूरत थी जो मैं कर रहा था। गिल ने कहा, मैं वास्तव में 200 के बारे में नहीं सोच रहा था, लेकिन एक बार जब मैंने 47वें ओवर में छक्के लगाए, तो मुझे लगा कि मैं कर सकता हूं। इससे पहले, मैं गेंद को देख कर खेल रहा था। गिल अब पुरुषों के एकदिवसीय मैचों में दोहरा शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। उन्होंने अपने टीम के साथी ईशान किशन को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने पिछले महीने बांग्लादेश के खिलाफ 24 साल और 145 दिन की उम्र में 210 रन बनाकर रिकॉर्ड बनाया था। गिल ने 23 साल और 132 दिनों की उम्र में ए कृतिमान बनाया। गिल ने कहा, वह (किशन) मेरे सबसे अच्छे दोस्तों में से एक है... अच्छा लगता है जब आप कुछ करना चाहते हैं और यह नियमित रूप से हो रहा है। गिल ने एक दिवसीय में 1000 रन पूरे करने के लिए 19 पारियां लीं, जो पाकिस्तान के इमाम-उल-हक के साथ संयुक्त रूप से सबसे तेज गति से दूसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के बल्लेबाज फखर जमान 18 पारियों में सबसे तेज 1000 रन बनाकर शीर्ष पर हैं।

**महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप**

## स्कॉटलैंड को 83 रन से हराकर भारत सुपर सिक्स मे

**भाषा।** बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका)

**मन्नत कश्यप,** अर्चना देवी सिंह और सोनम यादव की स्पिन तिकड़ी ने शानदार गेंदबाजी की जिससे भारत ने बुधवार को यहां शुरूआती महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड को 83 रन से हराकर सुपर सिक्स में प्रवेश किया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला कर भारत ने अपनी स्टार सलामी बल्लेबाज और कप्तान शेफाली वर्मा (01) का विकेट दूसरे ही ओवर में गंवा दिया। लेकिन गोंगाडी तृषा की 51 गेंद में 57 रन की अर्धशतकीय पारी और श्वेता सहरावत की 10 गेंद में नाबाद 31 रन की पारी से भारत ने चार विकेट पर 149 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में बाएं हाथ की स्पिनर मन्नत ने चार ओवर में 12 रन देकर चार विकेट झटके जबकि ऑफ स्पिनर अर्चना देवी ने 14 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। इससे भारत ने स्कॉटलैंड की टीम को 13.1 ओवर में 66 रन पर समेट दिया और जीत की हैट्रिक करने के साथ अपना सुपर सिक्स स्थान पक्का किया। पंद्रह वर्षीय सोनम ने 1.1 ओवर में दो रन देकर एक विकेट झटका। इससे भारत ग्रुप डी में छह अंक लेकर शीर्ष पर रहा। इससे पहले भारत ने दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात को हराया था।

## हमारे लिए एक्स फैक्टर हो सकती हैं शिखा: हरमनप्रीत

**ईस्ट लंदन (दक्षिण अफ्रीका)।** शिखा पांडे की हैरानी भरी वापसी से कुछ भृकुटियां तन सकती हैं लेकिन भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बुधवार को कहा कि यह अनुभवी तेज गेंदबाज दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में उनके लिए एक्स फैक्टर (अहम) हो सकती है जिसकी उन्हें जरूरत है। अक्टूबर 2021 में भारत के लिए पिछली बार खेली 33 वर्षीय शिखा को आगामी त्रिकोणीय श्रृंखला और 10 से 26 फरवरी तक होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम में शामिल किया गया है। हरमनप्रीत ने त्रिकोणीय श्रृंखला में मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, वह (शिखा) बहुत ही अनुभवी गेंदबाज हैं, यही कारण है कि हम उसे टीम में वापस लाना चाहते थे।

## वनडे रैंकिंग: कोहली की शीर्ष पांच में वापसी



**दुबई (भाषा)।** अपनी बेहतरीन फॉर्म में वापसी करने वाले पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों में दो शतकों से 283 रन बनाकर बुधवार को जारी ताजा आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) वनडे रैंकिंग में शीर्ष पांच में वापसी करने में सफल रहे।

कोहली के अब 750 अंक हैं जिससे वह चौथे स्थान पर हैं। अब उनकी निगाहें दूसरे स्थान पर चल रहे रासी वान डर डुसेन (766 अंक) और तीसरे स्थान पर काबिज क्विंटन डि कॉक (759 रन) को पछाड़ने पर लगी हैं जबकि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम 887 अंक से शीर्ष पर बरकरार हैं। कोहली के पास न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में अंतर कम करने का मौका होगा। भारतीयों में शुभमन गिल, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव ने भी रैंकिंग में ऊपर की ओर कदम बढ़ाए हैं। गिल ने श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में अपना पहला शतक जड़ा था और 69 के औसत से 207 रन बनाए थे जिससे वह 10 पायदान के फायदे से 26वें स्थान पर पहुंच गए। सिराज भारत की श्रृंखला में 3-0 की जीत में सर्वाधिक नौ विकेट चटकाने वाले गेंदबाज थे जिससे वह 15 पायदान की उछाल से सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच गए। सिराज ने इस तरह अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की, उनके 685 अंक हो गए हैं। वह ट्रेंट बोल्ट (730 अंक) और जोश हेजलवुड (727 अंक) के पीछे हैं।

कुलदीप यादव को भी श्रीलंका के खिलाफ महज दो मैचों में पांच विकेट का फायदा मिला। इस बाएं हाथ के स्पिनर ने सात पायदान के फायदे से 21वां स्थान हासिल किया।

## नडाल आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में हारे



**एपी।** मेलबर्न

**कूल्हे** की चोट से जूझ रहे रफेल नडाल को 23वें ग्रैंडस्लैम के लिए अभी और इंतजार करना होगा क्योंकि वह आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में मैकेंजी मैकडोनाल्ड के हाथों अप्रत्याशित हार के साथ बाहर हो गए। गत चैम्पियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त नडाल पर विश्व रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज मैकडोनाल्ड ने 6-4, 6-4, 7-5 से जीत दर्ज की। हार के बाद नडाल ने कहा, यह कठिन समय है। कठिन दिन था। मैं अगर कहूं कि मैं मानसिक रूप से पूरी तरह टूटा नहीं हूं तो यह झूठ होगा।

नडाल को कोर्ट पर मेडिकल टाइम आउट भी लेना पड़ा। दर्शक दीर्घा में उनकी पत्नी आंसू पोछती नजर आई। नडाल कोर्ट पर लौटे लेकिन चिर परिचित लय में नहीं दिखे। उन्होंने हालांकि कहा कि वह मुकाबला बीच में छोड़कर जाना नहीं चाहते थे। मेलबर्न में 2016 में पहले दौर में बाहर होने के बाद से नडाल की किसी भी ग्रैंडस्लैम से यह सबसे जल्दी रवानगी है। मैकडोनाल्ड अमेरिका में एनसीएए चैम्पियनशिप जीत चुके हैं लेकिन कभी किसी ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर से आगे नहीं गए। नडाल के खिलाफ इससे पहले उन्होंने 2020 फ्रेंच ओपन खेला था जिसमें वह चार ही गेम जीत सके। नडाल ने एक साल पहले आस्ट्रेलियाई ओपन जीता था जो उनका 22वां ग्रैंडस्लैम था। वह फिलहाल विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है लेकिन शीर्ष रैंकिंग वाले कार्लोस अलकाराज के नहीं खेलने से उन्हें शीर्ष वरीयता मिली थी।

## क्विक न्यूज

### स्वियातेक आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में

**मेलबर्न।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक कोलंबिया की कामिला ओसोरियो को 6-2, 6-3 से हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई। बारिश के कारण छत बंद करके खेले गए मैच में पोलैंड की स्वियातेक जब 5 .। से आगे थी तो उनकी सर्विस टूटी लेकिन दो गेम बाद उन्होंने जीत दर्ज की। फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन चैम्पियन स्वियातेक का सामना अब कनाडा की आंद्रिस्कू बियांका या स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा से हागा। बारिश के कारण बाहर कोर्ट पर कोई मुकाबला नही हो सका।

### दुती चंद प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन की दोषी, अस्थाई निलंबन

**नई दिल्ली।** भारत की नंबर एक फर्राटा धाविका दुती चंद टूर्नामेंट से बाहर हुए टेस्ट में प्रतिबंधित अनाबॉलिक स्टेरॉयड के सेवन की दोषी पाई गई है और उन पर अस्थाई निलंबन लगा दिया गया है। एशियाई खेल 2018 में सौ और दो सौ मीटर दौड़ में दूसरे स्थान पर रही दुती सौ मीटर में मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन है। राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया, दुती चंद को एंडराइन, ओस्टराइन और लिगांड्रोल के सेवन का दोषी पाया गया है। दुती को लिखे पत्र में एएएफ अधिसूचना में कहा गया, मैं आपको सूचित करता हूं कि आपके ए नमूने की एनडीटीएल (राष्ट्रीय डोप टेस्ट प्रयोगशाला) में वाडा (विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी) की प्रक्रिया के तहत जांच की गई और नतीजा पॉजिटिव आया है।

### डब्ल्यूटीटी कंटेंडर : साथियान-मनिका क्वार्टरफाइनल में

**दोहा।** भारत के जी साथियान और मनिका बत्रा की मिश्रित युगल जोड़ी ने बुधवार को यहां टिन टिन हो और सैमुअल वाल्कर की जोड़ी पर 3-2 की जीत से डब्ल्यूटीटी कंटेंडर टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। मनिका और साथियान की जोड़ी को पहले दौर के मुकाबले में इंग्लिश जोड़ी को 6-11 11-8 8-11 11-7 11-8 से हराने में 40 मिनट लगे। भारतीय जोड़ी ने पिछले साल नवंबर में स्लोवेनिया में डब्ल्यूटीटी कंटेंडर नोवा गोरिका में रजत पदक जीता था। अब मनिका-साथियान की जोड़ी का सामना मारिया जियाओ और अल्वारो रोबल्स की स्पेनिश जोड़ी से होगा। पुरूष एकल में अनुभवी अचंता शरत कमल को पहले दौर में जरा भी पसीना नही बहाना पड़ा। उन्होंने चीनी ताइपे के चुआंग चिह युआन को 11-8 11-9 11-8 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

### यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग चैम्पियनशिप: पुनीत और सुभांक्रिता ने अंडर-15 खिताब जीते

**वडोदरा।** पश्चिम बंगाल के पुनीत बिस्वास और शुभांक्रिता दत्ता ने बुधवार को यहां यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग चैम्पियनशिप में क्रमशः अंडर-15 बालक और बालिका वर्ग के खिताब अपने नाम किए। पुनीत ने तमिलनाडु के उमेश कुमार को 4-2 से जबकि शुभांक्रिता ने दिल्ली की सयनिका माजी को 4-0 से पराजित किया। पुनीत की शुरूआत अच्छी नही रही, वह l-2 से पिछड़ रहे थे लेकिन उन्होंने शानदार वापसी की और इस जीत से उन्हें 19,400 रुपए का नकद पुरस्कार मिला। सयनिका चौथे गेम में वापसी के करीब पहुंची लेकिन कोलकाता की शुभांक्रिता को खिताब से नही रोक सकी।

### कोको गॉफ ने राडुकानू को हराया, तीसरे दौर में

**मेलबर्न।** सातवी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने बुधवार को यहां आस्ट्रेलियाई ओपन के महिला एकल के दूसरे दौर में एम्मा राडुकानू को सीधे सेट में 6-3, 7-6 (4) से शिकस्त देकर अगले दौर में प्रवेश किया। पिछले साल जून में फ्रेंच ओपन में उप विजेता रही फ्लोरिडा की 18 वर्षीय गॉफ इस तरह 2020 के बाद पहली बार मेलबर्न पार्क के तीसरे दौर में पहुंची। वह महिला वर्ग में सबसे युवा वरीय खिलाड़ी हैं। ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व करने वाली 20 वर्षीय राडुकानू टखने की चोट से जूझती रही है। वह बतौर युवा 2021 अमेरिकी ओपन जीतने के बाद से किसी भी ग्रैंडस्लैम के दूसरे दौर से आगे नही बढ़ पाई हैं। वह मेजर ट्रॉफी जीतने वाली पहली क्वालीफायर थी। इस समय 77वी रैंकिंग पर चल रही राडुकानू दूसरे सेट में 5-4 से बढ़त बनाए थी लेकिन गॉफ टाईब्रेकर में प्रतिद्वंदी की गलतियो से फायदा उठाने में सफल रही। इससे गॉफ दो बार तीसरे सेट मे पहुंचने से बची।

## ऐक्सेलसेन ने खत्म की श्रीकांत की चुनौती, माल्विका, आकर्षि भी हारे

**इंडिया ओपन**



**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत खराब लय से उबरने में नाकाम रहे और योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के अपने शुरुआती पुरुष एकल मैच में बुधवार को यहां ओलंपिक और विश्व चैंपियन विक्टर एक्सेलसेन से सीधे गेम में हार गए। श्रीकांत दूसरे गेम में एक समय 14-5 से आगे थे लेकिन वह इस बढ़त को बरकरार नहीं रख सके और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी से 14-21 19-21 से हार गए। उनकी हार से यहां के स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को काफी निराशा हुई। दर्शक दूसरे गेम में लगातार तालियां बजा कर उनके हौसले को बढ़ा रहे थे।

विश्व रैंकिंग में 39 स्थान पर काबिज आकर्षि और 34वें नंबर पर काबिज मालविका बंसोड़ को भी शुरुआती मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। आकर्षि को अमेरिका की बेईवेन झांग जबकि मालविका को थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंग ने शिकस्त दी। आकर्षि जहां पूर्व चैंपियन झांग से 15-21 12-21 से हारी, वहीं मालविका ने शुरुआती गेम में 11-8 की बढ़त गंवा दी और दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी से 17-21 12-21 से हार गईं। दर्शकों के समर्थन के साथ विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत रैलियों पर हावी होने के साथ एक्सेलसेन की गलतियों का फायदा उठा रहे थे। भारतीय खिलाड़ी की कोशिश एक्सेलसेन को नेट के सामने रखने की थी। एक्सेलसेन ने स्कोर 8-8 से बराबर होने के बाद ब्रेक से पहले लगातार तीन अंक बनाए। वो जब 13-9 से आगे थे तब उन्होंने गलत सर्विस की। श्रीकांत इस दौरान रैलियों में दमदार खेल दिख रहे थे लेकिन उसे सही से फिनिशिंग नहीं कर पा रहे थे। श्रीकांत ने लगातार दो शॉट कोर्ट से बाहर खेले जिससे डेनमार्क के खिलाफ पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में श्रीकांत ने आक्रामक शुरुआत की और स्मैश के दमदार इस्तेमाल से अपनी बढ़त को 5-। तक ले गए। उन्होने दो और शानदार स्मैश लगाकर अपनी बढ़त को 8-3 किया। ब्रेक के समय भारतीय खिलाड़ी के पास सात अंक की बढ़त थी। श्रीकांत ने इसके बाद अपनी बढ़त को 14-6 की लेकिन फिर लय को बनाए रखने में नाकाम रहे।

## आकाशदीप के पांच विकेट, हरियाणा 163 रन पर सिमटा

**रणजी ट्राफी ग्रुप**

**भाषा।** रोहतक

**तेज गेंदबाज** आकाश दीप के पांच विकेट की बदौलत बंगाल ने बुधवार को यहां रणजी ग्रुप ए मैच के दूसरे दिन हरियाणा को महज 163 रन पर समेटकर पहली पारी के आधार पर 256 रन की बढ़त हासिल की। लाहली की चुनौतीपूर्ण पिच पर पहली पारी में 419 रन का स्कोर खड़ा करने वाली बंगाल की टीम के लिए गेंदबाज आकाशदीप (61 रन देकर पांच विकेट), ईशान पोरेल (29 रन देकर दो विकेट), मुकेश कुमार (41 रन देकर एक विकेट और प्रदीप्ता प्रमाणिक (19 रन देकर एक विकेट) ने शानदार प्रदर्शन जिससे मेजबान टीम 63 ओवर में ही सिमट गई। इससे पहले बंगाल ने छह विकेट पर 335 रन पर खेलना शुरू किया जिसमें अनुस्तुप मजूमदार और प्रदीप्ता ने सुबह के स्कोर में 19 रन जोड़े जिसके बाद दोनों के बीच सातवें विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी भी खत्म हुई। अनुस्तुप ने अपने रात के स्कोर में आठ रन जोड़े जिससे उनकी शानदार पारी 145 रन पर खत्म हुई जिसके लिए उन्होंने 245 गेंद का सामना किया और 14 चौके जमाए। उनके आउट होने के बाद पुछल्ले बल्लेबाज आकाशदीप (22), मुकेश (17) और ईशान (नाबाद 14 रन) ने महत्वपूर्ण साझेदारियां बनाकर स्कोर 400 रन के पार कराया।

### मुंबई के खिलाफ दिल्ली ने बनाई बढ़त



**नई दिल्ली (भाषा)।** वैभव रावल (114) की शतकीय पारी और कप्तान हिम्मत सिंह (85) के अर्धशतक के दम पर दिल्ली ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच में बुधवार को खेल के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में अब तक 23 रन की बढ़त हासिल कर ली। मुंबई की पारी को 293 रन पर समेटने के बाद दिल्ली ने दिन का खेल खत्म होने तक सात विकेट पर 316 रन बना लिए। टीम के पास 23 रन की बढ़त है और उसके तीन विकेट बचे हुए हैं।

दिल्ली की शुरुआत हालांकि काफी खराब रही। दोनों सलामी बल्लेबाज वैभव शर्मा और ध्रुव शोरे पारी की शुरुआत में ही पवेलियन लौट गए। ऋतिक शौकीन ने इसके बाद 60 गेंद में 45 रन बनाए लेकिन उनके और इंडियन प्रीमियर लीग विशेषज्ञ नितीश राणा के आउट होने से टीम का स्कोर चार विकेट पर 88 रन हो गया। रावल और कप्तान हिम्मत ने इसके बाद पांचवें विकेट के लिए 195 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

### सिद्धार्थ देसाई के छह विकेट गुजरात जीत से 67 रन दूर

**नागपुर (भाषा)।** बाएं हाथ के स्पिनर सिद्धार्थ देसाई के छह विकेट के चमकदार प्रदर्शन की बदौलत गुजरात की टीम बुधवार को यहां रणजी ट्राफी ग्रुप डी मैच के दूसरे दिन विदर्भ के खिलाफ जीत के करीब पहुंच गई। गुजरात ने पांच विकेट पर 188 रन से खेलना शुरू किया और फिर पूरी टीम पहली पारी में 256 रन पर सिमट गई। इससे विदर्भ को 182 रन की बढ़त मिली। आर्या देसाई (88 रन) और भार्गव मेराई (40 रन) ने गुजरात के लिए उपयोगी योगदान दिया जबकि बाएं हाथ के स्पिनर आदित्य सरवटे (64 रन देकर पांच विकेट) विदर्भ के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। घरेलू टीम के लिए दूसरी पारी में जितेश शर्मा (69 रन) शीर्ष स्कोरर रहे और उसके लिए अथर्वा तायडे (44 रन), नचिकेत भुते (42 रन) और अक्षय वाडकर (34 रन) ने भी योगदान दिए।

### अग्रवाल का अर्द्धशतक, कर्नाटक ने बनाए दो विकेट पर 137 रन

**भाषा।** तिरूवनंतपुरम

कप्तान मयंक अग्रवाल के नाबाद 87 रन की बदौलत कर्नाटक ने बुधवार को यहां रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप सी मैच के दूसरे दिन केरल के पहली पारी के 342 रन के स्कोर के जवाब में स्टंप तक दो विकेट पर 137 रन बना लिए। केरल ने छह विकेट पर 224 रन से खेलना शुरू किया और घरेलू टीम अनुभवी जलज सक्सेना (57 रन) के महत्वपूर्ण अर्धशतक की बदौलत इस स्कोर में 118 रन जोड़कर आउट हुई।

सचिन बेबी ने बीती रात के 113 रन की पारी को 141 रन तक बढ़ाया और फिर लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल का दूसरा शिकार बने। यह बेबी का मौजूदा रणजी सत्र में तीसरा शतक था। बेबी और सक्सेना केरल के 300 रन तक पहुंचने से पहले ही आउट हो गए। कप्तान एस जोसफ (24 रन) ने 11वें नंबर के बल्लेबाज निधीश एमडी (22 रन, दो चौके, एक छक्का) की मदद से टीम को 342 रन तक पहुंचाया।

## क्वार्टर फाइनल में सीधे जगह बनाने के लिए भारत को बड़े अंतर से जीत की जरूरत

**पुरुष हॉकी विश्व कप**

**भाषा।** भुवनेश्वर



**पिछले** मैच में गोलरहित ड्रॉ खेलने वाली भारतीय टीम एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप के आखिरी पूल मैच में बृहस्पतिवार को जब वेल्स से खेलेगी तो उसका लक्ष्य बड़े अंतर से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में सीधे जगह बनाने का होगा।

भारत और इंग्लैंड के दो मैचों में एक जीत और एक ड्रॉ से चार अंक हैं लेकिन इंग्लैंड गोल औसत से आगे है। इंग्लैंड का गोल औसत प्लस पांच है जबकि भारत का प्लस दो है। भारत के लिए फायदा यह होगा कि मैच से पहले उसे पता होगा कि उसे कितने गोल से जीतना है क्योंकि इंग्लैंड और स्पेन का मैच उससे पहले है। इंग्लैंड अगर हारता या ड्रॉ खेलता है तो भारत का काम जीत से ही चल जाएगा और वह पूल डी में शीर्ष पर रहेगा। इसके साथ भारत ने स्पेन को 2 . 0 से हराने के बाद इंग्लैंड से गोलरहित ड्रॉ खेला। राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम पर दो मैच खेलने के बाद अब टीम कलिंगा स्टेडियम पर इस विश्व कप का अपना पहला मैच खेलेगी।

चारों पूल से शीर्ष टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में जाएगी जबकि दूसरे और तीसरे स्थान की टीमें क्रॉसओवर मैच खेलेंगी। एक पूल की दूसरे स्थान की टीम दूसरे पूल की तीसरे स्थान की टीम से खेलेगी और विजई टीम पूल की शीर्ष टीम से क्वार्टर फाइनल खेलेगी। भारत पूल डी में शीर्ष रहकर सीधे क्वालीफाई कर लेता है तो उसे एक मैच कम खेलना होगा और अंतिम आठ में टीम तरोताजा होगी। मिडफील्डर और पूर्व कप्तान मनप्रीत सिंह ने कहा , अगर हम पूल में शीर्ष रहते हैं तो एक मैच कम खेलेंगे जो अच्छा होगा। हम अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाकर रणनीति पर अमल करने की कोशिश करेंगे।

भारत के लिए चिंता का सबब पेनल्टी कॉर्नर है। अब तक मिले नौ पेनल्टी कॉर्नर से भारतीय टीम सीधे गोल नहीं कर सकी है। अमित रोहिदास ने स्पेन के खिलाफ गोल किया था लेकिन हरमनप्रीत सिंह की ड्रैग फ्लिक नाकाम रहने के बाद रिबाउंड पर वह गोल हुआ था। ड्रैग फ्लिकर और कप्तान हरमनप्रीत का खराब फॉर्म भारत की चिंता का विषय बना हुआ है जो स्पेन के खिलाफ पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल भी नहीं कर सके थे। भारत को फील्ड गोल करने के मौके भी भुनाने होंगे। मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा , मौके गंवाने से हमें बचना होगा। वेल्स के खिलाफ हमें भारी अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। मैच से पहले भारत को झटक लगा है क्योकि मिडफील्डर हार्दिक सिंह चोट के कारण यह मैच नहीं खेल सकेंगे। वह क्रॉसओवर या क्वार्टर फाइनल तक ही फिट हो पाएंगे।उनकी जगह विवेक सागर प्रसाद खेलेंगे। दूसरी ओर दोनों मैच हार चुकी वेल्स की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है और प्रतिष्ठा के लिए ही खेलेगी।

### महिला हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 7-0 से हराया

**केपटाउन (भाषा)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर एक और शानदार जीत दर्ज करते हुए मेजबान टीम को दूसरे मैच में 7-0 से हराया और लंबे समय बाद टीम में लौटी रानी रामपाल ने फिर गोल किया। पहले मैच में 5-1 से जीत दर्ज करने वाली एफआईएच नेशंस कप चैम्पियन भारतीय टीम ने उसी लय को कायम रखा। उदिता ने नौवे मिनट में पहला गोल किया। गोलकीपर सविता की अगुवाई वाली टीम ने दूसरे क्वार्टर में दक्षिण अफ्रीका पर और दबाव बनाया। वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने 22वें मिनट में दूसरा गोल किया। इसके बाद पूर्व कप्तान रानी ने फील्ड गोल किया जो छह महीने बाद टीम में लौटी हैं। दूसरे क्वार्टर के आखिर में भारत की बढत छह गोल की हो गई जब संगीता कुमारी, नवनीत कौर और वंदनक्ष कटारिया ने 25वें, 26वें और 27वें मिनट में गोल दागे। तीसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं हो सका लेकिन वंदना ने चौथे क्वार्टर में 58वें मिनट में गोल किया। भारत को अब बृहस्पतिवार को अगला मैच खेलना है।

## जमशेदपुर को 3-0 से हराकर बेंगलुरु ने प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा



**आईएसएल**

**भाषा।** जमशेदपुर

**बेंगलुरू** एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में बुधवार को यहां जमशेदपुर एफसी को 3-0 से हराकर जीत की हैट्रिक पूरी करने के साथ प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें बरकरार रखी।

बेंगलुरु की जीत में मिडफील्डर रोहित कुमार (सातवें), भारतीय मूल के फिजी के रॉय कृष्णा (34वें) और शिव नारायण (62वें मिनट में) ने गोल दागे। लगातार तीसरी जीत के बाद बेंगलुरु की टीम आठवें से सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं और वे प्लेऑफ के लिए जरूरी अंतिम स्थान पर मौजूद एफसी गोवा से एक अंक पीछे है। बेंगलुरू एफसी के 15 मैचों में छह जीत, एक ड्रा और आठ हार से 19 अंक हो गए है। आज की हार के बाद जमशेदपुर की टीम दसवें स्थान पर बनी हुई हैं। जमशेदपुर एफसी के 15 मैचों में दो जीत, तीन ड्रा और दस हार से नौ अंक हैं।